सूर्योदय 5:36 सूर्यास्त 7:00

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 21.8 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,913 |
| निफ्टी | 23,997 |
| सोना 1,48,652 | चांदी 2,36,882 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 2 मई 2026 | 19 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 123, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइंया से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने प्रेस वार्ता में फर्जी पासपोर्ट और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज पेश किए, जिसके बाद गुवाहाटी में मामला दर्ज हुआ। गुवाहाटी उच्च न्यायालय से राहत न मिलने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग और विदेश यात्रा से पहले अनुमति लेने का निर्देश दिया है। (अनंत ज्ञान)



### अब अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी शाम 6 बजे से



**एजेंसी, अमृतसर।** अमृतसर स्थित भारत-पाकिस्तान अटारी बॉर्डर पर होने वाली प्रसिद्ध रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया गया है। नए निर्णय के अनुसार अब रिट्रीट सेरेमनी शाम 6 बजे से शुरू होकर 6:30 बजे तक चलेगी। इससे पहले रिट्रीट 5:30 बजे शुरू होकर 6 बजे खत्म हो रही थी। मौसम और दिन की घटती-बढ़ती रोशनी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। अधिकारियों का कहना है कि दर्शकों को बेहतर अनुभव देने और सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए समय में यह बदलाव जरूरी था। (अनंत ज्ञान)

### चीन में 14 साल के किशोर को उम्रकैद

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन की एक अदालत ने 14 वर्षीय किशोर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपी किशोर को अपनी महिला सहपाठी से दुष्कर्म और हत्या का दोषी पाया गया है। आरोपी की पहचान जियांग उपनाम वाले छात्र के तौर पर हुई है। वह दक्षिण पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत के कुजिंग शहर के लुओपिंग काउंटी का निवासी है। उसने पिछले साल जुलाई में अपनी 15 वर्षीय सहपाठी को एक रात तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में नेताओं और अफसरों की संपत्ति की होगी जांच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नेपाल की नई सरकार ने भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह, जो पहले रैपर रहे हैं, ने पूर्व और वर्तमान नेताओं व अधिकारियों की संपत्ति की जांच के लिए एक पैनल गठित किया है। इस पहल का उद्देश्य देश में पारदर्शिता बढ़ाना और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करना है। 35 वर्षीय बालेंद्र शाह हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री बने हैं। उनकी पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- विविधता में एकता भारत की असली शक्ति : राज्यपाल -पेज 2
- सीवरेज लीकेज व जाम पार्किंग से जूझता धर्मशाला शहर -पेज 4
- चुनावों के मद्देनजर मंडी में हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध -पेज 9

# कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ महंगा

## 19 किलो वाला सिलेंडर 993 और 5 किलो वाला 261 रुपए बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर (19 किलोग्राम) की कीमत में एक मई से 993 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इससे कारोबारियों के लिए कुकिंग फ्यूल की लागत में बड़ा इजाफा हुआ है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत 2,078.50 रुपए से बढ़कर 3,071.50 रुपए हो गई है। मुंबई में भी कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़कर 2,031 रुपए से 3,024 रुपए हो गए हैं। वहीं, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह ताजा बढ़ोतरी 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद तीसरी बार हुई है। इससे पहले मार्च में 144 रुपए और एक अप्रैल को करीब 200 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जिसके बाद अब यह बड़ी वृद्धि हुई है। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इस बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर रेस्टोरेंट, ढाबों और उन व्यवसायों पर पड़ेगा जो रोजमर्रा के काम में एलपीजी का इस्तेमाल करते हैं। माना जा रहा है कि कारोबारी इस बढ़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकते हैं। इससे बाहर खाना और फूड डिलीवरी महंगी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### रसोई गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



### कमर्शियल गैस सिलेंडर के नए रेट

- दिल्ली में 3,071.50 रुपए।
- कोलकाता में 3,202 रुपए।
- मुंबई में 3,024 रुपए।
- चेन्नई में 3,237 रुपए।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर


**वैश्विक** ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने 1 मई से अगले पखवाड़े के लिए डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क में बदलाव किया है। जबकि पेट्रोल पर निर्यात शुल्क शून्य ही रखा गया है। डीजल के निर्यात पर शुल्क 23 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है। इसमें पूरा हिस्सा विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) का है और रोड व इंफ्रास्ट्रक्चर सेस (आरआईसी) शून्य रखा गया है। एटीएफ के निर्यात पर 33 रुपए प्रति लीटर शुल्क लगेगा, जो पूरी तरह एसएईडी होगा। वहीं, पेट्रोल के निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। वित्त मंत्रालय की गजट अधिसूचना के अनुसार ये नई दरें एक मई से लागू हो गई हैं।

## युवाओं के लिए होंगे 500 कैंपस साक्षात्कार : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान**

- युवाओं को सम्मानजनक रोजगार व कौशल देने पर सरकार का फोकस
- आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में ठोस पहल, युवाओं के सपनों को मिलेगा संबल

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं छिपी हुई हैं और उन्हें सही दिशा, मार्गदर्शन तथा अवसर मिलते ही वे अपने सपनों को साकार करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है।



मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा है कि वर्ष 2026-27 में प्रदेशभर में 500 कैंपस साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे, ताकि शिक्षण संस्थानों से निकल रहे युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और उद्योगों के साथ उनका सीधा संवाद स्थापित होगा, जिससे रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि युवाओं के कौशल का समग्र विकास करना भी है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश और देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से हिमाचल के युवाओं को नई दिशा मिलेगी और राज्य की प्रगति को नई गति प्राप्त होगी।

## चंबा में फिर टूटा ग्लेशियर लोगों ने भागकर बचाई जान

**अनंत ज्ञान**



**चंबा।** चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले बैरागढ़-साचपास-किलाड़ मार्ग पर सतरूंडी के समीप कार्थनाला में एक बार फिर ग्लेशियर टूटने की घटना सामने आई है। सड़क बहाली कार्य के दौरान अचानक पहाड़ी से भारी ग्लेशियर गिरने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, हालांकि बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग की टीम दोपहर करीब दो बजे पहले से गिरे हिमखंड को हटाकर सड़क खोलने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान अचानक एक और विशाल ग्लेशियर टूटकर सड़क पर आ गिरा। स्थिति को देखते हुए मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत मशीनरी हटाकर सुरक्षित स्थान की ओर भागकर अपनी जान बचाई। ग्लेशियर गिरने से सड़क बहाली का काम फिर से बाधित हो गया है और मार्ग एक बार फिर बंद हो गया है। अब विभाग को दोबारा मलबा और बर्फ हटाकर सड़क खोलने की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।


## शिमला में गर्मी की छुट्टियां बिताकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली रवाना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** गर्मी की छुट्टियां बिताकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को शिमला से दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं। उन्होंने अन्नाडेल से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इससे पहले राष्ट्रपति शिमला स्थित से आरट्रैक पहुंचीं। आरट्रैक में सेना के एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वह दिल्ली लौट गई हैं। इस दौरान हिमाचल के गवर्नर कविंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रपति पिछले पांच दिनों से शिमला के समीप छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास 'रिट्रीट' में रुकी हुई थी। हिमाचल में उनका अटल टनल रोहतांग, सिस्सू और 30 अप्रैल को एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी पालमपुर का दौरा प्रस्तावित था। मगर, वह दोनों जगह खराब मौसम के कारण नहीं जा सकी और उनका दौरा रद्द करना पड़ा।

## जम्मू के बनतालाब में पुल गिरा 5-6 मजदूर दबे, एक की मौत

**एजेंसी, श्रीनगर**



जम्मू के बनतालाब में शुक्रवार को पुल गिरने से 5 से 7 लोग दब गए। वहीं, एक की मौत हो गई है। पुलिस, सेना और स्थानीय प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई हैं। मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मलबे से अब तक 3 मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है। भाजपा विधायक शाम लाल शर्मा ने बताया कि अभी 3 मजदूर मलबे में दबे हुए हैं। यहां मरम्मत का काम चल रहा था।

भाजपा विधायक ने कहा कि यह पुराना पुल है जिसकी नींव कमजोर हो गई थी। नींव को मजबूत करने के लिए टेंडर जारी कर काम शुरू किया गया था। खुदाई के दौरान ऊपर से गुजरने वाली किसी गाड़ी की वजह से यह पुल गिर गया। अधिकारियों का कहना है कि रेस्क्यू का काम पूरा होने के बाद ही हादसे की असली वजह पता चल पाएगी। (अनंत ज्ञान)

## ईरान पर हाइपरसोनिक मिसाइलों से हमला कर सकता है अमेरिका

- बचे हुए ईरानी नेता टारगेट पर

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अमेरिका द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइलों के संभावित इस्तेमाल को लेकर गंभीर सैन्य योजना पर चर्चा की खबर सामने आई है। रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी सेंट्रल कमान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान पर संभावित कार्रवाई के कई विकल्प प्रस्तुत किए हैं। इन विकल्पों में सीमित, लेकिन अत्यंत शक्तिशाली हमला शामिल बताया गया है, जिसमें ईरान की बची हुई सैन्य क्षमताओं, शीर्ष नेतृत्व और महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका रक्षा विभाग नए और उन्नत हथियारों के उपयोग पर विचार कर रहा है। इनमें 'डार्क ईगल' नामक हाइपरसोनिक मिसाइल शामिल है, जिसकी मारक क्षमता लगभग 3200 किलोमीटर तक बताई जाती है और यह बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों को निशाना बना सकती है। हालांकि, इस पूरे मामले पर आधिकारिक स्तर पर विस्तृत पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन क्षेत्र में तनाव और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी को देखते हुए स्थिति पर नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)





## स्ट्रॉन्ग रूम पर ममता का पहरा, 4 घंटे तक डटी रहीं

**एजेंसी, कोलकाता**



- बोलीं-ईवीएम कक्षों में छेड़छाड़ की आशंका

पश्चिम बंगाल में मतगणना से पहले सियासी माहौल बेहद गरम हो गया है। एग्जिट पोल के नतीजों के बाद सभी दलों की धड़कनें तेज हैं। इसी बीच भवानीपुर स्थित स्ट्रॉन्ग रूम को लेकर विवाद गहरा गया है और इसे लेकर रात में तनाव की स्थिति बन गई।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद भवानीपुर के स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचीं और करीब चार घंटे तक वहीं मौजूद रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों से गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही हैं और ईवीएम से जुड़े सुरक्षित कक्षों में छेड़छाड़ की आशंका है। ममता बनर्जी ने कहा कि उन्होंने जब फुटेज देखा तो स्थिति की जांच के लिए खुद वहां जाने का निर्णय लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरुआत में उन्हें अंदर जाने से रोका गया, जबकि नियमों के अनुसार उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों को सीलबंद कक्ष तक पहुंच की अनुमति होती है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी के एक एजेंट को गिरफ्तार किया गया है और चुनाव प्रक्रिया में एकतरफा रवैया अपनाया जा रहा है। ममता बनर्जी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मतगणना में किसी भी तरह की गड़बड़ी की कोशिश हुई तो वे पूरी ताकत से विरोध करेंगी। (अनंत ज्ञान)

## एमपी के क्रूज हादसे में अब तक मिले 9 शव

### जबलपुर में 4 साल के बेटे को छाती से चिपकाए मिली मां

**एजेंसी, जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम करीब 5 बजे पर्यटन विभाग का एक क्रूज अचानक आई तेज आंधी के चलते डूब गया। अब तक 9 शव मिल चुके हैं। प्रशासन के मुताबिक, 28 लोगों को बचा लिया गया है। तीन बच्चों सहित 4 लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज में लगभग 43 से 47 पर्यटक थे। टिकट सिर्फ 29 लोगों की कटी थी।

हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ, जिस समय क्रूज डूबा, उस वक्त हवा की रफ्तार 74 किलोमीटर प्रतिघंटा थी। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल मिश्रा के मुताबिक, एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ। वहीं, हादसे में मरीना मैसी और उनके चार साल के बेटे त्रिशान की भी मौत हो गई। बचाव दल को शुक्रवार सुबह दोनों के शव मिले। मां ने अपनी ही लाइफ जैकेट के भीतर अपने कलेजे के टुकड़े को समेट लिया था। उसने बच्चे को अपने सीने से इतनी मजबूती से चिपकाया था। रेस्क्यू टीम ने जब उन्हें बाहर निकाला, तो दोनों के शव एक-दूसरे को बाहों में जकड़े हुए थे। (अनंत ज्ञान)





### मृतकों के परिजनों को दो दो लाख व घायलों को 50 50 हजार देने की घोषणा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं और वे दोपहर 4 बजे जबलपुर पहुंच सकते हैं।



## ग्रीन हाउस गैसों ने बढ़ाया धरती का तापमान

### वैज्ञानिकों ने चेताया-उत्सर्जन नहीं रुका तो बिगड़ेंगे और हालात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जलवायु परिवर्तन आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है। इसका अर्थ है लंबे समय तक पृथ्वी या किसी क्षेत्र की औसत मौसम स्थितियों में स्थायी बदलाव, जिसमें तापमान, वर्षा, सूखा और मौसम के पैटर्न में परिवर्तन शामिल हैं।

मौसम और जलवायु में अंतर समझना जरूरी है। मौसम किसी दिन या कम समय की स्थिति को दर्शाता है, जबकि जलवायु कई वर्षों के औसत मौसम को बताती है। उदाहरण के तौर पर किसी क्षेत्र में कुछ दिनों की बारिश उसके दीर्घकालीन जलवायु स्वरूप को नहीं बदलती। वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी की जलवायु हमेशा बदलती रही है, लेकिन वर्तमान में यह बदलाव असामान्य रूप से तेज हो गया है। पिछले 100 वर्षों में वैश्विक तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और हाल के वर्ष सबसे गर्म रहे हैं। इस तेजी से हो रहे बदलाव का मुख्य कारण ग्रीनहाउस गैसों में बढ़ोतरी है। कोयला, पेट्रोल और डीजल का उपयोग, उद्योगों का विस्तार और जंगलों की कटाई से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी गैसें वातावरण में बढ़ रही हैं। ये गैसें सूर्य की गर्मी को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है।

इसके परिणामस्वरूप समुद्र स्तर में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, लू, सूखा और बाढ़ जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** | सरकार बोली-यह अधिकार नहीं, विशेषाधिकार, अब ऑनलाइन होगा आवेदन

## केंद्र सरकार ने नागरिकता नियमों में किए बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- नाबालिग एक साथ नहीं रख सकेंगे भारतीय और विदेशी पासपोर्ट



गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को सिटिजनशिप (संशोधन) नियम, 2026 लागू कर दिए हैं। नए नियमों के तहत अब ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन करना होगा। साथ ही फिजिकल कार्ड के साथ ई-ओसीआई दस्तावेज की भी सुविधा दी गई है, जिससे प्रक्रिया ज्यादा सरल और डिजिटल हो जाएगी। नए नियमों में साफ किया गया है कि कोई नाबालिग एक साथ भारतीय और विदेशी पासपोर्ट नहीं रख सकता। यह प्रावधान दोहरी नागरिकता से जुड़े मामलों में स्पष्टता लाने के लिए जोड़ा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि ओसीआई स्टेटस एक विशेषाधिकार है, अधिकार नहीं। यदि कोई धारक भारतीय कानूनों का उल्लंघन करता है, तो उसका ओसीआई रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### ओसीआई से मिलती हैं ये सुविधाएं

**ओसीआई** कार्डधारकों को भारत में आजीवन मल्टीपल एंट्री वीजा, आर्थिक और शैक्षणिक सुविधाएं मिलती हैं। हालांकि, सरकार ने दोहराया है कि ओसीआई धारकों को वोटिंग या संवैधानिक पदों जैसे राजनीतिक अधिकार नहीं मिलते।

### सख्त किए गए हैं रद्द करने के नियम

**सरकार** ने पहले ही नियम सख्त करते हुए कहा था कि यदि किसी ओसीआई धारक को 2 साल या उससे अधिक की सजा होती है या 7 साल या उससे ज्यादा सजा वाले अपराध में चार्जशीट होती है, तो उसका रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है।

### 2005 में शुरू हुई थी ओसीआई योजना

**ओसीआई** योजना 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन के जरिए शुरू की गई थी। इसके तहत भारतीय मूल के लोगों को ओसीआई के रूप में रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी जाती है। हालांकि, पाकिस्तान या बांग्लादेश से जुड़े लोगों को इसमें शामिल नहीं किया जाता।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक सुदर्शन ने सीएम कोष में दिए 1 लाख



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए एक लाख रुपये का चेक भेंट किया। यह चेक उन्होंने शिमला में मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए यह एक छोटा सा प्रयास है और समाज के सक्षम लोगों को भी इस प्रकार के कार्यों में आगे आना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस सहयोग के लिए विधायक सुदर्शन सिंह बाबलू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष प्रदेश के जरूरतमंद लोगों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है। उन्होंने कहा कि ऐसे योगदान से आपदा और संकट के समय प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में मदद मिलती है।

### सीटू मजदूर यूनियनों ने मनाया मई दिवस



**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** पहली मई को सीटू से संबंधित सभी यूनियनों ने झाकड़ी, दत्तनगर, बिथल, नीरथ, नाथपा व किसान मजदूर भवन चाटी में मई दिवस मनाया। मई दिवस के अवसर पर मज़दूरों ने मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, जन विरोधी और राष्ट्र विरोधी मोदीनीत एनडीए सरकार के खिलाफ आने वाले समय में आंदोलन तैयार करने का प्रण लिया। इस अवसर पर मजदूरों को संबोधित करते हुए हिमाचल किसान सभा राज्य महासचिव राकेश सिंघा, सीटू जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, राहुल विद्यार्थी, प्रेम चौहान, मिलाप नेगी, गुरदास, काम राज, दिनेश मेहता, राजपाल, प्रमोद, तिलक, सुनील जीस्टू, परस राम, मंजीत,ललिता, सुनामणि, जतिन व पवन बिष्ट ने कहा कि आज हम शिकागो के उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते है, जिन्होंने 8 घंटे के कार्य दिवस और मज़दूर वर्ग के अधिकारों को स्थापित करने के संघर्ष में अपने प्राणो की आहुति दी। मजदूर नेताओं ने कहा कि हम मजदूर दिवस ऐसे समय में मना रहे हैं जब देश का मजदूर मोदी सरकार की मजदूर विरोधी व आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तैयार करने के लिए कमर कस रहा है।

### कांग्रेस ने नगर निगम के लिए 7 प्रत्याशी किए घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव समिति ने मंडी नगर निगम चुनाव के लिए छह प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। जारी सूची के अनुसार वार्ड 4 नेला से नरवदा मोहन, वार्ड 6 सन्यार्डी से विनोद कुमार, वार्ड 7 तल्याहड़ से रूपेश कुमार, वार्ड 9 पैलेस-2 से विनय शर्मा, वार्ड 12 भगवान मोहल्ला से तजिंदर सिंह तथा वार्ड 15 ढोंडी से अंजय कुमारी को पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने सोलन नगर निगम के लिए भी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने वार्ड 6 से सत्या वर्मा को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया है।

# सेब बेल्ट में ओलावृष्टि का कहर

## बागवानों की टूटी उम्मीदें, कुलदीप राठौर ने नुकसान का मांगा मुआवजा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** ऊपरी शिमला के सेब बहुल क्षेत्रों में पिछले डेढ़ महीने से जारी ओलावृष्टि ने बागवानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। सेब की फ्लावरिंग से लेकर सेटिंग और शुरुआती फल बनने की प्रक्रिया तक भारी नुकसान हुआ है। बागों में लगी सुरक्षा जालियां तक टूटकर गिर गई हैं, जिससे अब बचाव के साधन भी बेअसर साबित हो रहे हैं। खेतों में खड़ी अन्य फसलें भी इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आकर तबाह हो चुकी हैं। स्थिति यह है कि बागवानों के लिए अब लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।

खाद, दवाइयों और अन्य कृषि उपकरणों की कीमतें पहले ही आसमान छू रही थीं, ऐसे में मौसम की मार ने आर्थिक संकट को और गहरा कर दिया है। कई स्थानों पर जालियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे भविष्य की फसल भी खतरे में पड़ गई है। इसी गंभीर हालात के बीच ठियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने



शिमला में पत्रकार वार्ता करते विधायक कुलदीप सिंह राठौर। अनंत ज्ञान

एक बार फिर बागवानों और किसानों के पक्ष में आवाज बुलंद की है। शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को तत्काल प्रभाव से नुकसान का आकलन करवाकर

**◆ विधायक ने कर्ज, एमआईएस भुगतान और आयात नीति पर भी उठाए सवाल**

प्रभावितों को राहत प्रदान करनी चाहिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राजस्व अधिकारियों के माध्यम से वास्तविक स्थिति का आकलन कराया जाए। राठौर ने बागवानी मंत्री से भी अनुरोध किया कि मुआवजा शीघ्र जारी किया जाए, ताकि किसानों और बागवानों को आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन किसानों ने ऋण लिया हुआ है, उनकी किस्तों में फिलहाल राहत दी जानी चाहिए। साथ ही एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब का बकाया भुगतान एचपीएमसी द्वारा छोटे बागवानों को जल्द दिया जाए, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति कुछ संभल सके।

### केंद्र से की मदद की मांग

**उन्होंने** व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी को भी महंगाई का बड़ा कारण बताया। राठौर ने कहा कि केंद्र से आर्थिक सहायता बंद होने के कारण प्रदेश वित्तीय दबाव में है और सभी सांसदों को राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के हित में केंद्र से मदद की मांग करनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सेब के आयात शुल्क का मुद्दा कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी, ताकि स्थानीय बागवानों को संरक्षण मिल सके।

# हिमाचल में बसने का करता है मन: राष्ट्रपति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिमला स्थित अपने ग्रीष्मकालीन प्रवास के दौरान हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण की सराहना करते हुए राज्य के प्रति अपना विशेष लगाव व्यक्त किया। 'एट होम' कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि उनका मन करता है कि वे यहां जमीन लेकर बस जाएं।



**◆ द्रौपदी मुर्मू को भायीं पहाड़ की शांत वादियां**

राष्ट्रपति ने कहा कि मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास परिसर में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, जहां लोगों की सुविधा के लिए बेहतर ढंग से विकास किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यहां इनडोर सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि प्रतिकूल मौसम में भी गतिविधियां बिना किसी बाधा के संचालित हो सकें और आगंतुकों को असुविधा न हो। हालांकि, उनका हिमाचल दौरा पूरी तरह से मौसम की मार से अछूता नहीं रह सका।

खराब मौसम के चलते उन्हें अटल टनल रोहतांग के रास्ते मनाली जाने का कार्यक्रम और हिमाचल प्रदेश कृषि विवि पालमपुर का दौरा रद्द करना पड़ा, जिससे पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में बदलाव करना पड़ा।

### कहा- भविष्य में फिर से आऊंगी हिमाचल

**राष्ट्रपति** मुर्मू ने यह भी स्वीकार किया कि मौसम की अनिश्चितता के बावजूद उनका उत्साह कम नहीं हुआ है और भविष्य में वे फिर से इन स्थलों का दौरा करने की इच्छुक हैं। उन्होंने हिमाचल के प्राकृतिक वैभव और यहां के सौहार्दपूर्ण माहौल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश देश के सबसे सुंदर और शांत क्षेत्रों में से एक है, जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है।

# तारा देवी में 5, 13, 19 और 29 मई को होंगे ड्राइविंग टेस्ट

अनंत ज्ञान

**◆ इस माह होने वाले ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी**

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में मई महीने के लिए वरिष्ठ मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) का प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, जिसके तहत ड्राइविंग टेस्ट की तिथियां और स्थान निर्धारित किए गए हैं। इस कार्यक्रम के अनुसार तारा देवी (शिमला) केंद्र पर विभिन्न तिथियों में ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे, जहां अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।

जारी कार्यक्रम के मुताबिक तारा देवी में 5 मई, 13 मई, 19 मई और 29 मई को ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे, जबकि पासिंग तिथियां इससे एक दिन पहले या उसी क्रम में निर्धारित की गई हैं। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यहां ड्राइविंग टेस्ट केवल सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही आयोजित होंगे, ताकि प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिला के अन्य क्षेत्रों में भी अलग-अलग तिथियों पर ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। ठियोग में 22 मई, कोटखाई में 2 मई, जुब्बल में 11 मई, चौपाल में 14 मई, सुन्नी में 30 मई और रोहड़ू में 21 मई को ड्राइविंग टेस्ट निर्धारित किए गए हैं। इन सभी स्थानों पर स्थानीय स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। परिवहन विभाग ने संबंधित अधिकारियों और पुलिस प्रशासन को आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ड्राइविंग टेस्ट के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# शिमला में कृषि अनुसंधान को मिलेगी नई दिशा

## डॉ. मंगी लाल जाट ने जीन संपादन उत्कृष्टता केंद्र का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय कृषि अनुसंधान प्रणाली को नई ऊर्जा देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एवं कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. मंगी लाल जाट ने केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया। उनके साथ पुष्प, सब्जी, मसाला एवं औषधीय पौधों के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडे भी उपस्थित रहे। इस दौरान संस्थान में संग्रहालय तथा 'जीन संपादन उत्कृष्टता केंद्र' का उद्घाटन किया गया, जिससे अत्याधुनिक अनुसंधान को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पूर्वाह्न सत्र में डॉ. जाट ने संस्थान की विभिन्न उन्नत प्रयोगशालाओं और अनुसंधान




सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिनमें एरोपोनिक्स इकाई, पौध संरक्षण प्रयोगशालाएं, बीज एवं उपरांत फसल प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाएं, आलू जर्मप्लाज्म भंडार तथा जीन संपादन प्रयोगशालाएं शामिल रहीं। इसके उपरांत संस्थान के सभागार में वैज्ञानिकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और क्षेत्रीय कर्मियों के साथ संवाद आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों और गतिविधियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

अपने संबोधन में डॉ. जाट ने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए अनुसंधान नैतिकता, सुदृढ़ आंकड़ा प्रबंधन, प्रशासनिक दक्षता तथा व्यवहार विज्ञान की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने पोषक तत्व दक्ष किस्मों के विकास, कृषि क्षेत्र में विद्यार्थियों के अवसरों और विभिन्न नीतिगत पहलुओं जैसे अनुसंधान डेटा प्रबंधन नीति, संचार रणनीति, लैंगिक समावेशन तथा प्रभाव मूल्यांकन प्रणाली पर भी प्रकाश डाला।

# नगर निगम चुनाव में बेहतर तैयारी से आगे बढ़ी भाजपा

## समय से पहले टिकट और बड़े नेताओं की सक्रियता से दिलचस्प हुआ सियासी मुकाबला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के नगर निगम चुनावों को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं और इस बार मुकाबला पहले से अधिक संगठित और रणनीतिक नजर आ रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने समय से पहले तैयारियों और बहुस्तरीय संगठनात्मक ढांचे के साथ चुनावी मैदान में बढ़त बनाने का प्रयास किया है, जबकि कांग्रेस भी अपने स्तर पर समीकरण साधने में जुटी हुई है।

शुरुआती संकेतों में भाजपा की सक्रियता अधिक दिखाई दे रही है, लेकिन चुनावी परिणाम अंततः जमीनी मुद्दों और मतदाताओं के रुझान पर निर्भर करेंगे। सूत्र बताते हैं कि है भाजपा ने 64 में से 63 वार्डों में प्रत्याशियों की घोषणा कर तेज शुरुआत की है, जिससे संगठनात्मक स्पष्टता का संदेश गया है। हालांकि सोलन नगर निगम के एक वार्ड में प्रत्याशी घोषित होना शेष है और कुछ स्थानों पर असंतोष की आवाजें भी सामने आई हैं। पार्टी ने इन



स्थितियों को संभालने के लिए वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय किया है। दूसरी ओर कांग्रेस में कुछ क्षेत्रों में उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया अभी जारी है, लेकिन पार्टी स्थानीय स्तर पर अपने समर्थन आधार को मजबूत करने की कोशिश कर रही है। चुनावी रणनीति के तहत भाजपा ने थ्री-टियर मॉडल अपनाया है, जिसमें प्रदेश, जिला और वार्ड स्तर पर अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गई हैं। इससे चुनाव प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही सभी वार्डों में प्रभारी नियुक्त करने की तैयारी भी संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय बनाने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

प्रचार अभियान में भी भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतारा है, जिनमें राजीव बिंदल, जयराम ठाकुर, अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप और सिकंदर कुमार जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और मतदाताओं तक पार्टी की बात पहुंचाने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं कांग्रेस भी अपने वरिष्ठ नेताओं और स्थानीय नेतृत्व के सहारे चुनावी माहौल बनाने में लगी है।

धर्मशाला और मंडी जैसे क्षेत्रों में भाजपा ने एकजुटता का प्रदर्शन किया है, जबकि शिमला और सोलन में मुकाबला अपेक्षाकृत अधिक प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा की रणनीति संगठित जरूर है, लेकिन अंतिम परिणाम स्थानीय मुद्दों, प्रत्याशियों की स्वीकार्यता और मतदाता सहभागिता पर निर्भर करेगा। संगठनात्मक तैयारियों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीनों से पूरे प्रदेश में पार्टी का ढांचा तेजी से खड़ा किया जा रहा है।

### संतुलन-जनमत की कसौटी पर होगा अंतिम फैसला

**कुल** मिलाकर, नगर निगम चुनाव इस बार जनविश्वास की कसौटी भी बनते जा रहे हैं। जहां भाजपा अपनी तैयारियों के बल पर बढ़त बनाने की कोशिश में है, वहीं कांग्रेस और अन्य दल भी मुकाबले को रोचक बनाए हुए हैं। अब नजर इस बात पर टिकी है कि मतदाता किसे अपना समर्थन देते हैं और यह सियासी रणनीतियां मतपेटियों में किस रूप में बदलती हैं।

# 50 अनुसंधानार्थियों का ऐतिहासिक वायसराय भवन में विरासत और ज्ञान से हुआ साक्षात्कार



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमैनिटी फाउंडेशन, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के तत्वावधान में 50 अनुसंधानार्थियों ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला का शैक्षणिक भ्रमण किया। संयोजक नेक राम तथा सह-संयोजक आशीष और नीतिका के नेतृत्व में दल ने ऐतिहासिक वायसराय भवन की विरासत, स्थापत्य और शैक्षणिक महत्व को निकट से समझा। भ्रमण के दौरान अनुसंधानार्थियों ने संस्थान के विभिन्न पहलुओं का अवलोकन करते हुए मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में इसके योगदान पर चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने संस्थान के निदेशक से भेंट कर विश्वविद्यालय के अनुसंधानार्थियों के लिए पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह रखा, जिस पर निदेशक ने सकारात्मक सहमति जताते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में अनुसंधानार्थियों ने संस्थान के विद्वानों के साथ संवाद कर अपने अनुभव साझा किए और इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक बताया। यह पहल अनुसंधानार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों से जोड़ने और उनके अध्ययन को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# 'आप' का हिमाचल में पंजाब मॉडल लागू करने का ऐलान

## जनता के लिए मुफ्त सुविधाओं और पारदर्शी शासन का वादा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, किन्नौर/शिमला। हिमाचल प्रदेश की सियासत में तीसरे विकल्प के तौर पर आम आदमी पार्टी ने जोरदार एंट्री का संकेत देते हुए पंजाब मॉडल को लागू करने का बड़ा ऐलान किया है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी ऋतुराज झा ने किन्नौर के रिकांगपिओ में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और 'काम की राजनीति' को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि जिस तरह पंजाब में व्यवस्था में परिवर्तन हुआ है, उसी तरह हिमाचल में भी आम आदमी पार्टी को अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पार्टी हिमाचल में 300 यूनिट मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिकों की स्थापना, 10 लाख रुपए तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और



पत्रकार वार्ता को करते आम आदमी पार्टी के राज्य प्रभारी। अनंत ज्ञान

भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था जैसे वादों को प्राथमिकता से लागू करेगी। इसके साथ ही सड़कों के जाल को मजबूत करने और महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं पर भी जोर दिया जाएगा, ताकि हर वर्ग को सीधा लाभ मिल सके।

ऋतुराज झा ने कांग्रेस और भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि दोनों दलों ने बारी-बारी से सत्ता में रहकर केवल 'लूट की राजनीति' की है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की 80 प्रतिशत से अधिक जनता अब इन पारंपरिक दलों से छुटकारा चाहती है और आम आदमी पार्टी को एक मजबूत विकल्प के रूप में देख रही है।

**कार्यक्रम** लोक भवन शिमला में गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस पर गरिमामयी समारोह का आयोजन

# विविधता में एकता भारत की असली शक्ति: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी के लोक भवन में गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस के अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक विविधता के रंगों के बीच राष्ट्रीय एकता का सशक्त संदेश उभरकर सामने आया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने हिमाचल में रह रहे दोनों राज्यों के लोगों को इस अवसर को भाईचारे, सद्भाव और सांस्कृतिक समन्वय के साथ मनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विभिन्न प्रदेशों के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी समझ और सौहार्द को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है, जो देश



समारोह के बाद सम्मानित अतिथियों के साथ राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

को एकता के सूत्र में बांधती है। उन्होंने सभी से 'विविधता में एकता' की भावना को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

**◆ समारोह में गूंजा देश की एकता का संदेश**

कार्यक्रम के दौरान गुजरात और महाराष्ट्र से जुड़े प्रतिभागियों ने राज्यपाल के साथ संवाद स्थापित करते हुए अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और रीति-रिवाजों की जानकारी साझा की। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने न केवल कार्यक्रम को जीवंत बनाया, बल्कि विभिन्न समुदायों के बीच आपसी सम्मान और समझ को भी नई मजबूती प्रदान की।

### अतिथियों का पारंपरिक सम्मान, सौहार्द का संदेश

**समारोह** के अंत में राज्यपाल ने उपस्थित अतिथियों को हिमाचली टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव संदीप भारद्वाज सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने एक बार फिर यह साबित किया कि सांस्कृतिक विविधता ही भारत की एकता की सबसे मजबूत नींव है।

# गोबिंदसागर में जल क्रीड़ाओं से 35 युवाओं को मिला रोजगारः निर्मला

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की फाउंडर, जल सुरक्षा बोर्ड की सदस्य तथा नौणी पंचायत की दो बार प्रधान रहीं **निर्मला राजपूत** ने बिलासपुर में विकास और नवाचार की एक नई मिसाल कायम की है। वर्षों के अथक प्रयासों के बादबीबीएमबी से एनओसी हासिल कर उन्होंने गोबिंदसागर में जल क्रीड़ाओं को पर्यटन से जोड़ने जो साहसिक कदम उठाया है। पेश हैं अनंत ज्ञान के **बिलासपुर जिला प्रभारी अरुण डोगरा 'रीतू'** से हुई उनकी विशेष बातचीत के मुख्यांशः-

*प्रश्नः आपने गोबिंदसागर में जल क्रीड़ाओं की शुरुआत कर एक नया इतिहास रचा है। यह सफर कैसे शुरू हुआ?*

उत्तरः यह सफर आसान नहीं था। कई वर्षों तक लगातार प्रयास करने के बाद 2025 में हमें बीबीएमबी से एनओसी मिली। मेरा उद्देश्य शुरू से ही बिलासपुर को पर्यटन के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना था, और जल क्रीड़ाएं इसके लिए सबसे बेहतर माध्यम थीं।

*प्रश्नः इस उपलब्धि में प्रशासन की क्या भूमिका रही?*

उत्तरः जिला प्रशासन का इसमें अहम योगदान रहा। विशेष रूप से तत्कालीन उपायुक्त पंकज कुमार और आबिद हुसैन सादिक का सहयोग सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था।

*प्रश्नः जल क्रीड़ाओं से स्थानीय युवाओं को क्या लाभ मिला है?*

उत्तरः हमें गर्व है कि इस पहल के माध्यम से बिलासपुर के लगभग 35 युवाओं को रोजगार मिला है। इससे न केवल आर्थिक मजबूती आई है बल्कि युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अवसर भी मिला है।

## आपने गोबिंदसागर में शिकारा और क्रूज चलाने की भी शुरुआत करवाई है, इसके पीछे क्या सोच थी?



**जम्मू-कश्मीर** की तर्ज पर यहां भी पर्यटन को आकर्षक बनाना हमारा उद्देश्य था। शिकारा और क्रूज जैसी सुविधाएं पर्यटकों को एक नया अनुभव देती हैं और क्षेत्र की पहचान को भी बढ़ाती हैं। अब हमारा उद्देश्य यह है कि गोबिंदसागर के पानी को 12 महीने रोकने के लिए एक मिनी बांध का निर्माण करवाया जाए और हमें आशा है कि हम इस कार्य में भी सफल होंगे

जल सुरक्षा बोर्ड की सदस्य निर्मला राजपूत से
**अनंत ज्ञान विशेष बातचीत**

*प्रश्नः आपने किसानों की समस्या को लेकर भी काम किया है, उसके बारे में बताएं।*

उत्तरः जंगली जानवरों से फसलों को काफी नुकसान हो रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए वन विभाग और अदानी फाउंडेशन के साथ मिलकर हमने करीब 20 बीघा भूमि में अभ्यारण्य विकसित करने की योजना बनाई, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

*प्रश्नः पंचायत स्तर पर आपकी प्रमुख उपलब्धियां क्या रही हैं?*

उत्तरः हमने पंचायत क्षेत्र में दो बड़े बोर करवाकर पानी की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया। इसके अलावा सड़कों का निर्माण, आधुनिक सुविधाएं और विकास कार्य लगातार किए गए।

*प्रश्नः मंडी भराड़ी में आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण को लेकर आपकी क्या भूमिका रही?*

उत्तरः यह भी एक महत्वपूर्ण परियोजना थी, जिसमें हमने सक्रिय भूमिका निभाई। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध करवाना था।

*प्रश्नः आपकी पंचायत का कार्यालय भी खास चर्चा में रहा है, क्यों?*

उत्तरः हमारी पंचायत का कार्यालय जिले का पहला ऐसा कार्यालय है जहां सोलर सिस्टम लगाया गया है। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

*प्रश्नः आपको राजनीतिक स्तर पर कितना सहयोग मिला?*

उत्तरः मुझे सभी दलों से सहयोग मिला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, मंत्री राजेश धर्माणी, सांसद अनुराग ठाकुर और विधायक त्रिलोक जमवाल—सभी ने विकास कार्यों में समर्थन दिया। मैंने हमेशा राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा को प्राथमिकता दी है।

*प्रश्नः बिलासपुर में 'जल तरंग महोत्सव' की भी शुरुआत हुई है, इसके बारे में आप क्या कहना चाहेंगी?*

उत्तरः जी हां, यह बिलासपुर के लिए एक ऐतिहासिक पहल रही। वर्तमान उपायुक्त राहुल कुमार के प्रयासों से 2025 में नेशनल लेवल का 'जल तरंग महोत्सव' आयोजित किया गया, जिसमें देशभर की टीमों ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने न केवल बिलासपुर को नई पहचान दी, बल्कि जल क्रीड़ाओं को एक स्थायी मंच भी प्रदान किया। खुशी की बात यह है कि यह महोत्सव अब एक परमानेंट फीचर बन गया है।

*प्रश्नः आगे के लिए आपका विजन क्या है?*

उत्तरः मेरा लक्ष्य है कि बिलासपुर को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाया जाए, जहां रोजगार के अधिक अवसर हों और विकास का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे।

# 4 बीघा भूमि से अफीम के 1,38,655 पौधे किए नष्ट

अनंत ज्ञान



अफीम की खेती को नष्ट करते एसटीएफ।

**ब्यूरो, कुल्लू।** स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा जिला मंडी में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। स्पेशल टास्क फोर्स को सिलसुलहरी, उपतहसील कटौला, जिला मंडी में अफीम की अवैध खेती किए जाने संबंधी गुप्त सूचना प्राप्त हुई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने उक्त स्थान पर दबिश देकर तलाशी अभियान चलाया।

स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा मौके पर की गई गहन तलाशी के दौरान निजी भूमि पर लगभग 4 बीघा (कुल 10 खेत) में अफीम की अवैध खेती पाई गई, जिसमें लगभग 1,38,655 अफीम के पौधे बरामद किए गए, जिन्हें एसटीएफ टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में थाना पधर, जिला मंडी में अवैध खेती में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध एन.डी.पी.एस. अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। स्पेशल टास्क फोर्स कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि इस समन्वित कार्रवाई का उद्देश्य अवैध अफीम की खेती पर प्रभावी रोक लगाना, क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, तथा भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की पुनरावृत्ति को रोकना है।

हिमाचल प्रदेश पुलिस नागरिकों, विशेषकर युवाओं से मुख्यमंत्री द्वारा की गई अपील को दोहराती है कि वे चिट्टा/नशे से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत 112 या नजदीकी पुलिस थाना में दें। सूचना देने वालों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# चुनाव के लिए 41 पर्यवेक्षक नियुक्त

## राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची ने वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी अहम जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान



राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और शहरी निकाय चुनावों की तैयारियों ने अब निर्णायक मोड़ ले लिया है। राज्य चुनाव आयोग ने पारदर्शी, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 41 वरिष्ठ अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में तैनात कर दिया है। यह कदम चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची द्वारा जारी आदेशों के तहत आईएएस, आईएफएस, एचएएस और एचपीएफएस कैडर के अधिकारियों को प्रदेशभर के विभिन्न नगर निकायों और पंचायत क्षेत्रों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी पर्यवेक्षकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे, ताकि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संचालन सुनिश्चित कर सकें।

सभी नियुक्त पर्यवेक्षकों को तत्काल प्रभाव से अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने और शिमला स्थित मुख्यालय से चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश व दस्तावेज प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने पहले से नियुक्त पर्यवेक्षकों में बदलाव करते हुए कई स्थानों पर नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

शहरी निकाय चुनावों के तहत नगर परिषद बिलासपुर और घुमारवीं सहित संबंधित ब्लॉकों में अब एचएएस अधिकारी दीप्ति मंडोत्रा को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पालमपुर, बैजनाथ और पालमपुर ब्लॉक में आईएएस अधिकारी सुनील शर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कुल्लू-मनाली क्षेत्र में आईएएस राजीव कुमार तथा सोलन और कंडाघाट क्षेत्र में दोरजे छैरिंग को जिम्मेदारी दी गई है। धर्मशाला और कांगड़ा क्षेत्र में आईएएस प्रदीप कुमार को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### कड़ी निगरानी से निष्पक्षता सुनिश्चित करने पर फोकस

**चुनाव** आयोग ने इस बार पंचायत और शहरी निकाय चुनावों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने सभी अधिकारियों को निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

### हर स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखने की तैयारी

**प्रशासनिक** स्तर पर की गई यह व्यापक तैनाती चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए कारगर कदम है। पर्यवेक्षकों की सक्रिय भूमिका से मतदान से लेकर मतगणना तक हर चरण पर पैनी नजर रखी जाएगी।

पंचायत चुनावों के लिए भी जिला स्तर पर व्यापक नियुक्तियां की गई हैं। बिलासपुर में रोहित जम्वाल और सुकल्प कुमार शर्मा, चंबा में डी. पाटिल नितिन कुंडलिक, रघुराम, राजेश कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। हमीरपुर, सोलन, सिरमौर और ऊना जिलों में भी वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग ब्लॉकों की निगरानी सौंपी गई है।

लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भी विशेष ध्यान देते हुए अनुभवी अधिकारियों को तैनात किया गया है, ताकि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में भी व्यापक स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है, जिससे हर स्तर पर निगरानी मजबूत बनी रहे।

# व्यवस्था परिवर्तन का राग धरातल पर पूरी तरह बेअसर और खोखला साबितः जयराम

## पूर्व मुख्यमंत्री ने सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली पर किया कड़ा प्रहार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा बार-बार अलापा जा रहा व्यवस्था परिवर्तन का राग अब धरातल पर पूरी तरह बेअसर और खोखला साबित हो रहा है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आ रही भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की खबरें दे रही हैं। कांगड़ा प्रवास के दौरान धर्मशाला से जारी प्रेस बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए पूछा है कि क्या यही वह विश्व स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था है जिसका सपना मुख्यमंत्री जनता को दिखा रहे थे, जहां अस्पतालों के महत्वपूर्ण विभागों पर ताले लटके हैं और गरीब मरीज इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज की हृदय विदारक स्थिति सरकार के दावों की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी है, जहां कार्डियोलॉजी जैसे संवेदनशील विभाग की ओपीडी पर ताला लटका होने के कारण दूर-दराज से आए हृदय रोगी, जिनमें बुजुर्ग महिलाएं और गंभीर बीमार शामिल हैं, बिना जांच और दवा के वापस लौटने को विवश हो रहे हैं। यह विडंबना ही है कि एक तरफ सरकार करोड़ों रुपये कैथ लैब पर खर्च करने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते ओपीडी ही बंद पड़ी है, जिससे जनता का पैसा और स्वास्थ्य दोनों दांव पर लगे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के धर्मशाला मंथन शिविर पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि पता नहीं इनके नेता राहुल गांधी किसको क्या मार्गदर्शन करके चले गए कि अब इनके ही पार्टी के नेता कह रहे हैं तो अंदर घुसने तक नहीं दिया और कार्यकर्ता बाहर मिलने का इंतजार करते रह गए। उन्होंने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के मोर्चे पर भी सरकार की स्थिति बेहद शर्मनाक है, जिसका खुलासा ठियोग पानी घोटाले के रूप में हुआ है।

ठियोग उपमंडल में पिछले साल जल संकट के दौरान जनता की प्यास बुझाने के नाम पर करीब 1.13 करोड़ का बड़ा घोटाला सामने आया है, जिसमें विजिलेंस ने नौ अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया है। इस घोटाले की परतें इतनी गहरी हैं कि रिकॉर्ड में जिन टैंकरों के नंबर दिखाए गए थे, वे वास्तव में स्कूटर, मोटरसाइकिल और कारों के निकले, जिससे साफ पता चलता है कि बिना किसी काम के फर्जी बिल बनाकर सरकारी खजाने को सरेआम चूना लगाया गया।

# एचआरटीसी की बस में 130 ग्राम चिट्टा बरामद

अनंत ज्ञान



### कांगड़ा के गगल में हिरासत में लिया 13 साल का नाबालिग

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गगल थाना क्षेत्र के तहत बनोई पुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर चेकिंग के दौरान अमृतसर से बैजनाथ जा रही एचआरटीसी बस से 130.48 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने एक 13 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा है।

गगल थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया कि सीआईए कांगड़ा की टीम एएसआई मनजीत सिंह के नेतृत्व में बुधवार रात करीब 9 बजे वाहनों की नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान शाहपुर की ओर से आ रही एचआरटीसी बस को रोककर तलाशी ली गई। बस में एक नाबालिग बच्चा अकेला बैठा मिला। पूछताछ में उसकी उम्र 13 वर्ष पाई गई। बच्चे के पास मौजूद भूरा पिट्ठू बैग जब पुलिस ने जांच के लिए खुलवाया, तो उसमें से 130.48 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने खुलासा किया कि यह नशीला पदार्थ उसे अमृतसर में उसके एक रिश्तेदार ने दिया था। रिश्तेदार ने उसे बस में बैठाकर कहा था कि वह आगे चलकर उससे यह सामान ले लेगा। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच मुख्य आरक्षी विकास भट्ट को सौंपी गई है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क और संबंधित रिश्तेदार की तलाश में जुट गई है।

# सीएम के गृह जिले में कांग्रेस की 'प्रतिष्ठा' दांव पर

## जिला परिषद के पिछले छह चुनावों में केवल एक मर्तबा ही मिली कांग्रेस को चेयरमैनी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** पंचायतीराज व्यवस्था का जब से 'थ्री टायर' सिस्टम शुरू हुआ है, जिला परिषद की सरदारी केवल एक मर्तबा कांग्रेस के हिस्से गई है। 6 में से 5 मर्तबा इसके अध्यक्ष का ओहदा हमेशा भाजपा के पास ही रहा है। इस बार क्योंकि मुख्यमंत्री का यह गृह जिला है और जिला परिषद का यह चुनाव अन्य पंचायती राज व्यवस्था के सभी चुनावों के मुकाबले में ज्यादा महत्वपूर्ण रहेगा। कांग्रेस की प्रतिष्ठा इस बार निश्चित रूप में इसीलिए दांव पर इसलिए रहेगी क्योंकि जिला की कांग्रेस राजनीति में जो नेता सत्ता की राजनीति में सक्रिय दिख रहे हैं, उनकी



### कसौटी पर उतने खरे नहीं उतरे ज्यादातर प्रत्याशी

मौजूदगी का भी पता चलेगा।

हालांकि कांग्रेस अपनी तरफ से जिला परिषद सदस्य के चुनाव के लिए कोई सूची जारी करेगी इसकी अभी ज्यादा उम्मीद नहीं है क्योंकि सरकार पहले ही कह चुकी है कि यह चुनाव भाईचारे के और इसमें जिसे चुनाव लड़ना है लड़े, लेकिन भाजपा इस मामले को लेकर जिला परिषद के सभी 19 वार्डों में अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने वाली है। मतलब साफ है कि भाजपा बनाम कांग्रेस की यह स्थिति अब रोचक होने वाली है। हालांकि भाजपा के दरमियान भी इस बार पूर्व वाली परिस्थितियां नहीं हैं यहां उसके नेताओं का जो कुनबा है वह कई गुटों में बांटा हुआ है इसीलिए किस-किस विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक या वहां के नेता किसे चुनावी मैदान में उतारेंगे?

इस पर भी नजर रहेगी, लेकिन अभी तक जो सूचना मिल रही है, उसकी जानकारी यही मिल रही है कि कई वार्डों में खींचतान जारी है। इसका असर कितना पड़ेगा, क्या पर्दे के पीछे प्रतिद्वंद्वी के रूप में कांग्रेस के उम्मीदवार इसका फायदा उठा पाएंगे, यह स्थिति तो अभी उम्मीदवारों की सूची और नामांकन प्रक्रिया के खत्म होने के बाद ही चल पाएगी, मगर जिला परिषद का चुनाव और इसका गठन कांग्रेस के लिए इस बार भाजपा के मुकाबले में ज्यादा महत्वपूर्ण दिख रहा है।

### 1995 में नर्मदा ठाकुर बनीं थी पहली महिला चेयरपर्सन

1995 से लेकर पिछली जिला परिषद तक 6 चुनाव हो चुके हैं और इसमें पहली मर्तबा जब जिला परिषद अस्तित्व में आई थी, तब 1995 में तत्कालीन पूर्व विधायक दिवंगत कर्म सिंह ठाकुर की पत्नी नर्मदा ठाकुर जिला परिषद की पहली महिला चेयरपर्सन बनीं थीं। यह बात अलग है कि उसके बाद या परिवार भाजपा में शामिल हो गया था। लेकिन उसके बाद जितने भी चुनाव हुए हैं पांचों मर्तबा भाजपा के ही कब्जे में जिला परिषद की चेयरमैनी रही। प्यारेलाल शर्मा, सरला शर्मा, राकेश ठाकुर, बबली देवी और बीच में प्यारेलाल के बाद जो कार्यकाल जिला परिषद का रहा उसमें दो महिलाएं आधे आधे कार्यकाल के लिए अध्यक्ष रहीं, लेकिन तब भी यह सीट भाजपा के ही कब्जे में रही थी।

### कुछ तो तीसरी मर्तबा भी चुनाव लड़ने को तैयार

**जिला** परिषद की अध्यक्ष ने इसका गठन या सदस्यों की मौजूदगी पर चर्चा इस बात की होती है कि पंचायतीराज व्यवस्था में हुआ क्या? इस बार कुछ सदस्य तीसरी मर्तबा भी चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। कई दूसरी बार चुनावी दंगल में उतर चुके हैं, लेकिन असल बात यह है कि यदि पंचायती राज व्यवस्था में पिछले कार्यकाल का ही आंकलन यदि कर लिया जाए तो लगभग 100 करोड़ रुपए की राशि तो खर्च ही नहीं हो पाई है। इसमें 46 करोड़ रुपए तो जिला परिषद और पंचायत समिति के कब्जे वाला है। जिला परिषद का मट्टन सिद्ध वाईपास के पास एक शॉपिंग कंपलेक्स बनना था। उसके लिए डेढ़ करोड़ स्वीकृत थे, लेकिन विडंबना यह रही कि 5 साल तक उसका काम शुरू नहीं हो पाया। बातें बड़ी-बड़ी हुईं। जगह की निशानदेही भी हुई, लेकिन टेंडर नहीं हो पाया।

# करंट लगने से किसान की मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट के तहत जाडला कोईडी क्षेत्र में शुक्रवार को खेतों में कार्य करते समय 11 केवी विद्युत लाइन की अर्थ वायर की चपेट में आने से एक

### जाडला कोईडी में खेतों में कार्य करते वक्त हुआ हादसा

व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील कुमार पुत्र वेली राम निवासी वार्ड नंबर-5 जाडला कोईडी तहसील घनारी जिला ऊना उम्र करीब 42 वर्ष अपने खेतों में कार्य कर रहे थे।

इसी दौरान वह 11 केवी मेन लाइन की अर्थ वायर को एक ओर हटाने का प्रयास कर रहे थे कि अचानक करंट की चपेट में आ गए। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गए। स्वजन व स्थानीय लोग 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगरेट लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

# राहुल गांधी के मार्गदर्शन से कांग्रेस को मिला नया संबलः विनय कुमार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पार्टी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिए गए दिशा-निर्देशों और विचारों का पूर्ण रूप से अनुसरण करेगी।

उन्होंने इसे महज औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल बताया। इस कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और समर्पण का संचार हुआ है, जो आगामी समय में संगठन को नई मजबूती देगा। शिमला से जारी बयान में विनय कुमार ने कहा कि संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों ने कांग्रेस को नई दिशा प्रदान की है। इससे संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिली है और कार्यकर्ताओं में नेतृत्व के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के जिला अध्यक्षों के सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों, आयोजकों और कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि इतने व्यापक स्तर पर हुआ यह आयोजन पार्टी की प्रतिबद्धता और अनुशासन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से राहुल गांधी का जिला अध्यक्षों से सीधा संवाद पूरे देश के कार्यकर्ताओं के लिए स्पष्ट संदेश है कि कांग्रेस में जमीनी स्तर पर काम करने वालों का पूरा सम्मान है।

कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनके मुद्दों को समझते हुए जनआंदोलन को कैसे मजबूत किया जाए। विनय कुमार ने कहा कि अब प्रदेश में सभी स्तरों पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पंचायतीराज चुनाव | अगले हफ्ते तक होगी तस्वीर साफ, शहरी विकास ने विधि विभाग को भेजा है प्रस्ताव

# नगर निगम मेयर चुनाव में आरक्षण रोस्टर पर फैसला जल्द

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निगम चुनावों के बीच मेयर पद के आरक्षण रोस्टर को लेकर बना संशय अब जल्द खत्म होने की उम्मीद है। शहरी विकास विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव राज्य सरकार ने विधि विभाग को भेज दिया है और संभावना जताई जा रही है कि अगले हफ्ते तक इस पर अंतिम निर्णय सामने आ जाएगा। रोस्टर तय होते ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस नगर निगम में मेयर पद किस श्रेणी के लिए आरक्षित रहेगा।

प्रदेश के पालमपुर, धर्मशाला, मंडी और सोलन नगर निगमों में





इस बार मेयर का कार्यकाल बढ़ाकर पांच साल कर दिया गया है, जिससे यह चुनाव और अधिक अहम हो गए हैं। पहले यह अवधि ढाई साल की होती थी। कार्यकाल बढ़ने के कारण आरक्षण रोस्टर को लेकर कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है, इसी कारण विधि विभाग से राय ली गई है।

वर्तमान में नगर निगम चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है, लेकिन मेयर पद के आरक्षण की घोषणा न होने से संभावित उम्मीदवारों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कई दावेदार अपनी रणनीति तय नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि उनका वार्ड या नगर निगम किस श्रेणी में आएगा।

गौरतलब है कि प्रदेश में मेयर का चुनाव सीधे जनता द्वारा नहीं किया जाता, बल्कि वार्डों से चुने गए पार्षद ही अपने बीच से मेयर का चयन करते हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 6 मई को नाम वापसी और चुनाव चिह्न आवंटन होगा, जबकि 17 मई को मतदान और 31 मई को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### विधि विभाग से राय मिलते ही जारी किया जाएगा आरक्षण रोस्टरः डॉ. नीरज

**शहरी** विकास विभाग के निदेशक डॉ. नीरज कुमार के अनुसार विधि विभाग से राय प्राप्त होते ही आरक्षण रोस्टर जारी कर दिया जाएगा और इसके साथ ही चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। ऐसे में आगामी सप्ताह नगर निगम चुनाव की दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है, जहां प्रत्याशियों की रणनीति से लेकर राजनीतिक समीकरण तक अंतिम रूप लेते नजर आएंगी।

# सीवरेज लीकेज व जाम पार्किंग से जूझता धर्मशाला शहर

## धर्मशाला नगर निगम चुनाव: पुराने पार्षदों से नाराज दिखी शहर की जनता, पर्यटन नगरी में पार्किंग सबसे बड़ी समस्या

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम चुनाव को लेकर धर्मशाला में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं, लेकिन समस्याएं तस की तस हैं। ऐसे में शहर की जनता पुराने पार्षदों से नाराज नजर आ रही है, वहीं जीतकर आने वाले पार्षदों से फील्ड में जाकर समस्याएं जानकर उनके समाधान की दिशा में कार्य करने की उम्मीद जता रही है। शहरवासियों का कहना है कि दावे तो कई किए जाते हैं, लेकिन आज भी पार्किंग, सीवरेज, पेयजल की समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। धर्मशाला पर्यटन नगरी है, लेकिन पार्किंग समस्या का उचित समाधान नहीं हो पाया है। आलम यह है कि सड़क की एक ओर पार्क वाहनों की लाइनें लगी रहती हैं। मर्ज एरिया जहां सीवरेज से नहीं जुड़ पाया है, वहीं शहर में भी कई जगह सीवरेज लीकेज की समस्या बनी हुई है। शहरवासियों का कहना है कि कई जगह यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, लेकिन विभाग को बताने के बावजूद समस्या जस की तस है।

### सीवरेज की गंदगी नालियों में छोड़ी जा रही: अश्वनी कुमार



**अश्वनी** कुमार का कहना है कि सीवरेज की गंदगी को नालियों में छोड़ा गया है। सफाई सही ढंग से नहीं होती और पानी की समस्या भी हल नहीं हुई है। धर्मशाला का नाम की स्मार्ट सिटी है, पर्याप्त पार्किंग सुविधा शहर में नहीं है। पार्किंग, पानी और सीवरेज की समस्या का हल होना चाहिए।

### विकास नजर नहीं आता, किसी से उम्मीद नहीं: कमलजीत सिंह



**कमलजीत** सिंह राणा ने कहा कि हमें उम्मीद किसी से नहीं है, क्योंकि विकास नजर नहीं आता। शौचालयों की उचित व्यवस्था नहीं है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों से समस्याओं के हल की उम्मीद रहेगी। प्रत्याशी वोट के समय ही आते हैं, लेकिन फिर नहीं आते।

◆ **धर्मशाला में विकास के दावों की खुली पोल और सुविधाओं की कमी से लोग परेशान**

### धर्मशाला को देखकर स्मार्ट सिटी का आभास नहीं होता: वरुण



**स्थानीय** व्यापारी वरुण कुमार का कहना है कि धर्मशाला को देखकर स्मार्ट सिटी का आभास नहीं होता। यहां पार्किंग की सुविधा नहीं है। सड़क की एक ओर तो गाड़ियां लगी ही रहती हैं। अब देखना है कि चुनावों के बाद जीतकर आने वाले प्रत्याशी क्या करते हैं। लोगों को शहर के विकास को लेकर जागरूक होना होगा।

### शहरवासियों के साथ भद्दा मजाक है स्मार्ट सिटी: राजेश शर्मा



**कारोबारी** राजेश शर्मा का मानना है कि स्मार्ट सिटी के रूप में शहरवासियों के साथ भद्दा मजाक किया गया है। स्मार्ट सिटी में पार्किंग, सीवरेज, पानी की समस्याएं जैस की तस हैं। मेरा मानना है कि नए लोगों को मौका दिया जाना चाहिए, जिससे कि वे नई सोच के साथ शहर का विकास कर पाएं।

### वार्डों की समस्याओं पर देना चाहिए ध्यान: सुरेंद्र धीमान



**सुरेंद्र** कुमार धीमान ने कहा कि नगर निगम धर्मशाला में पिछले कार्यकाल में संतोषजनक कार्य नहीं हो पाए हैं। स्ट्रीट लाइट्स सही नहीं है, सीवरेज की व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़कों की दशा भी उचित नहीं है। शीला चौक पर शौचालय की व्यवस्था नहीं है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को शहर की समस्याओं के हल की ओर ध्यान देना होगा।

### सीवरेज टैंक बैठे, लीकेज पर ध्यान नहीं: हरीश संबयाल



**हरीश** संबयाल ने कहा कि कई बार सीवरेज की समस्या को नगर निगम के समक्ष उठाया गया, जिसका अभी तक उचित समाधान नहीं हो पाया है। सीवरेज टैंक बैठ गए हैं, लीक हो रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं देता। नालों में गंदगी की भरमार है, इससे निजात के लिए जुर्माने की व्यवस्था होनी चाहिए। पहले कूहलों व नालों का पानी साफ होता था, लेकिन आज कल तो हाल बेहाल है। बरसात में कहते हैं पाइपें बह गई, पानी कैसे आएगा, गर्मियों में कहते हैं पहाडि़यों पर बर्फ नहीं है तो पानी कहां से आएगा। पार्षद जिस तरह वोट के लिए घर-घर आते हैं, उसी तरह समस्याओं पर भी गौर करनी चाहिए।

# फास्ट ट्रैक कोर्ट सख्त, इंदौरा पोक्सो मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

◆ **सोशल मीडिया पर पीड़िता की पहचान उजागर करना बना बड़ा अपराध**

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** इंदौरा थाना क्षेत्र में दर्ज एक गंभीर पोक्सो मामले में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पोक्सो) कांगड़ा, धर्मशाला ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय लक्ष्मी ने मामले की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में पीड़िता की पहचान उजागर करना कानूनन अपराध है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में थाना इंदौरा पुलिस ने आरोपी अजय शर्मा उर्फ 'लाड़ी' के खिलाफ पोक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में दर्ज इस मामले से जुड़े आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और व्हाट्सएप पर पीड़िता की पहचान और घटना स्थल से संबंधित संवेदनशील जानकारी सार्वजनिक कर दी थी। इस कृत्य से न केवल पीड़िता की निजता और गरिमा को ठेस पहुंची, बल्कि उसकी सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हुआ। मामले में एक स्थानीय समाजसेवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इस मुद्दे को उठाया और पुलिस व एसपी नूरपुर को लिखित शिकायत दी। हालांकि, प्रारंभिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता ने स्वयं साक्ष्य जुटाकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

अदालत में अधिवक्ता कुलदीप कुमार ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखते हुए आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत किए। अदालत ने प्रथम दृष्टया अपराध बनता पाते हुए थाना प्रभारी इंदौरा को तुरंत एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही, पुलिस को 20 जून 2026 तक विस्तृत जांच रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

डीएसपी इंदौरा संजीव कुमार यादव ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उसे हिरासत में लिया जाएगा।

# संसारपुर टैरेस पुलिस ने 2 ग्राम चिट्टे सहित युवक किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**पिंकी, डाडासीबा।** पुलिस जिला देहरा के तहत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में संसारपुर टैरेस पुलिस को एक और सफलता मिली है। नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन पर लगातार सख्ती बरती जा रही है।

जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल की रात को पुलिस थाना संसारपुर टैरस की टीम गश्त पर थी। इस दौरान स्वां खड्डु के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसकी पहचान सुनील कुमार उर्फ शीलू (33), पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी संसारपुर टैरस, तहसील जसवां, जिला कांगड़ा के रूप में हुई। उसके कब्जे से 2 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में अभियोग संख्या 22/26 दिनांक 30.04.2026 पुलिस थाना संसारपुर टैरस में दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कर्मचारियों के 8555 करोड़ रुपए भुगतान का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

अनंत ज्ञान

◆ **एक ही याचिका में कर्मचारियों ने मांगे सभी लंबित लाभ**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन, मंहगाई भत्ते और इनके एरियर के 8555 करोड़ रुपए का भुगतान मामला हाईकोर्ट पंहुच गया है। कर्मचारियों को वर्ष 2016 से देय वेतन आयोग के एरियर, एनपीएस कर्मियों को 60 प्रतिशत व ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को 45 प्रतिशत देकर एक ही राज्य में मंहगाई भत्ते के दो विधान लागू करने सहित मंहगाई भत्ते के एरियर की लंबित अदायगी और कोई भी भत्ता वेतन 2016के वेतन आयोग के बाद भी रिवाइज नहीं करने जैसे मामलों में कोई भी भुगतान योजना नहीं होने के चलते यह याचिका दर्ज की गई है।

राजकीय टीजीटी कला संघ राज्य महासचिव और मुख्य याचिकाकर्ता विजय हीर ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा इन 8555 करोड़ रुपए की अदायगी के लिए कोई भी लिखित अधिसूचना अनेकों आग्रह और प्रस्तुतियों के बाद भी जारी नहीं की गई है, जबकि पंजाब सरकार ने 18 फरवरी 2025 को इसकी लिखित अधिसूचना करते हुए तीन वर्षों में वेतन आयोग एरियर देने का क्रम शुरू कर दिया है मगर हिमाचल में 33 साल में यह भुगतान करने की अधिसूचना हुई थी, जिसे कर्मियों के विरोध के बाद रद्द कर दिया गया मगर इसके बाद कोई भी भुगतान योजना 8555 करोड़ के लंबित एरियर भुगतान के लिए नहीं बनाई गई। 15 प्रतिशत मंहगाई भत्ता कम मिलने से हर साल लाखों वेतन कम मिल रहा है। इस तरह डीए के बढ़ते एरियर से यह राशि दस हजार करोड़ से अधिक हो रही है जिसके भुगतान के लिए उन्होंने मुख्य सचिव और वित्त सचिव को ज्ञापन दिए थे, मगर यह भुगतान लंबित रहने से अब हाईकोर्ट में मुख्य सचिव व वित्त सचिव को प्रतिवादी बनाया गया है। इसके अलावा इस याचिका में हायर ग्रेड पे छीनकर उसके बदले छीनी गई 4/9/14 की एक इंक्रीमेंट कर्मचारियों हेतु बहाल करने का मामला भी याचिका में उठाया गया है। कर्मियो के अनेकों भत्ते दो दशक से नहीं बढ़ाए गए हैं। कोविड के समय का फ्रीज 11 प्रतिशत डीए भी बहाल नहीं किया गया। ऐसे में पंजाब हाईकोर्ट के फैसले व सुप्रीम कोर्ट के डीए संबंधी फैसलों का आधार बनाकर समस्त आर्थिक लाभों के भुगतान की नीति अधिसूचित करने और डीए के त्वरित भुगतान के लिए यह याचिका दर्ज की गई है जिसकी सुनवाई शीघ्र ही होगी। यह याचिका अगर सिरे चढ़ गई तो कर्मियों की सभी लंबित आर्थिक लाभ देने में और विलंब नहीं होगा।

# महिलाओं व युवाओं को प्राथमिकता देकर मजबूत संगठन बनाएगी कांग्रेस: शशि राणा



नवनिर्वाचित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शशि राणा व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** नव निर्वाचित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शशि राणा ने कहा है कि इस बार ब्लॉक कांग्रेस की कार्यकारिणी में महिलाओं और युवाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी के गठन में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा, स्थानीय विधायक किशोरी लाल व पूर्व अध्यक्षों से सलाह-मशविरा कर एक सुदृढ़ और संतुलित टीम तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन निर्माण की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से होगी, जिसमें पहले जोन स्तर पर और उसके बाद बूथ स्तर पर एक अनुशासित ढांचा खड़ा किया जाएगा। यह पूरा कार्य 30 जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा से लोगों का मोहभंग हो रहा है और बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी पंचायत चुनाव पूरी तैयारी और संगठनात्मक मजबूती के साथ लड़ेगी।

उन्होंने बताया कि पंचायत चुनावों के बाद राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा और विधायक किशोरी लाल के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएग। इस अवसर पर महेंद्र डोहरी, रविंद्र राव, सचिन अवस्थी, कार्तिक राणा, अतुल चौधरी, रणजीत राणा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर वर्ग सुक्खू सरकार के खिलाफ कर रहा विरोध-प्रदर्शन: राकेश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने धर्मशाला से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार को खुली छूट दी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय इसके केंद्र में है। भूमि, परियोजनाओं और निर्माण से जुड़े मामलों में पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। समाज का हर वर्ग अब सुक्खू सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश को विकास के रास्ते से भटकाकर अराजकता की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश को आर्थिक और प्रशासनिक संकट के कगार पर ला खड़ा कर दिया है। जनता के बीच झूठे दावे कर रही है, लेकिन सरकार की वास्तविकता अब लोगों के सामने आ चुकी है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कहा कि लोकतंत्र और जनतंत्र के इतिहास में शायद कांग्रेस जैसी सरकार ना कभी पहले आई और ना आएगी। पहले यह एक फैसला लेती ही नहीं है और जो फैसला लेती है वह जन विरोधी होता है। राकेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की वर्तमान सरकार में केवल मित्रों को नौकरियां दी जा रही है और किसी को भी नौकरी नहीं दी गई है। वन, पशु, चिकित्सक, मुख्यमंत्री मित्रों जैसे शब्द हिमाचल प्रदेश में प्रचलित और प्रसिद्ध है, और ऐसे ही लोगों को नौकरियां देने का काम चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सुक्खू सरकार अपनी वित्तीय विफलताओं का बोझ आम जनता की जेब पर डाल रही है। मुख्यमंत्री जनता को महंगाई की आग में झोंककर अपने 'खास मित्रों' को उपकृत करने में मस्त हैं। प्रदेश कर्ज के दलदल में धंसता जा रहा है और सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने तक के लाले पड़ रहे हैं।

# चोट को नजरअंदाज कर बैठक में पहुंचे विधायक किशोरी लाल, समर्पण देख भावुक हुए कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान



बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ विधायक किशोरी लाल। अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** जनसेवा के प्रति समर्पण का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए स्थानीय विधायक किशोरी लाल पांव में गंभीर चोट के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में पहुंच गए। उनके इस अप्रत्याशित आगमन ने जहां सभी को चौंका दिया, वहीं कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और भावुकता का माहौल भी बना दिया।

बताया जा रहा है कि महज तीन दिन पहले किशोरी लाल के पांव में गहरी चोट लगी थी। चिकित्सकों ने उन्हें सख्त हिदायत दी थी कि वह पूर्ण आराम करें और किसी भी प्रकार की गतिविधि से दूर रहें। इसके बावजूद उन्होंने इन सलाहों को नजरअंदाज करते हुए सीधे बैठक में पहुंचकर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी, कार्यकर्ता सबसे पहले। खास बात यह रही कि उनके बैठक में पहुंचने की जानकारी न तो कार्यकर्ताओं को थी और न ही उनके परिवार को। यहां तक कि उनके बेटे को भी उनके इस फैसले की भनक नहीं थी। जैसे ही वह बैठक स्थल पर पहुंचे, वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।

अपने संबोधन में किशोरी लाल ने भावुक अंदाज में कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, वह केवल कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से दूर रहना उनके लिए संभव नहीं है और यही कारण है कि चोट भी उन्हें रोक नहीं पाई। उन्होंने दोहराया कि अगर कार्यकर्ता हैं, तभी पार्टी है और तभी हम इस जिम्मेदारी पर हैं। विधायक ने आश्वासन दिया कि वह हर दो-तीन दिन में पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिलते रहेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनके घर के दरवाजे कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा खुले रहेंगे।

विधायक के इस समर्पण और जज्बे को देखकर कार्यकर्ताओं ने भी खुलकर सराहना की और कहा कि जनप्रतिनिधि ऐसा ही होना चाहिए, जो हर परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़ा है।

# योल बाजार के व्यापारियों के साथ गैस एजेंसी का सौतेला व्यवहार

अनंत ज्ञान

◆ **कमर्शियल गैस सप्लाई ठप, योल व्यापार मंडल ने आंदोलन की दी चेतावनी**

**योल।** योल बाजार के खाद्यान्न कारोबारियों ने अनिल गैस एजेंसी पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। व्यापार मंडल ने शुक्रवार को जारी प्रेस बयान में व्यापार मंडल के अध्यक्ष सनी भाटिया व महासचिव मनोज चंदेल ने कहा कि बाजार में 8 से 10 खाद्यान्न से जुड़ी दुकानें हैं, जो पिछले कई वर्षों से एजेंसी से एचपी गैस के कमर्शियल सिलेंडर लेते रहे हैं। पहले सप्लाई व्यवस्था सुचारू थी, लेकिन पिछले करीब 80-90 दिनों से हालात पूरी तरह बदल गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस अवधि में किसी भी दुकानदार को नियमित रूप से कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। जबकि एजेंसी के पास लगातार सिलेंडरों की आवक हो रही है और प्रतिदिन छोटी गाडियों के माध्यम से अन्य क्षेत्रों में सप्लाई भी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में बाजार में एक गाड़ी आई, जिसने केवल एक दुकान को करीब 3200 रुपये में सिलेंडर दिया और बिना बिल दिए ही वापस लौट गई। इससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

व्यापार मंडल के अनुसार, कुछ दिन पहले व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने धर्मशाला में डीएफसी से मुलाकात कर समस्या रखी थी। उस दौरान एक-दो दिन में सप्लाई बहाल करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई गाड़ी बाजार में नहीं पहुंची। व्यापारियों ने सवाल उठाया है कि जब अन्य क्षेत्रों में नियमित सप्लाई हो रही है तो योल बाजार के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

मंडल ने चेतावनी दी है कि शनिवार को पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीसी से मुलाकात करेगा और समस्या के समाधान की मांग करेगा। साथ ही डीएससी, एचपी गैस के क्षेत्रीय प्रबंधक, अनिल गैस एजेंसी और पुलिस चौकी योल को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापार मंडल आंदोलन का रास्ता अपनाने से भी पीछे नहीं हटेगा।

# पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक तकनीक के समन्वय से भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान



◆ **पुणे में किया एआईयू का 100वां वार्षिक सम्मेलन**

◆ **प्रो. बंसल की अध्यक्षता में आयोजित सत्र की सराहना**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के 100वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन डीवाई पाटिल यूनिवसिटी पुणे में किया गया, जिसमें देशभर के लगभग 400 कुलपतियों ने भाग लिया।

सम्मेलन का मुख्य विषय पाठ्यक्रम एवं अनुसंधान में पारंपरिक ज्ञान और नई तकनीक का एकीकरण रहा, जो स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा में भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया। सम्मेलन के एक प्रमुख एवं व्यापक रूप से सराहे गए सत्र की अध्यक्षता सीयू एचपी के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को उभरती हुई आधुनिक तकनीकों के साथ प्रभावी ढंग से जोड़ना उच्च शिक्षा के पुनर्परिभाषण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इस प्रकार का समन्वय न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करेगा, बल्कि वैश्विक ज्ञान अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगा। प्रो. बंसल ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल ऐतिहासिक धरोहर नहीं है, बल्कि विज्ञान, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आज भी अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स तथा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसी आधुनिक तकनीकों के साथ एकीकरण शिक्षा को अधिक समग्र, नवाचार-उन्मुख और प्रभावी बना सकता है।

विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है, जिससे शैक्षणिक संसाधनों को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों के माध्यम से सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उल्लेख करते हुए प्रो. बंसल ने इसे एक परिवर्तनकारी नीति बताया, जो पारंपरिक ज्ञान को मुख्यधारा की उच्च शिक्षा में शामिल करने के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है। सत्र के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म, वर्चुअल प्रयोगशालाओं और ई-लर्निंग टूल्स की भूमिका पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई, जो भारतीय ज्ञान प्रणाली को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक सुलभ और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

# इंडो-यूएस डील से हिमाचल प्रदेश के छोटे उद्योगों पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

अनंत ज्ञान

◆ **युवा कांग्रेस ने धर्मशाला में किया जागरूकता कैंप का आयोजन**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** युवा कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को इंडो-यूएस डील के कारण हिमाचल प्रदेश को होने वाले संभावित नुकसान को लेकर एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया तथा युवाओं, किसानों एवं आम जनता को इस प्रस्तावित व्यापार समझौते के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इंडो-यूएस डील के लागू होने से प्रदेश के सेब उत्पादकों, छोटे उद्योगों, डेयरी क्षेत्र तथा फार्मा उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से सस्ते आयातित उत्पादों के कारण स्थानीय उत्पादकों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जिससे उनकी आय और रोजगार पर नकारात्मक असर पडने की आशंका है। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि बिना पर्याप्त सुरक्षा प्रावधानों के इस प्रकार के समझौते प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं। अत: आवश्यक है कि प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रखते हुए ठोस नीतिगत कदम उठाए जाएं।

इस अवसर पर सह-प्रभारी ज्योतिष एचएम, जिला प्रभारी चंद्रमणी कुलेठी, जिला अध्यक्ष सुनील भारद्वाज, महासचिव विट्ठल भारद्वाज, दिव्यांश कटोच एवं ब्लॉक अध्यक्ष मनिंदर कपूर सहित उपस्थित युवा साथियों ने संकल्प लिया कि वे प्रदेश के हर कोने में जाकर आम जनता को इस विषय पर जागरूक करेंगे तथा किसानों, युवाओं और छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करेंगे। युवा कांग्रेस ने दोहराया कि संगठन सदैव जनहित के मुद्दों पर मुखर रहेगा और प्रदेश के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**उत्सव** स्वरा माउंटेन आर्ट्स फेस्टिवल में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कलाकार देंगे प्रस्तुति

# मैक्लोडगंज में सजेगा कलाकारों का मंच

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए गणमान्य। अनंत ज्ञान

◆ **स्व पंडित बिरजू महाराज की पौती भी देगी प्रस्तुति**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में शनिवार को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का मंच सजेगा। मौका होगा स्वरा माउंटेन आर्ट्स फेस्टिवल के ग्रैंड फाइनल का। जिसमें अन्य ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ स्वर्गीय पंडित बिरजू महाराज की पौती शिंजिनी कुलकर्णी भी अपनी प्रस्तुति देगी।

मैक्लोडगंज स्थित तिब्बतियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्रफार्मिंग आर्ट्स (टिपा) में होने वाले भव्य समापन समारोह में समकालीन भारतीय नृत्य के क्षेत्र में अपने अग्रणी कार्य के लिए प्रसिद्ध एक प्रतिष्ठित नर्तक और कोरियोग्राफर नवतेज जौहर, प्रसिद्ध कालका-बिंदादीन घराने की नौवीं पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करने वाली विशिष्ट कथक नृत्यांगना और स्वर्गीय पंडित बिरजू महाराज की पौती शिंजिनी कुलकर्णी, बहुमुखी परफॉर्मिंग आर्टिस्ट आदित्य वर्धन जिनका कार्य शास्त्रीय और समकालीन शैलियों के बीच सेतु का कार्य करता है, प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा सशक्त समकालीन नृत्यांगना और कोरियोग्राफर बिनिता छेत्री जो अपनी अभिव्यंजक शैली और अंतरराष्ट्रीय सहयोगों के लिए जानी जाती हैं भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। राजस्थान का एक प्रसिद्ध लोक संगीत समूह बाड़मेर बॉयज जो अपनी पारंपरिक मांगणियार संगीत शैली और ऊर्जावान प्रस्तुतियों के लिए जाना जाता है, भी कार्यक्रम में राजस्थानी रस घोलेगा।

इस संध्या का संचालन सईदा हामीद, एक वरिष्ठ नारीवादी, सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व योजना आयोग सदस्य द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी तथा तिब्बतन नन्स प्रोजेक्ट की निदेशक यूडोन औकत्सांग (जो भारत और नेपाल में 14 ननरियों का समर्थन करती हैं) उपस्थित रहेंगी।

जागोगी ग्रामीण चैरिटेबल ट्रस्ट की निदेशक आभा भैया ने बताया कि एक वार्षिक आयोजन के रूप में, स्वरा वर्ष 2022 से निरंतर विकसित होता हुआ कला और सक्रियता (एक्टिविज़्म) का एक अनूठा मंच बन चुका है। यह उत्सव जगोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट और वन बिलियन राइजिंग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया जाता है। इस वर्ष के संस्करण में डब्लू आई पी (एक कला पहल), ओगी हॉलीडेज (एक ट्रैवल कंपनी), हिमालयन पाइन कंपनी और वुडलैंड हॉस्पिटैलिटी का भी सहयोग प्राप्त है।

इस साल की थीम हमारे शरीर, हमारी धरती और हमारे भविष्य के लिए उमडें ने पूरे उत्सव की रूपरेखा को दिशा दी है। 28 अप्रैल से शुरू होकर, इस उत्सव में विभिन्न कार्यशालाएं, ओपन गैट्स संध्याएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जो इस विषय की संवेदनशीलता और तात्कालिकता को दर्शाती हैं।

# विश्व मजदूर दिवस पर श्रम कानून लागू करने की मांग



श्रम कानून लागू करने की मांग करते हुए श्रमिक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** रणजीत सागर बांध परियोजना के शहीद स्मारक पर सीटीयू और थीन डैम वर्कर्ज यूनियन द्वारा विश्व मजदूर दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटीयू के प्रांतीय महासचिव सरदार नत्था सिंह टडवाल ने की।

इस दौरान बांध परियोजना में कार्यरत कर्मचारी और यूनियन नेता भारी संख्या में एकत्रित हुए। सबसे पहले झंडारोहण किया गया, जिसके बाद परियोजना निर्माण के दौरान शहीद हुए कर्मचारियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए नत्था सिंह टडवाल ने कहा कि सरकारों ने हमेशा मजदूर वर्ग का शोषण किया है, जिसके कारण कर्मचारी वर्ग आज भी परेशानियों का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के बकाया लाभ नहीं दे रही, जबकि उच्च न्यायालय इसके आदेश दे चुका है। कार्यक्रम में शिकागो के शहीद मजदूरों को भी याद किया गया और उन्हें लाल सलाम दिया गया। इस अवसर पर हरेंद्र सिंह रंधावा, सकत्तर सिंह, जनक राज छोटा, बूड सिंह, विजय कुमार और अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

# भटाल कलां गांव की 32 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर दी जान

◆ मायके पक्ष ने लगाए पति और सास पर प्रताड़ना के आरोप

अनंत ज्ञान

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी।** पुलिस थाना मझींण के अंतर्गत एक 32 वर्षीय महिला ने ससुराल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की पहचान उर्मिला पत्नी चंदन पुत्र जगत राम गांव भटाल कलां डाकघर सियालकड तहसील खुंडियां जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। फिलहाल इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की पुष्टि एस पी देहरा मयंक चौधरी ने की है। जानकारी के अनुसार महिला ने शुक्रवार सुबह घर से बाहर एक पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक महिला अपने पीछे 6 ओर 7 वर्ष की आयु के 2 लड़कों को छोड़ गई है। उधर, इस मामले को लेकर मायका पक्ष से उर्मिला की मां गुड्डो देवी पत्नी बावू राम गांव मरयाणा डाकघर सियालकड तहसील खुंडियां ने अपनी बेटी के पति चंदन व सास कश्मीरा पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। आरोप है कि उसकी बेटी को इन दोनों की ओर से रोजाना प्रताड़ित किया जाता था। पति अक्सर शराब पीकर बेटी के साथ मारपीट करता था और घर में सास भी उसे आए दिन ताने मारती रहती थी, जिससे तंग आकर उसने इतना बड़ा कदम उठाया। इस मामले को लेकर मृतका की मां ने एस पी देहरा मयंक चौधरी से मांग की है कि उसकी बेटी की मौत के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाए और इन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पुलिस मामले की पूरी छानबीन कर रही है साथ ही मामले को लेकर स्थानीय लोगों के बयान कलमबद्ध कर रही है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके। उधर पुलिस को मृतका के पास से किसी भी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# टिकट कटने से नाराज भी भरेंगे चुनावी हुंकार

## पूर्व मेयर और डिप्टी मेयर ने किया चुनाव लड़ने का ऐलान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला में टिकट कटने से नाराज दो पूर्व पार्षद भी चुनावी हुंकार भरेंगे। नगर निगम धर्मशाला के पूर्व मेयर ओंकार नेहरिया और पूर्व डिप्टी मेयर तेजेंद्र कौर ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, ऐसे में स्पष्ट है कि दोनों ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी रण में उतरेंगे। वार्ड 2 भागसू से भाजपा से जुड़े पूर्व मेयर ओंकार नेहरिया तो पूर्व डिप्टी मेयर तेजेंद्र कौर वार्ड नंबर 4 से बतौर आजाद प्रत्याशी के रूप में ठोंकेंगे। ऐसे में शनिवार को नगर निगम में कुल आजाद प्रत्याशियों की संख्यां अब 4 से 6 होना तो तय है। भाजपा ने इस बार नए चेहरों पर विश्वास जताते हुए 17 में से 15 नए चेहरों को मैदान में उतारा है।

वहीं कांग्रेस ने भी करीब आधे प्रत्याशी नए खड़े किए हैं। भाजपा के पुराने प्रत्याशियों के टिकट काटे जाने के बाद अब दो पूर्व पार्षदों ने पार्टी से नाराजगी जताते हुए आजाद चुनाव लड़ने की बात कही है तथा शनिवार को दोनों नेता आजाद प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरेंगे। जाहिर है भाजपा के बागियों के कारण पार्टी का ही वोट बंटेगा तथा त्रिकोणिय मुकाबलों में किसी के भी हाथ से जीत छीटक सकती है।

### एमसी में अब तक लड़ चुके आधा दर्जन चुनाव

**नगर** निगम में अब तक आधा दर्जन चुनाव लड़ चुके हैं तथा मेयर के पद पर रहे हैं। ऐसे में भाजपा से जुड़े नेहरिया का लंबी राजनीतिक पारी के चलते अपना वोट बैंक है। लिहाजा उनके वार्ड में वो भाजपा को खासा नुक्सान पहुंचा सकते हैं तो वहीं कांग्रेस के वोट बैंक को भी सेंध लगा सकते हैं।

### जीवन में लड़ना पड़ता है, लडूंगा चुनाव: नेहरिया

**नेहरिया** के अनुसार पार्टी ने उन्हें भले ही टिकट न दिया हो, लेकिन जनता का लंबे समय से उन पर आशिर्वाद बना हुआ है। इसी के दम पर वे चुनाव लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि वैसे भी जीवन में लड़ना ही पड़ता है, ऐसे में वह भी चुनाव जरूर लड़ेंगे।

### मेरा कसूर बताए पार्टी: पूर्व डिप्टी मेयर तेजेंद्र

**वहीं** पूर्व डिप्टी मेयर तेजेंद्र कौर राजनीति में सक्रिय हैं। भाजपा से जुड़े होने के कारण वे भी भाजपा के खाते के वोट खिसका सकती हैं। त्रिकोणिय मुकाबले में वोटों का फेरबदल कांग्रेस तथा भाजपा दोनों के लिए संकट बन सकता है। पूर्व डिप्टी मेयर कहती हैं कि उन्हें उनका कसूर बताएं। पार्टी ने बिना कारण के उनका टिकट काटा है लेकिन वो चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटेंगी और शनिवार को इसका खुलासा होगा।

### बागी उम्मीदवारों से होगी चर्चा: पवन काजल

**धर्मशाला** नगर निगम चुनाव प्रभारी एवं कांग्रेस के विधायक पवन काजल ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं साथ चर्चा हुई है। पार्टी बागी उम्मीदवारों से चर्चा करेगी। काजल ने कहा धर्मशाला नगर निगम में कांग्रेस कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार व स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में देरी के चलते जनता ने बदलाव का मन बनाया है।

# भाजपा नेताओं ने मटौर में बनाई नगर निगम चुनाव की रणनीति



नगर निगम चुनाव को लेकर रणनीति बनाते बीजेपी नेता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा के मटौर में भाजपा नेताओं ने नगर निगम धर्मशाला चुनाव को रणनीति बनाई। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में नगर निगम धर्मशाला में प्रस्तावित चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी प्रत्याशी विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर भी चर्चा हुई। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए पूछा है कि क्या यही वह विश्व स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्था है जिसका सपना मुख्यमंत्री जनता को दिखा रहे थे, जहां अस्पतालों के महत्वपूर्ण विभागों पर ताले लटके हैं और गरीब मरीज इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा के टांडा मेडिकल कॉलेज की हृदय विदारक स्थिति सरकार के दावों की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी है, जहां कार्डियोलॉजी जैसे संवेदनशील विभाग की ओपीडी पर ताला लटका होने के कारण दूर-दराज से आए हृदय रोगी, जिनमें बुजुर्ग महिलाएं और गंभीर बीमार शामिल हैं, बिना जांच और दवा के वापस लौटने को विवश हो रहे हैं। यह विडंबना ही है कि एक तरफ सरकार करोड़ों रुपये कैथ लैब पर खर्च करने का दावा करती है। वहीं दूसरी तरफ विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के चलते ओपीडी ही बंद पड़ी है, जिससे जनता का पैसा और स्वास्थ्य दोनों दांव पर लगे हैं।

इसके बाद उन्होंने शाहपुर में पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया व उनके सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना भी की।

नई जोड़ी



वीरता के साहिल और कांगड़ा की दीक्षा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

सालगिरह मुबारक



भनबाड के योगेंद्र और नीलम कुमारी को पहली सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# केवल सिंह पठानिया ने सिविल अस्पताल शाहपुर का किया औचक निरीक्षण, मरीजों का जाना कुशलक्षेम

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास और जन-सुविधाओं के प्रति विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की सक्रियता सराहनीय है। शुक्रवार को उनका सिविल अस्पताल शाहपुर का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विधायक ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर उपचाराधीन मरीजों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का कुशलक्षेम पूछा।



शाहपुर अस्पताल निरीक्षण करते केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

उन्होंने मरीजों से मिल रही सुविधाओं और इलाज की गुणवत्ता के बारे में सीधा फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति की भी जांच की।

उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बात की ताकि यह जाना जा सके कि उन्हें अस्पताल में किसी प्रकार की कठिनाई या असुविधा का सामना तो नहीं करना पड़ रहा है। विधायक ने मौके पर मौजूद चिकित्सा अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों के इलाज में कोई कोताही न बरती जाए और सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

# परागपुर वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबला विकास और विरासत के बीच जंग

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर जिला परिषद वार्ड का चुनावी माहौल इस समय पूरी तरह गर्मा चुका है, जहां तीन प्रत्याशी अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में हैं। 12 पंचायतों वाले इस महत्वपूर्ण वार्ड में इस बार मुकाबला बेहद कड़ा और दिलचस्प हो गया है। कांग्रेस समर्थित सुशांत मोदगिल, भाजपा समर्थित केशव रत्न और निर्दलीय प्रत्याशी गगन पराशर के बीच शह और मात का खेल जारी है। इस चुनावी चर्चा में सुशांत मोदगिल का पिछला रिकॉर्ड काफी चर्चा बटोर रहा है। गरली पंचायत के उपप्रधान के रूप में उनके कार्यकाल को उनकी सक्रियता के लिए याद किया जा रहा है। उनके प्रमुख योगदानों की बात करें तो गरली अस्पताल में लंबे समय से बंद पड़ी 103 नंबर की एंबुलेंस सेवा को दोबारा शुरू करवाना उनके महत्वपूर्ण कार्यों में गिना जाता है। दूसरी ओर, केशव रत्न अपनी पारिवारिक राजनीतिक विरासत और भाजपा संगठन की मजबूती के साथ मैदान में डटे हैं। भरवाईं क्षेत्र के कद्दावर भाजपा नेता के पुत्र होने के नाते उन्हें कैडर वोट और अनुभव का सीधा लाभ मिलता दिख रहा है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी गगन पराशर परागपुर में एसडीएम कार्यालय खुलवाने की मांग को सबसे पहले उठाने का श्रेय ले रहे हैं। प्रदेश सरकार के महाधिवक्ता अनूप रत्न द्वारा सोशल मीडिया पर उनके पक्ष में की गई पोस्ट ने इस मुकाबले को और अधिक सुर्खियों में ला दिया है। परागपुर की 12 पंचायतों के मतदाता अब इन तीनों चेहरों की कार्यशैली और उनके पीछे खड़े समर्थन को बारीकी से देख रहे हैं। एक तरफ जहां सुशांत अपने कार्यों के भरोसे हैं, वहीं केशव अपनी राजनीतिक जड़ों और गगन अपने संघर्ष के दावों के साथ मैदान में हैं। अब देखना यह होगा कि इस त्रिकोणीय संघर्ष में जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनकर जिला परिषद भेजती है।



## न्यूज ब्रीफ

### देहरा में नशे के खिलाफ 3 दिन में 3 मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, देहरा।** नशा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत पुलिस जिला देहरा ने बीते 3 दिनों में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 3 मामले दर्ज किए हैं। इनमें 2 मामले चिट्टा (हेरोइन) तस्करी और 1 मामला चरस सेवन से संबंधित है। 29 अप्रैल को ज्वालामुखी क्षेत्र में एक युवक के खिलाफ चरस सेवन का मामला दर्ज किया गया। 30 अप्रैल को संसारपुर टैरेस में एक आरोपी से 2 ग्राम चिट्टा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। वहीं 1 मई को रानीताल क्षेत्र में एक अन्य आरोपी से 4.13 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामलों की पुष्टि करते हुए एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि पुलिस ने कहा है कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और आम जनता से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।

### 104 वर्षीय वृद्ध राजमल का निधन

**अनंत ज्ञान, गगल।** गांव नगनपट बंडी में माहौल उस समय गमगीन हो गया जब गांव के सबसे बड़े वृद्ध 104 वर्षीय राजमल ने दुनिया को अलविदा कह दिया। राजमहल के बेटे अशोक कुमार ने बताया कि उनके पिता इस उम्र में भी शारीरिक रूप से बिल्कुल स्वस्थ थे। कुछ समय पहले एक दुर्घटना के कारण वह चलने फिरने में असमर्थ हो गए थे। अशोक कुमार ने बताया कि उनके पिता ने अपने परिवार की चौथी पीढ़ी के साथ हंसी खुशी समय बिताकर दुनिया को अलविदा कहा। राजमल अपने दो बेटे अशोक और सबील कुमार दो बहुएं,चार पोते,चारों पोतों की पत्नियां आगे सभी पोतों की पत्नियों के बच्चे छोड़ कर चले गए।

### डू लाइक क्लब, आरसीएफ क्लब ने जीते मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल, कैप्टन दल बहादुर मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवें दिन खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। शुक्रवार को पहला मुकाबला एचपीएफए और डू लाइक स्पोर्टस क्लब के बीच खेला गया, जिसमें डू लाइक क्लब ने 3-1 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला आरसीएफ कपूरथला और 3/5 जीआर के मध्य हुआ, जिसमें आरसीएफ ने 4-1 के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं तीसरे मुकाबले में खालसा क्लब अमृतसर ने भागसू इलेवन को 1-0 से पराजित किया। शनिवार को खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### बिनीता अब मैक्लोडगंज में मचाएगी धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट 2025 में अपने डांस का दम दिखकार तीसरा स्थान अर्जित कर चुकी दस वर्षीय बिनीता छेत्री अब मैक्लोडगंज में अपने डांस की धमाल मचाएगी। बिनीता छेत्री जागोरी संस्था के स्वरा माउटेंट आर्टस फेस्टीवल में भाग लेने पहुंची। असम की बिनीता छेत्री चर्चा में ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट 2025 में किए गए अपने डांस से आई। हालांकि इससे पहले वो देश के कई बड़े डांस मुकाबलों में सुपर डांसर, डांस दीवाने जूनियर तथा डांस आईकॉन में अपने डांस की प्रतिभा बिखेर चुकी है। धर्मशाला के जागोरी एनजीओ के मुख्यालय पहुंची हंसमुख बिनिता ने शुक्रवार को अपने कार्यक्रम से पहले अपने डांस की प्रतिभा को प्रदर्शित किया। बिनीता छेत्री असम के कार्बी आंगलोंग जिले के बोकाजन की रहने वाली हैं। वह ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय हैं। बिनिता ने कहा कि वो पहली बार धर्मशाला पहुंची हैं, यह शहर काफी सुंदर है। उन्होंने कहा कि वे शनिवार को जागोरी एनजीओ के मैक्लोडगंज में होने वाले कार्यक्रम में अपना डांस दिखाएंगी। उन्होंने धर्मशाला के लोगों से आग्रह किया कि उसका डास देखने जरूर आएं।

### डाडासीबा में खुला रेडीमेड गारमेंट्स का शोरूम

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा में मशहूर 'बड़का जी' ब्रांड के रेडीमेड गारमेंट्स शो-रूम का भव्य शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। शो-रूम का उद्घाटन मसोट मंदिर की माता पिंकी देवी ने विधिवत रिबन काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला और उद्घाटन के दौरान खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शो-रूम प्रबंधन द्वारा ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षक ऑफर भी रखा गया। इसके तहत एक हजार रुपये या उससे अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को एक टी-शर्ट मुफ्त प्रदान की गई। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे दिन ग्राहकों की आवाजाही बनी रही।

### नेरटी में लोगों ने लिया आध्यात्मिक लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के नेरटी (खजोरना) स्थित मेला ग्राउंड में शुक्रवार को पी 3 वाई (परमजी-पथ-परमयोग) शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के अनेक लोगों ने भाग लेकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया और जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरणा ली। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे शुरू हुआ और दोपहर 1 बजे तक चला। आयोजन में परमजी द्वारा बताई गई जीवनोपयोगी विधाओं को विस्तार से समझाया गया, जिसमें मानसिक शांति, तनाव मुक्ति और आत्मिक उन्नति पर विशेष जोर दिया गया। शिविर में प्रवक्ता पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि पीवाई के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन की समस्याओं, जैसे मानसिक तनाव, अवसाद, भय और अन्य परेशानियों से राहत पा सकता है। साथ ही यह भी बताया गया । उन्होंने कहा कि यह विधा किसी भी धर्म, जाति या परंपरा से जुड़े व्यक्ति के लिए समान रूप से लाभकारी है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

### बालकरूपी स्कूल के 15 बच्चों को विप्रो अर्थियन कंपनी ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद एवं विप्रो अर्थियन के इको विज्ञान फाउंडेशन की तरफ से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालकरूपी 15 बच्चों सहित इको क्लब प्रभारी तिलक राणा एवं प्रधानाचार्य राजिंदर कुमार को सम्मानित किया गया इसमें विप्रो अर्थियन में तीन प्रोजेक्ट पहला वाटर एंड सस्टेनेबिलिटी दूसरा वेस्ट एंड सस्टेनेबिलिटी तीसरा बायो-डाइवर्सिटी एंड सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट के रूप में काम किया गया था। जिसमें बायो डाइवर्सिटी एंड सस्टेनेबिलिटी में 5 बच्चों कनन, रिद्धिमा, अमन, मुस्कान, और आयुष का प्रोजेक्ट देश भर में टॉप 10 प्रोजेक्ट्स में रहा। जिसके लिए प्रधानाचार्य के साथ डॉ. तिलक राणा को शूलिनी यूनिवर्सिटी के कैंपस में प्रदेश भर लगभग 68 गाइड अध्यापकों के बीच सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजिंदर कुमार ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालकरूपी ने ना केवल हर बार की तरह क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है, बच्चों का कार्य उनके लिए हमेशा गर्व का विषय रहता है।

# हार के डर से अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे कुछ राजनीतिक दल: अनुराग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिस चुनाव आयोग को देश में चुनाव करवाने के लिए दुनिया भर में सराहना मिलती है उस आयोग को जब कुछ राजनीतिक दल जब वो चुनाव हार रहे होते हैं उस दरम्यान अनाप शनाप की बयानबाजी कर कटघरे में खड़ा करते हैं तो ये उनकी विकृत मनोदशा की ओर इशारा करती है। इन चुनावों में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी की जो बड़ी हार होने जा रही है उसका ठीकरा किसके ऊपर फोड़ा जाए उसकी तैयारियां इन पार्टी नेताओं की ओर से चल रही है और अभी से बहाने ढूंढने शुरू कर दिए गए हैं।



अनुराग ने कहा चुनावों के दौरान भी जिस तरह से ममता दीदी की घबराहट, छटपटाहट स्पष्ट नजर आती थी इससे साफ जाहिर होता है कि वहां की जनता पिछले 15 सालों के कुशासन और कुप्रशासन से मुक्ति पाना चाहती थी, जो चुनावों में जनता ने दिखा भी दिया है। शाहपुर में एक निजी समारोह में भाग लेने आए अनुराग ठाकुर ने दिल्ली लौटते समय कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। अनुराग ने कहा कि अब स्ट्रांग रूम पर प्रश्न खड़ा कर रहे हो, क्या वहां सीसीटीवी नहीं लगे थे, उसमें मशीनों के साथ छेड़छाड़ करना कोई मज़ाक नहीं है, अनुराग ठाकुर ने कहा कि चुनावों के दरम्यान भाजपा के चुनाव चिह्न पर टेप चिपका देना, पोलिंग बूथों पर हमारे कार्यकर्ताओं के साथ गुंडागर्दी करना यही सब काम इन्होंने किया, अफवाह फैलाई कि अगर भाजपा आती है तो यहां की संस्कृति और सभ्यता पर कुठाराघात हो जायेगा, जब 15 साल के कार्यकाल के दौरान जनता को दिखाने के लिए कुछ भी न मिले तो ये लोग झूठे आरोप जनता में भय, भ्रम की स्थिति पैदा करने का काम करते हैं जो इन्होंने किया। अनुराग ने कहा कि दुनिया भर में एनर्जी सिक्युरिटी चिंता का सबब बना हुआ है, सप्लाई चेन प्रभावित हुई है स्टेट ऑफ हार्मोज के प्रभावित होने से गैस और कूड ऑयल के दामों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा हाइक लगा है जितना आज से 20 साल पहले भी कभी नहीं देखा, फिर भी भारत सरकार बहुत गंभीर है अपने टैक्स रिबेट में भी कटौती की है, ये चिंता भारत की ही नहीं दुनिया भर में देखने को मिल रही है।

# वीआईपी संस्कृति छोड़ो का नारा सत्ता में दोस्ती निभाने का सहारा कांग्रेस का असली चेहरा : परमार

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी के बीच का अंतर अब खुलकर जनता के सामने आ चुका है। एक तरफ राहुल गांधी वीआईपी संस्कृति छोड़ने और जनता से सीधे संवाद की नसीहत देते हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने करीबी मित्रों और चहेतों को रेवड़ियों की तरह कैबिनेट रैंक और पद बांटकर उसी वीआईपी कल्चर को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसके खिलाफ भाषण दिए जा रहे हैं। परमार ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आज पूरी तरह से दिखावे की राजनीति का पर्याय बन चुकी है। कांगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी द्वारा दिए गए भाषण और वास्तविकता के बीच गहरा विरोधाभास साफ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सच में वीआईपी संस्कृति खत्म करना चाहती है, तो सबसे पहले अपने ही मुख्यमंत्री को आईना दिखाए, जो सत्ता का इस्तेमाल जनसेवा के बजाय अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने में कर रहे हैं। परमार ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने जनता प्रभारी जैसी नई व्यवस्थाओं के नाम पर राजनीतिक नियुक्तियों का बाजार खोल दिया है। जिन लोगों का जनता से कोई सरोकार नहीं, उन्हें सिर्फ नजदीकी के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। यह सीधे-सीधे लोकतंत्र और प्रशासनिक पारदर्शिता का मजाक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मंच से जनता से संवाद की बात करते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता से पूरी तरह कट चुकी है। गांव-गांव में लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं, बेरोजगारी चरम पर है, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और विकास कार्य ठप पड़े हैं।

# कांग्रेस का शासन जनविरोधी व शोषणकारी: श्रेय अवस्थी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह संयोजक श्रेय अवस्थी ने राहुल गांधी के हाल ही में हुए कांगड़ा दौरे पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से दौरा करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन यह अधिक सार्थक होता यदि वे राज्य नेतृत्व को हिमाचल प्रदेश की बिगड़ती स्थिति को सुधारने की सलाह देते और आम जनता की समस्याओं को समझने का प्रयास करते।



अवस्थी ने आगे कहा कि प्रदेश की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और लगभग हर सरकारी विभाग में कुप्रबंधन व्यास है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण व्यापक जन असंतोष पैदा हो गया है। बढ़ती महंगाई के मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न सरकारी सेवाओं की फीस में भारी वृद्धि ने आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि पहले जिन कार्यों के लिए 10 का स्टाम्प पेपर लगता था, अब उसकी कीमत 100 तक पहुंच गई है, जो जनता पर बढ़ते आर्थिक दबाव को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की नीतियों के चलते किसान, कर्मचारी, व्यापारी और युवा सहित समाज के सभी वर्गों का जीवन कठिन होता जा रहा है और सभी वर्ग सरकार के कामकाज से असंतुष्ट हैं। श्रेय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है और बदलाव की प्रतीक्षा कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता सरकार को जवाबदेह बनाएगी और उचित समय पर अपना फैसला सुनाएगी।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल में विश्व मजदूर दिवस पर छात्रों ने कर्मियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल में विश्व मजदूर दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनीषा चढा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें छात्रों ने स्कूल में कार्यरत कर्मचारियों को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सनी महाजन और ओशिन महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। निदेशक सनी महाजन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में समाज के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। कार्यक्रम में पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेश्वर सलारिया ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिन श्रमिकों के संघर्ष, अधिकारों और देश के विकास में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करना' है। उन्होंने यह भी बताया कि मजदूर दिवस का इतिहास 1923 में मद्रास से जुड़ा है और यह अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिकों के सम्मान का प्रतीक बन चुका है।




कार्यक्रम में 8 घंटे कार्यदिवस, उचित वेतन और सुरक्षित कार्य वातावरण जैसे श्रमिक अधिकारों पर भी चर्चा की गई। प्रधानाध्यापिका शुभ्रा रानी ने इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम ने छात्रों में श्रमिकों के प्रति सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया।

# पपरोला में जिला स्तरीय आचार्य विकास वर्ग का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** सरस्वती विद्या मंदिर पपरोला में तीन दिवसीय जिला स्तरीय आचार्य विकास वर्ग का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। विद्या भारती के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में कांगड़ा और ऊना जिलों के 10 विद्यालयों से 105 आचार्य एवं आचार्या-दीदियाँ भाग ले रही हैं, जिनमें प्रधानाचार्य भी शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षाविद अनुज आचार्य ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर जिला मंत्री सुभाष ठाकुर ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि अनुज आचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आधुनिक शिक्षण पद्धति अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नैतिक मूल्यों और संस्कारों का समावेश आवश्यक है। यह विकास वर्ग शिक्षकों के कौशल और व्यक्तित्व को निखारने में सहायक सिद्ध होगा।

# किसी भी स्तर पर देरी नहीं होगी बर्दाश्त: कमलेश

## आचार संहिता खत्म होते ही बिल्डिंग का काम शुरू करने का अल्टीमेटम



ढलियारा स्कूल कैंपस में जमीन का निरीक्षण करते हुए विधायक कमलेश ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सालविया शर्मा, गरली।** ढलियारा में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव अब तय नजर आ रहा है। डे-बोर्डिंग स्कूल की महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर सरकार ने रफ्तार पकड़ ली है और विधायक कमलेश ठाकुर ने खुद मौके पर पहुंचकर यह साफ कर दिया है कि अब किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं होगी।

शुक्रवार को पूरे सरकारी अमले के साथ ढलियारा स्कूल कैंपस पहुंचीं विधायक कमलेश ठाकुर ने जमीन का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए और साफ शब्दों में कहा कि अब काम फाइलों में नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने निर्माण स्थल का बारीकी से जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की पूरी रूपरेखा पर चर्चा की। स्कूल की ड्राइंग, डिजाइन और निर्माण से जुड़े हर तकनीकी पहलू को समझते हुए उन्होंने दो टूक कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए और एक साल के भीतर इस डे-बोर्डिंग स्कूल को हर हाल में तैयार कर जनता को समर्पित किया जाए।

कमलेश ठाकुर ने बताया कि यह डे-बोर्डिंग स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध होगा, जिससे ढलियारा और आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगी। उन्होंने इसे पूरे देहरा क्षेत्र के लिए गेम चेंजर बताते हुए कहा कि इससे शिक्षा का स्तर नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा और अभिभावकों को बच्चों को बाहर भेजने की मजबूरी खत्म होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पशुशाला में लगी आग, एक गाय की मौत



**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिला के टौणी देवी विकास खंड के तहत झनिक्कर गांव में शुक्रवार को एक पशुशाला में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयासों में जुट गए। जानकारी के अनुसार यह आग राज कुमार विक्की (पुत्र बीरबल) की पशुशाला में लगी। आग इतनी भयानक थी कि उसमें एक गाय जलकर मर गई, जिससे पशुपालक परिवार को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही अग्नि शमन विभाग की गाड़ियां भोरंज और हमीरपुर से मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया। वहीं पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने में जुटी रही। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

### नीट के उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध रहेगी बस सेवा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा रविवार 3 मई को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट (यूजी)-2026 के लिए हमीरपुर शहर और इसके आस-पास के शिक्षण संस्थानों में कुल 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला हमीरपुर के परीक्षा केंद्रों के समन्वयक एवं उपायुक्त हमीरपुर के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा ने बताया कि उम्मीदवारों की सुविधा के लिए हमीरपुर बस स्टैंड से विशेष बसों का प्रबंध भी किया जा रहा है उन्होंने बताया कि हमीरपुर शहर से दूर के परीक्षा केंद्रों जैसे-एनआईटी, एचपीटीयू, डिग्री कॉलेज और केंद्रीय विद्यालय के लिए बस स्टैंड पर सुबह 9 बजे से एचआरटीसी की विशेष बस सेवा उपलब्ध रहेगी। परीक्षा की समाप्ति पर शाम 5 बजे इन केंद्रों पर भी एचआरटीसी की बसें उपलब्ध रहेंगी।

### मजदूर अधिकारों के लिए संघर्ष का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सीटू ने नादौन के चोई स्थित धौलासिद्ध हाइड्रो प्रोजेक्ट में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाते हुए मजदूर अधिकारों की रक्षा का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने 1886 के शिकागो आंदोलन का उल्लेख करते हुए आठ घंटे कार्य दिवस की मांग को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों में बदलाव से मजदूर हित प्रभावित हो रहे हैं और नई श्रम संहिताएं असुरक्षा बढ़ा रही हैं। कार्यक्रम में सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ कश्मीर ठाकुर ने कहा कि सरकार की नीतियां पूंजीपतियों के पक्ष में हैं और मजदूरों पर दबाव बढ़ रहा है। आज मजदूरों को इस अवसर पर संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ कश्मीर ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार पूरे देश को चंद पूंजीपतियों के हवाले कर रही है उनके फायदे के लिए ही श्रम कानूनों को खत्म किया गया है जिसके विरोध में देश भर के मजदूर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने मजदूरों से अपनी मांगों को हासिल करने के साथ साथ वर्ग संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सीटू के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, प्रताप राणा, रंजन शर्मा, नवीन कुमार सहित सैंकड़ों मजदूरों ने हिस्सा लिया।

# हमीरपुर जिले की किसी भी पंचायत ने नहीं भरा निर्विरोध बनने का दम

## चुनावी माहौल तेज, सभी पंचायतों में चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक उम्मीदवार तैयार

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार ने पंचायत चुनावों में निर्विरोध चयन करने पर लाखों रूपए के अनुदान देने की घोषणा की है। निर्विरोध पंचायत बनने पर पहले 10 लाख रुपए का अनुदान दिया जाता था, जबकि इस बार यह राशि बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी है। जिला हमीरपुर में 242 पंचायतों में चुनाव होने हैं जिसके सभी पंचायतों में चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं और उम्मीदवार भी अपने दावे पेश कर रहे हैं।

पंचायत चुनावों को लेकर गांव-गांव में बैठके आयोजित की जा रही है जिससे उम्मीदवार बनाने को लेकर चर्चा की जा रही है। हमीरपुर जिला में एक ऐसी पंचायत भी है तो तीन बार निर्विरोध चुनी गई है, लेकिन पिछली बार इसमें चुनाव करवाए गए थे। ग्राम पंचायत बनाल तीन बार निर्विरोध चुनी गई और जो राशि अनुदान के रूप में मिली उसे विकास कार्यों में लगाया गया। इस बार भी इस पंचायत में चुनाव करवाए जाने की संभावना लग रही है, क्योंकि प्रधान पद महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। इसमें यह बात समझने वाली है कि जब जब यह पंचायत निर्विरोध बनी उस समय प्रधान पद पुरूष उम्मीदवार के लिए आरक्षित था, लेकिन जब से प्रधान पद महिला उम्मीदवार के आरक्षित किया गया है चुनाव ही करवाए जा रहे हैं। पूर्व में रहे प्रधानों का कहना है कि महिला उम्मीदवारों को समझाना बहुत मुश्किल है। जबकि पुरूष उम्मीदवार सर्वसहमति के लिए राजी हो जाते थे।

बता दें कि ग्राम पंचायत बनाल वर्ष 1995-96, 2005-06 और 2015-16 निर्विरोध चुनी जा चुकी है। दो बार 10-10 लाख और एक बार कुछ भी नहीं मिला है। इस बार भी इन पंचायत चुनावों में निर्विरोध बनाने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी बात बनती नहीं दिख रही है। वर्ष 2015-16 के चुनावों में ग्राम पंचायत बनाल और ग्राम पंचायत हणोह निर्विरोध चुनी गई थी जबकि इसके बाद पंचायत चुनावों में जिला हमीरपुर में किसी पंचायत में निर्विरोध बनाने को लेकर दम नहीं भरा।

### 7, 8 और 11 मई को दाखिल होंगे नामांकन पत्र

**गौर** रहे कि इन पंचायतीराज संस्थाओं के विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र 7, 8 और 11 मई को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे और 12 मई को सुबह 10 बजे से नामांकन पत्रों की जांच शुरू होगी। 14 और 15 मई को सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 15 मई को शाम को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। पंचायत को निर्विरोध चुनने के लिए 15 मई तक समय उसके बाद चुनाव ही करवाए जाएंगे। निर्विरोध चुने जाने पर अनुदान स्वरूप मिली राशि को पंचायत विकास कार्यों पर खर्च कर सकती है। यह राशि चुनाव होने के लगभग 4-5 माह बाद मिल जाती है। जिला पंचायत अधिकारी बबीता ने बताया कि अभी निर्विरोध बनाने को लेकर उनके पास कोई सूचना नहीं आई है। उन्होंने कहा कि जो पंचायत निर्विरोध चुनी जाएगी उसे 25 लाख रुपए की राशि इनाम स्वरूप मिलेगी जिसे पंचायत पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले विकास कार्य पर खर्च कर सकते है।

# हेट स्पीच मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला सत्य व न्याय की जीत: भाजपा

अनंत ज्ञान



◆ विधायक लखनपाल और आशीष शर्मा ने अनुराग को दी शुभकामनाएं

**हमीरपुर।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर को वर्ष 2020 के कथित हेट स्पीच मामले में क्लीन चिट दिए जाने पर भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल और विधायक आशीष शर्मा ने स्वागत जताया है। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि यह फैसला सत्य, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत का प्रतीक है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने राजनीतिक द्वेष के चलते वर्षों तक भाजपा नेताओं के खिलाफ दुष्प्रचार किया और अनुराग ठाकुर को भी इसी मानसिकता के तहत निशाना बनाया गया। विधायकों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्णय ने यह साबित कर दिया है कि लगाए गए आरोप तथ्यहीन थे और केवल भ्रम फैलाने के उद्देश्य से प्रचारित किए गए थे।

इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने हमेशा राष्ट्रहित, विकास और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता उन्हें एक सकारात्मक और दूरदर्शी नेता के रूप में देखती है। ऐसे में उन पर दुर्भावना से प्रेरित आरोप लगाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ था। विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि न्यायालय ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर स्पष्ट किया कि कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता। इससे देश की न्यायपालिका की निष्पक्षता और मजबूती भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस मामले को राजनीतिक हथियार बनाने की कोशिश की, लेकिन अंततः सत्य की ही जीत हुई। दोनों विधायकों ने कहा कि भाजपा हमेशा सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए न्यायपालिका के प्रति आभार व्यक्त किया और अनुराग ठाकुर को शुभकामनाएं दीं।

# डॉ. रविंद्र कुमार को मिली पीएचडी सुपरवाइजर/गाइड के रूप में मान्यता

अनंत ज्ञान



**नादौन।** नादौन के डॉ. रविंद्र कुमार समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी सुपरवाइजर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के साथ अब डॉ. रविंद्र कुमार शोधार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए अधिकृत हो गये हैं। जिससे कुरुक्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि इन सभी के समर्थन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। डॉ. रविंद्र अब तक 38 शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं, वहीं उन्होंने 15 पुस्तकों में भी अपने लेख प्रकाशित किए हैं और साथ में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से दो प्रोजेक्ट भी किए है। इसके अलावा उन्होंने 35 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से पीएचडी व ट्राइबल स्टडीज विभाग में गोल्ड मेडलिस्ट रहे है। इसके साथ इन्होंने इतिहास में रू की उपाधि भी ग्रहण की है। ट्राइबल स्टडीज विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पांच साल रिसर्च फैलो की सेवाएं भी दी है इसके बाद 2009 में कॉलेज कैडर में आने के बाद उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। और वर्तमान में उत्कृष्ट महाविद्यालय संजौली शिमला में अपनी सेवाएं दे रहे है। डॉ. रविन्द्र कुमार की इस उपलब्धि पर शिक्षण संस्थानों और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। युवाओं को प्रेरित करते हुए, उन्होंने कहा कि संघर्ष जितना बड़ा होगा, सफलता उतनी ही शानदार होगी — इसलिए रुकना नहीं है।

# हमीरपुर डिपो की जेएनएनयूआरएम बसें बनीं खतरा

## दस सालों से चलाई बसों के चलती बार नहीं होते दरवाजे बंद, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पिछले करीब दस वर्षों से हमीरपुर डिपो में आधुनिक डिजायन व सुरक्षा दृष्टि से उपलब्ध करवाई जेएनएनयूआरएम की खटारा हो चुकी बसों में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

हालात ये हैं कि जिन सुविधाओं से इन्हें लैस करके चलाया गया था, अब वर्तमान में उनमें से एक भी सुविधा इन बसों में नहीं है बल्कि उल्टा यात्रियों की सुरक्षा यात्रा के दौरान सुरक्षित नहीं रही है। बताते चलें कि हमीरपुर डिपो में उपलब्ध 46 बसों के मध्य में एक ही चौड़ा दरवाजा स्थित है जबकि दूसरा दरवाजा चालक के सामने स्थित है।

पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां बसों के दरवाजे बंद होना जरूरी है, लेकिन हमीरपुर डिपो में स्थित 46 ऐसी बसों के दरवाजे अब बंद नहीं हो पाते और न ही चालक या परिचालक इस असुविधा की ओर कोई ध्यान देते है। लिहाजा सर्दियों में मोड़ पर सवारियां अपनी सुरक्षा स्वयं करने पर मजबूर है। ऐसा नहीं है कि इन बसों में ये असुविधा अब आई हो, ये असुविधा पिछले लंबे समय से चली आ रही है।

जब भी इस बारे स्थानीय आरएम को सूचित किया जाता है तो एक ही जवाब अकसर आता है कि शीघ्र ही इन्हें ठीक करवाया जाएगा। आज तक न तो ये असुविधा ठीक हो पाई और न ही इन बसों के अंदर जो सुविधाएं थीं उन्हें कभी चैक तक नहीं किया गया।

हालात ऐसे हैं कि इनमें लगे कैमरे, सूचना देने वाले माइक की जगह कई बसों में गाने चलते है और आज तक इनमें लगाई सीटों के कवर तक को नहीं बदला गया, लिहाजा कई बार सवारियों के कपड़े तक इन सीटों पर बैठने से खराब हो जाते है। खासतौर पर महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनमें बाकायदा कैमरे तक स्थापित थे, जो आज कहां है किसी को पता नहीं है।

### सुविधाओं के बजाय ऐसी हैं असुविधाएं



**वर्तमान** में अंदर दी गई एक भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा यात्रियों को चौड़े दरवाजे खुले होने के कारण फराटेदार हवा के साथ बाहर की तरफ से हवा के साथ आने वाली धूल तक को सहन करने पड़ता है। मोड़ पर किसी भी सवारी का बाहर गिरने का पूरा खतरा बना रहता है। इसमें बच्चों व बजुर्गों के लिए ज्यादा खतरा रहता है।

### जेएनएनयूआरएम की बसों में थीं ये सुविधाएं जो अब हैं गायब

अनंत ज्ञान मुद्दा

**बताते** चलें कि इसमें सीसीटीवी कैमरे बस के अंदर की हर गतिविधि को रिकार्ड करने के लिए लगे थे, जो सुरक्षा दृष्टि से अहम माने जाते रहे। आधुनिक डिजायनव सुरक्षा के लिए फ्रंट फेसिया, चौड़े और नीचे की ओर खुलने वालेप्रवेश व निकास द्वार है। ये बसें ऑन बोर्ड डायग्नोस्टिक के माध्यम से एक केंद्रीय नियंत्रण सर्वर से जोड़ी थी, जिसमें रियल टाइम प्रदर्शन की निगरानी होती थी। इसके अलावा गंतव्य और मार्ग की जानकारी के लिए, आधुनिक डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम उपलब्ध थे। अब बसों में कम ही सुविधाएं हैं।

### शीघ्र करवाया जाएगा ठीक: आरएम

**इस** बारे आरएम राहुल कुमार का कहना है कि ऐसी असुविधा नहीं हो सकती है। यदि ऐसा है तो इन्हें शीघ्र ठीक करवाया जाएगा।

# बस्सी-तताहर सड़क का निर्माण कार्य दो साल बाद भी अधूरा

## लोक निर्माण विभाग और सड़क निर्माण कंपनी पर लापरवाही के आरोप, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**जाहू।** लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अधीन बन रही बस्सी से तताहर करीब 11 किलो मीटर सड़क का निर्माण कार्य दो साल में भी खत्म नहीं हो पाया है। जिससे अब लोगों का गुस्सा फूटने लगा है और आंदोलन करने के चेतावनी दी है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बन रही इस सड़क का निर्माण कार्य 31 मार्च, 2024 को शुरू किया गया है तथा इसकी समाप्ति 30 सितंबर, 2025 निर्धारित की गई थी, लेकिन सड़क निर्माण कंपनी निर्बध की धीमी गति से जारी कार्य की बजह से दो सालों में भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है।

सड़क से हो रही परेशानी की वजह से कई बार पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण विभाग व कंपनी के अधिकारियों पास अपना विरोध जता चुके हैं। इसके बावजूद भी निर्माण कार्य में तजी नहीं आई है। जिससे अब दोबारा लोगों को गुस्सा फुटने लगा है। हालांकि कंपनी द्वारा टारिंग का कार्य पूर्ण कर लिया है जबकि कक्कड़ से पलपल तक अभी तक 10 स्पॉट सीमेंट के पेबर ब्लॉक लगाने का इंजतार कर रहे है। कच्चे छोड़े स्पॉट की कैमिकल युक्त धूल उड़ रही है जिससे लोगों को सांस की बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

कक्कड़ में सड़क पर सीमेंट के पेबर ब्लॉक का कार्य चार दिनों से बंद पड़ा है। बताया गया है कि सीमेंट के पेबर ब्लॉक व अन्य सामग्री खत्म हो गई है। जिससे कार्य बंद करना पड़ा है। इसी तरह अभी तक पानी की निकासी की नालियों का निर्माण कार्य भी कंपनी पूर्ण नहीं कर पाई है।



बस्सी-तताहर सड़क पर कक्कड़ सीमेंट के पेबर ब्लॉक खत्म होने से बंद पड़ा कार्य। अनंत ज्ञान

### बरसात आने से पहले कार्य पूर्ण नहीं किया तो चक्का किया जाएगा जाम

**कंपनी** और विभाग के लापरवाही के कारण बस्सी से तताहर सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है। इससे बार-बार बंद हो रही सड़क के लोगों व स्कूली बच्चों को आने-जाने के लिए दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर बरसात के मौसम से पहले सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया, तो चक्का जाम किया जाएगा। सड़क पर कच्चे छोड़े स्पॉट की वजह से धूल ही धूल उड़ रही है। इससे साथ लगते घरों में रह रहे लोगों को बेहद दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। साई विजन स्कूल भरेड़ी के पास भी पेबर ब्लॉक लगाने के लिए स्पॉट छोड़ा गया है।

### पेबर ब्लॉक की 4 गाड़ियां पहुंची, जल्द ही शुरू होगा कार्यः इस्माल खान

**निर्भय** कंस्ट्रक्शन कंपनी तरबगंज उत्तर प्रदेश के इंजीनियर इस्माल खान का कहना है कि सड़क के कार्य पूर्ण करने और इसे विभाग के पास हैंडओवर करने का लक्ष्य मई माह रखा है। पेबर ब्लॉक की चार गाड़ियां आ चुकी हैं। जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। अभी तक 800 मीटर में पेबर ब्लॉक लगाने का कार्य बचा है।

# अस्पतालों की सेवाओं में सुधार करना व जनता का भरोसा बढ़ाना ही उद्देश्य: डोगरा

अनंत ज्ञान



तनबोल स्वास्थ्य उप केंद्र का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** स्वस्थ शरीर, स्वस्थ राष्ट्र आधार ही स्वास्थ्य गुणवत्ता ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात डॉ. सुरिंद्र सिंह डोगरा व डॉ. विजय ने कही। जब राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की टीमें जिला बिलासपुर के नैनादेवी ब्लॉक का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस निरीक्षण के पांचवे दिन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तनबोल स्वास्थ्य उप केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा, जो हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर संघ के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष भी हैं, उन्होंने बताया कि एनक्यूएएस एक विस्तृत गुणवत्ता ढांचा है जो स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, रोगी-केंद्रित देखभाल, सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य 12 क्षेत्रों के आधार पर अस्पतालों का मूल्यांकन करना है, जिनमें सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, इनपुट, सहायक सेवाएं और क्लिनिकल देखभाल शामिल हैं। एनक्यूएएस सर्टिफिकेट भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं को दी जाने वाली एक मान्यता है, जो बेहतर रोगी देखभाल, सुरक्षा और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के लिए दिया जाता है। इस अवसर पर डॉ. रूचि, मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज हॉस्पिटल, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर बाल कृष्ण शर्मा, विपिन स्टाफ और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर निशा ने डॉ. सुरिंद्र और डॉ. विजय का स्वागत और स्मृति चित्र देकर सम्मानित किया।

# राहुल गांधी की ऊर्जा व नेतृत्व से हिमाचल कांग्रेस संगठन को नई ताकत मिली: सुमन

अनंत ज्ञान



सुमन भारती ने ब्लॉक अध्यक्षों को सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने हमीरपुर के विश्राम गृह में जिले के पांचों नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने की रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की ऊर्जा और जोश ने पूरे हिमाचल कांग्रेस में नई जान फूंक दी है। धर्मशाला में आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला में राहुल गांधी ने जो दिशा-निर्देश दिए हैं, उन्हें हमीरपुर जिले में जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा।

सुमन भारती ने कहा कि राहुल गांधी की एनर्जी से कांग्रेस का संगठन अब और मजबूत हुआ है। हम हर घर, हर गांव तक पार्टी की पहुंच बनाएंगे। इसके लिए उन्होंने अनोखी पहल 'एक गांव, एक रात' कार्यक्रम की शुरुआत करने का ऐलान किया। जिलाध्यक्ष स्वयं गांवों में जाकर रात्रि विश्राम करेंगे और लोगों को कांग्रेस की नीतियों व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराएंगे। सुमन भारती ने बताया कि जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार जल्द किया जाएगा, ताकि संगठन को नीचे से ऊपर तक सशक्त बनाया जा सके। धर्मशाला कार्यशाला में मिली ट्रेनिंग को ब्लॉक अध्यक्षों के साथ साझा किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन मजबूती के लिए हर ब्लॉक में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिससे कांग्रेस की विचारधारा गांव-गांव तक पहुंचे। नगर परिषद व नगर पंचायत चुनाव को लेकर सुमन भारती ने कहा कि हालांकि ये चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं हो रहे, लेकिन कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। पार्टी जमीनी स्तर पर लोगों को साथ लेकर ही निर्णय लेगी, ताकि संगठन को मजबूती मिले। प्रत्याशियों के नाम जल्द ही घोषित कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर जिला हमीरपुर से सभी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने सम्मानित भी किया।

टूर्नामेंट **18वीं जिला स्तरीय आईटीआई खेलकूद प्रतियोगिता में आईटीआई रैल को 59-45 से हराया**

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आईटीआई लंबलू का दबदबा

अनंत ज्ञान

◆ आज होगा समापन
एसपी होंगे मुख्य अतिथि

**हमीरपुर।** 18वीं जिला स्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन सर्वप्रथम एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं शुरू हुई। 100 मीटर की दौड़ में जेपी आईटीआई समीरपुर के हर्ष ने प्रथम स्थान, आईटीआई भोरंज के कर्णभारती ने दूसरा स्थान तथा आईटीआई सुजानपुर के रोहित धीमान ने तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर की दौड़ में आईटीआई लंबलू के हितेश ने प्रथम स्थान आईटीआई उटपुर के आशीष ने द्वीतीय स्थान तथा स्टेट ऑफ आर्ट आईटीआई हमीरपुर के अभीषेक अत्री ने तीसरा स्थान हासिल किया।

400 मीटर की दौड़ में आईटीआई बणी के अंकित ने प्रथम स्थान, चमन प्राइवेट आईटीआई के रोहित ने दूसरा स्थान तथा आईटीआई उटपुर के आशीष ने तीसरा स्थान हासिल किया। 800 मीटर की दौड़ में आईटीआई सुजानपुर के अंकुश चैधरी ने प्रथम स्थान, जेपी प्राईवेट आईटीआई समीरपुर के हर्ष ने दूसरा स्थान तथा आईटीआई सुजानपुर के अखिल चौधरी ने तीसरा स्थान हासिल किया। 1600 मीटर की दौड़ में आईटीआई भोरंज के आशीष मंडियाल ने प्रथम स्थान स्टेट ऑफ आर्ट आईटीआई हमीरपुर के अभीषेक अत्री ने दूसरा स्थान तथा आईटीआई सुजानपुर के अंकुश चैधरी ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके पश्चात बास्केटबॉल का फाइनल मैच आईटीआई रैल और आईटीआई लंबलू के बीच हुआ जिसमें आईटीआई लंबलू ने आईटीआई रैल को 59-45 से हराया।


कबड्डी के पहले सेमीफाइनल मैच में जेपी प्राइवेट आईटीआई समीरपुर ने आईटीआई रैल को 47-45 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मां ज्वाला प्राइवेट आईटीआई ने चमन प्राइवेट आईटीआई को 45-17 से हराया। वॉलीबॉल का पहला सेमीफाइनल मैच चमन प्राइवेट आईटीआई व. जेपी प्राइवेट आईटीआई समीरपुर के बीच खेला गया जिसमें चमन प्राइवेट आईटीआई ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल का दूसरा सेमीफाइनल मैच आईटीआई भोरंज तथा ज्योत्सना प्राइवेट आईटीआई के बीच खेला गया। जिसमें आईटीआई भोरंज ने जीत हासिल की। इस 18वीं जिला स्तरीय आईटीआई पुरुष वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज होगा। इसमें पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर बलवीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी आईटीआई भोरंज के प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर ने दी।



जिला स्तरीय आईटीआई खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

# एचआरटीसी की खस्ताहाल व्यवस्था उजागर: चंबा-दुलारा बस का टायर फटा

अनंत ज्ञान



**चंबा।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की लचर व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। चंबा से दुलारा की ओर जा रही एक बस का बीच रास्ते अचानक टायर फट गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बस में सवार यात्रियों की जान उस समय खतरे में पड़ गई, लेकिन चालक की सूझबूझ से वाहन को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया और सभी सवारियां सुरक्षित बच गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चंबा से सवारियां लेकर दुलारा की ओर जा रही थी, तभी बीच सड़क में अचानक टायर फट गया। अगर चालक ने तत्परता नहीं दिखाई होती, तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। इस घटना ने एक बार फिर निगम की पुरानी व जर्जर बसों की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से जिला चंबा में एचआरटीसी बसों की खराब स्थिति को लेकर कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई रूट बसों की कमी व खराब हालत के कारण प्रभावित हो रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि निगम के पास पर्याप्त बसें न होने के कारण कई रूट बंद करने पड़े हैं। हाल ही में भरमौर से कांगड़ा के कुछ रूट भी प्रभावित हुए हैं, वहीं बैजनाथ-होली-फटाहर मार्ग को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली है व विरोध भी दर्ज कराया गया है। इस संबंध में एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक युगल सिंह ने बताया कि निगम को अभी तक सरकार की ओर से नई बसें उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं, जिसके चलते संचालन में दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार व निगम से मांग की है कि जल्द नई बसें उपलब्ध करवाई जाएं व पुरानी बसों को बदला जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके व परिवहन व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, जिला एवं सत्र न्यायधीश अनुजा सूद ने की अध्यक्षता

# मुफ्त कानूनी सहायता की दी जानकारी

अनंत ज्ञान



**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर भलेई माता मंदिर परिसर में विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायधीश अनुजा सूद ने की।

शिविर में जिला एवं सत्र न्यायधीष ने श्रमिकों के आधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस हर वर्ष 1 मई को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और कामगारों के सम्मान, उनके अधिकारों और उनकी मेहनत को पहचान देने के लिए समर्पित है। उन्होंने इस दौरान श्रमिकों के अधिकारों जैसे उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण और सामाजिक सुरक्षा पर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। जिला एवं सत्र न्यायधीष ने इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के विकास के लिए आवश्यक है। जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और सशक्त होंगी, तभी एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण एकांश कपिल ने विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि असहाय, अपंग, औरतों, बच्चों, औद्योगिक कामगार, मानसिक अस्वस्थ, अनुसूचित जाति व जनजाति से संबंधित, बाढ़, भूकंप, सूखा, जाति अत्याचार, औद्योगिक संकट, मानव दुर्व्यवहार, बेगार के शिकार व्यक्तियों को जिनकी समस्त साधनों से वार्षिक आय तीन लाख से कम हो उनको प्राधिकरण निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है। उन्होंने शिविर में मौलिक आधिकारों, मौलिक कर्तव्यों व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की।

उन्होंने कहा कि मुकदमों को तुरंत निपटाने के लिए प्राधिकरण राष्ट्रीय, राज्य, जिला तथा उपमंडल स्तर पर नियमित लोक अदालतों का आयोजन करता है। यदि उनके कानूनी अधिकारों का अतिक्रमण हो तो उनके समाधान के बारे में भी बताता है। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी साझा करते हुए नागरिकों से किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाने का आवाहन किया। ट्रेफिक मैजिस्ट्रेट डॉ.पार्थ जैन ने भी इस अवसर पर यातायात नियमों की महत्त्वता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने विशेष रूप से हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन चलाने के खतरों, ओवरलोडिंग तथा नशे की हालत में ड्राइविंग के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। ट्रैफिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमें सतर्क रहना होगा और नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना और दंड का प्रावधान भी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सड़क संकेतों, पैदल यात्रियों के अधिकारों तथा सुरक्षित ड्राइविंग के मूलभूत सिद्धांतों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# डलहौजी नप चुनाव: 'नाकामी का हिसाब' मांग रही जनता: अजय

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** आगामी डलहौजी नगर परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच आम आदमी पार्टी जिला चंबा के संयोजक अजय अटवाल ने डलहौजी नगर परिषद के वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डलहौजी आज प्रदेश की सबसे पिछड़ी नगर परिषदों में शामिल हो चुकी है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी वर्षों से सत्ता में रहे एमसी सदस्य, मेयर और डिप्टी मेयर पर है।



अजय अटवाल ने कहा कि डलहौजी की बदहाल स्थिति किसी एक दिन की देन नहीं, बल्कि वर्षों की राजनीतिक लापरवाही, दूरदृष्टि की कमी व निजी स्वार्थों का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि शहर के विकास के बजाय व्यक्तिगत हितों व अहंकार की राजनीति में उलझे रहे, जिस कारण डलहौजी विकास की दौड़ में लगातार पिछड़ती चली गई। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जो चेहरे वर्षों तक विकास के नाम पर कुछ ठोस नहीं कर पाए, वे अब फिर जनता से एक और मौका मांग रहे हैं। अटवाल ने कहा कि चुनाव आते ही ये नेता अपनी विचारधारा व राजनीतिक मतभेद तक भुलाकर सत्ता के लिए एकजुट हो जाते हैं, जिससे साफ है कि उनकी प्राथमिकता जनता नहीं, बल्कि कुर्सी केंद्रित है। विकास के मुद्दे पर अटवाल ने नगर परिषद की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि डलहौजी में वर्षों से बड़े-बड़े वादे व शिलान्यास तो हुए, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास नगण्य रहा। उन्होंने कहा कि शहर आज भी पेट्रोल पंप, आईएसबीटी, पर्याप्त पार्किंग, रोपवे व एडवेंचर पर्यटन गतिविधियों जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

उन्होंने नगर परिषद पर बुनियादी जिम्मेदारियों में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि स्ट्रीट लाइटों के बिजली बिल तक लंबित हैं व एमसी कर्मचारियों के वेतन में भी देरी होती है, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। अजय अटवाल ने कहा कि डलहौजी को कुछ नेताओं ने अपनी निजी जागीर समझ लिया है, जहां आम नागरिक की आवाज को लगातार नजरअंदाज किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस बार जनता सब समझ चुकी है व वोट अब चेहरे नहीं, बल्कि विजन और विकास के नाम पर पड़ेगा।

# मजदूरों की वर्तमान चुनौतियों पर जताई चिंता

अनंत ज्ञान



**सुरंगानी।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मजदूर एकता व अधिकारों की लड़ाई का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सीटू जिला कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र विरुद्ध द्वारा झंडा फहराकर की गई, जिसके बाद 1886 के शिकागो के शहीद मजदूरों तथा बैरा स्यूल परियोजना के निर्माण के दौरान शहीद हुए 147 मजदूरों को शहीदी स्मारक पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समारोह की मुख्यातिथि सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर रहीं, जिन्होंने अपने संबोधन में मजदूर वर्ग की वर्तमान चुनौतियों पर चिंता जताई। कार्यक्रम में विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारियों ने एक सुर में कहा कि जिन अधिकारों को मजदूरों ने वर्षों के संघर्ष से हासिल किया, आज वे दोबारा खतरे में हैं और उन्हें कमजोर करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। चमेरा-2 और चमेरा-3 वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष आयूब खान और संजय कुमार, आंगनबाड़ी जिला उपाध्यक्ष चंपा देवी, बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के कोषाध्यक्ष धर्मचंद तथा महासचिव कुशल ठाकुर सहित अन्य वक्ताओं ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मजदूर अब अन्याय और शोषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां मजदूर विरोधी हैं, जिसके खिलाफ देशभर में मजदूर सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान बैरा स्यूल परियोजना में दुनी चंद की बहाली को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया, जो आज ग्यारहवें दिन में प्रवेश कर गया है। यूनियन ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

यूनियन ने मांग की है कि दुनी चंद को तुरंत प्रभाव से नौकरी पर बहाल किया जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मजदूर दिवस पर उठी यह आवाज अब बड़े संघर्ष की आहट दे रही है, जिससे आने वाले दिनों में बैरा स्यूल परियोजना में माहौल और गर्माने के संकेत मिल रहे हैं।

# गर्भवती को अस्पताल ले जा रही कार पलटी, पांच घायल

**अनंत ज्ञान, कोटी।** जिला चंबा में शुक्रवार सुबह कोटी पुल के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। प्रसव के लिए अस्पताल ले जाई जा रही एक महिला को लेकर चंबा की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के समय वाहन में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह के समय कोटी पुल के पास कार का चालक वाहन से संतुलन खो बैठा, जिसके चलते गाड़ी सड़क से नीचे पलटकर दूसरी सड़क पर जा गिरी। दुर्घटना इतनी अचानक हुई कि वाहन में बैठे लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे व बिना समय गंवाए राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि कार में सवार एक महिला को प्रसव के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही यह हादसा हो गया, जिससे परिवार के सदस्यों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है व दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस हादसे ने एक बार फिर पहाड़ी सड़कों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की मांग की है।

# माता चामुंडा जातर मेले में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक माता चामुंडा मंदिर में आयोजित जातर मेले में आस्था, परंपरा व संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।



माता चामुंडा जातर मेले के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा, जहां भक्तों ने माता चामुंडा व माता बैरा वाली के एक साथ दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता बैरा वाली अपने पवित्र देव स्थल देवीकोठी मंदिर से अपनी बहन माता चामुंडा से मिलने चंबा पहुंची। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह देव मिलन क्षेत्र की प्राचीन आस्था व परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दौरान दोनों देवियां 12 दिनों तक माता चामुंडा मंदिर में एक साथ विराजमान रहती हैं, जिसे देखने व आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचते हैं। जातर मेले के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में खड़े होकर दर्शन किए, वहीं मेले में सजी विभिन्न दुकानों व पारंपरिक व्यंजनों का भी लोगों ने आनंद लिया। मेले का सबसे आकर्षक दृश्य उस समय देखने को मिला जब देवीकोठी से आए श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों ने पारंपरिक देव नृत्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज व जयकारों के बीच पूरा क्षेत्र भक्ति व उल्लास से भर उठा। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि यह मेला



केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि चंबा की सांस्कृतिक विरासत व लोक आस्था का प्रतीक है। वहीं, माता बैरा वाली के साथ आए पुजारियों ने कहा कि यह परंपरा सदियों पुरानी है, जो आज भी पूरी श्रद्धा व रीति-रिवाजों के साथ निभाई जा रही है।

मान्यता है कि जब तक माता बैरा वाली चंबा में अपनी बहन माता चामुंडा के साथ रहती हैं, तब तक क्षेत्र में मौसम ठंडा बना रहता है और रुक-रुक कर वर्षा होती रहती है। शाम के समय माता बैरा वाली की देवीकोठी वापसी पर भावुक विदाई का दृश्य देखने के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होंगे। माता चामुंडा जातर मेला एक बार फिर आस्था, संस्कृति व परंपरा के जीवंत उत्सव के रूप में सामने आया, जिसने चंबा की धार्मिक पहचान को और अधिक सशक्त किया।

# संघर्ष से सफलता तक: कौशिक की पीएचडी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान एकता कौशिक ने एंटोमोलॉजी (कीट विज्ञान) विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



एकता कौशिक ने यह सफलता अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर हासिल की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. अजय सूद के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसमें उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शोध क्षमता की विशेष सराहना की गई। यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। एकता कौशिक, पिता नेमी प्रसाद और माता तारा देवी की सुपुत्री हैं तथा प्रतिष्ठित पुरोहित परिवार से संबंध रखती हैं।

उनके भाई रजत और भाभी मेहुल सहित पूरे परिवार ने इस गौरवपूर्ण क्षण पर हर्ष व्यक्त किया और इसे पूरे परिवार के लिए गर्व का विषय बताया। जगतसुख क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने एकता कौशिक की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि एकता की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को और मजबूत करेगी।

# चंद्रमणी कुलेठी ने राहुल गांधी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** संगठन सृजनात्मक अभियान के तहत भरमौर के युवा नेता म प्रदेश यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष व प्रभारी यूथ कांग्रेस जिला कांगड़ा चंद्रमणी कुलेठी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। चंद्रमणी कुलेठी वर्तमान में यूथ कांग्रेस कांगड़ा के प्रभारी हैं। उनके स्वागत के लिए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने कुलेठी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें 'बब्बर शेर' बताया और उनकी पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को ऐसे ही जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है, जो संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बना सकें।

# आस्था को ठेस: माता की चुन्नी से बांधा कचरा, श्रद्धालु ने खुद हटाकर दिया सम्मान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** धार्मिक आस्था और परंपराओं के लिए विख्यात देवभूमि चंबा में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने लोगों की भावनाओं को झकझोर कर रख दिया।



लक्ष्मी नारायण मंदिर से रंग महल की ओर जाते मार्ग पर कूड़ेदान में माता की पवित्र चुन्नी से कचरे को बांधा हुआ पाया गया, जिसे देखकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त हो गया। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। मौके पर मौजूद चामुंडा माता के ग्रहणु मनोज ठाकुर ने इस कृत्य पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे आस्था का सीधा अपमान बताया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जिस चुन्नी का स्थान घर के मंदिर में होता है, उसका इस प्रकार कचरे के साथ इस्तेमाल होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थिति को देखकर मनोज ठाकुर ने स्वयं आगे बढ़कर चुन्नी को कूड़ेदान से खोला, उसे साफ किया व सम्मानपूर्वक अलग रखा।

इस दौरान उन्होंने कहा, इसका स्थान मंदिर में है, न कि कचरे के साथ। उनके इस कदम को वहां मौजूद लोगों ने सराहा और इसे आस्था के प्रति सम्मान का उदाहरण बताया। मनोज ठाकुर ने यह भी कहा कि कुछ ही दिन पहले चामुंडा माता की जतर बड़े श्रद्धा भाव से निकाली गई थी, लेकिन इस तरह की घटना समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को दर्शाती है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय लोगों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि चंबा जैसी पवित्र भूमि पर इस प्रकार की घटनाएं न केवल शर्मनाक हैं, बल्कि समाज को गलत संदेश भी देती हैं। लोगों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी बढ़ाने और धार्मिक प्रतीकों के सम्मान को सुनिश्चित करने की अपील की है।

# आईपीएल के रंग में रंगेगा चौगान, पहली बार फैन पार्क में मिलेगा स्टेडियम जैसा रोमांच

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा का ऐतिहासिक चौगान मैदान अब क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रंग में रंगने जा रहा है। दो व तीन मई को चौगान नंबर-एक में पहली बार आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया जाएगा, जहां स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों को अपने ही शहर में स्टेडियम जैसा अनुभव मिलेगा।

इस दो दिवसीय आयोजन के दौरान मैदान में विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिस पर मैचों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। खास बात यह है कि इस आईपीएल सीजन में देश के 50 शहरों में फैन पार्क बनाए जा रहे हैं, जिनमें ऐतिहासिक चंबा भी शामिल है। इससे चंबा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने जा रही है। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि फैन पार्क में प्रवेश करने वाले दर्शकों को फ्री कूपन दिए जाएंगे, जिनके आधार पर लक्की ड्रॉ निकाला जाएगा। विजेताओं को खिलाड़ियों द्वारा साइन की गई टी-शर्ट जैसे आकर्षक इनाम मिलेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 2 मई को शाम 7 बजे से मैच का लाइव प्रसारण शुरू होगा, जबकि 3 मई (रविवार) को होने वाले दोनों मुकाबलों का आनंद दर्शक दोपहर से ही ले सकेंगे। इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए एंट्री पूरी तरह निशुल्क रखी गई है। फैन पार्क केवल मैच देखने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। मैदान में डीजे, लाइव म्यूजिक, बच्चों के लिए क्रिकेट आधारित खेल और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही खान-पान के स्टॉल व आकर्षक उपहार जीतने के मौके भी मौजूद रहेंगे। यह आयोजन चंबा की कला और संस्कृति को भी वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। अनुमान है कि इस आयोजन के माध्यम से 20 से 22 करोड़ लोग चंबा की ऐतिहासिक विरासत और खूबसूरती से रूबरू होंगे।

# डलहौजी में बुद्ध पूर्णिमा पर गूंजा शांति का संदेश

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर डलहौजी के बकरोटा स्थित तिब्बती सामुदायिक भवन में आध्यात्मिक आस्था और शांति का अद्भुत संगम देखने को मिला। तिब्बती समुदाय द्वारा आयोजित विशेष पूजा-अर्चना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान बुद्ध के उपदेशों को आत्मसात किया और विश्व शांति, मानव कल्याण एवं आपसी सद्भावना के लिए सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के तहत मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। बौद्ध भिक्षुओं द्वारा किए गए शांति पाठ ने उपस्थित लोगों को करुणा, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। हर व्यक्ति ने वैश्विक शांति और मानवता की भलाई के लिए एकजुट होकर संकल्प लिया। इस अवसर पर तिब्बती समुदाय के उन वीर भाई-बहनों को भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने देश और मानवता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर उनके त्याग व योगदान को नमन किया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर भद्रम में उमड़ा जनसैलाब

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर चंबा के भद्रम क्षेत्र ने वह दृश्य देखा, जो आने वाले वर्षों तक सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।



सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित विशेष सेवा कार्यक्रम में पहली बार बौद्ध समुदाय द्वारा दूध, रूहअफजा और तरबूज की सेवा की गई—लेकिन इस आयोजन की सबसे बड़ी ताकत बनी हरिपुर पंचायत के लोगों की अभूतपूर्व और दिल छू लेने वाली भागीदारी। धर्म, जाति और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर हरिपुर पंचायत के लोगों ने बौद्ध समुदाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेवा की, जिससे भद्रम में एकता, प्रेम और भाईचारे की अनोखी तस्वीर उभरकर सामने आई। चंबा में इस तरह का आयोजन पहली बार देखने को मिला, जिसने इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह आयोजन केवल सेवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बौद्ध धर्म को वह सम्मान और पहचान दिलाने की दिशा में एक मजबूत संदेश बनकर उभरा, जिसका वह लंबे समय से हकदार रहा है।

बुद्ध पूर्णिमा के इस अवसर ने कार्यक्रम को और भी आध्यात्मिक और भावनात्मक बना दिया। समाजसेवी ताशी दोरजे खम्पा ने इस मौके पर कहा कि भगवान बुद्ध का मार्ग शांति, करुणा और मानवता का मार्ग है, और जब समाज इस मार्ग पर एकजुट होकर चलता है, तो ऐसी प्रेरणादायक तस्वीरें सामने आती हैं। उन्होंने हरिपुर पंचायत के सहयोग को सच्चे अर्थों में सामाजिक समरसता की जीत बताया। इस आयोजन में हरिपुर पंचायत के पूर्व उप प्रधान सुनील कुमार, पूर्व वार्ड सदस्य केवल भाटिया, समाजसेवी हितेंद्र कुमार और समाजसेवा साहिल बेदी ने सक्रिय भूमिका निभाई और बौद्ध समुदाय के साथ मिलकर सेवा को सफल बनाया।

# चंबा जिले में तीन मामलों में केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करते हुए एक ही दिन में तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है। 1 मई 2026 को मादक पदार्थ, सड़क हादसे और अवैध शराब से जुड़े मामलों में अभियोग दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में पुलिस थाना तीसा की टीम ने नाकाबंदी के दौरान यूसुफ निवासी नेरा, तहसील चुराह के कब्जे से 12 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दूसरे मामले में पुलिस थाना चुवाड़ी में अजय कुमार की शिकायत पर कार चालक पुरुषोत्तम कुमार के खिलाफ तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज हुआ। हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। तीसरे मामले में पुलिस थाना किहार ने गश्त के दौरान विपिन कुमार की दुकान से 6000 एमएल अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चंबा में बुद्ध जयंती पर गूंजा अहिंसा व मानवता का संदेश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** बुद्ध जयंती के पावन अवसर पर चंबा में अंबेडकर मिशन सोसाइटी के तत्वावधान में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में अंबेडकर यूथ क्लब चंबा, गुरु रविदास सभा चंबा, गुरु रविदास महासभा चंबा, भीमा बाई महिला मंडल चंबा तथा अम्बेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ चंबा ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष तिलक राज हितैषी ने की, जबकि विभिन्न गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए महासचिव अनूप राही ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह द्वारा महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके पश्चात बुद्ध वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने तथागत महात्मा बुद्ध के जीवन, दर्शन और शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बुद्ध के अहिंसा, करुणा, प्रेम और शांति के सिद्धांतों को आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। अपने संबोधन में अध्यक्ष तिलक राज हितैषी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने तप, ज्ञान और दर्शन से संपूर्ण विश्व को मानवता, भाईचारे और शांति का मार्ग दिखाया। उनका त्यागमय जीवन और उच्च विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में बुद्ध के सिद्धांत मानव कल्याण और राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं, जिन्हें अपनाकर सामाजिक समरसता को मजबूत किया जा सकता है। अंबेडकर मिशन सोसायटी के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर ने सभी को बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दीं और समाज को एकजुट होकर सेवा एवं सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर योगेश्वर अहीर, अनूप राही, जीतेश्वर सूर्या, भजन सिंह भट्ट, अमृता चौहान, कविता लुहारच, संदीप लाहौरी, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार पधर जिला मंडी हि.प्र. ।**

श्रीमती नीमा देवी पुत्री देवी राम गांव लगधार डाकघर कुफरी तहसील पधर जिला मण्डी ।

...*प्रार्थी*

**बनाम आम जनता**

...*प्रत्यार्थी*

**विषय - दरखास्त जेर धारा 13 (3) जन्म व मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

आवेदक श्रीमती नीमा देवी पुत्री देवी राम गांव लगधार डाकघर कुफरी तहसील पधर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र गुजारा है कि प्रार्थी का नाम नीमा देवी व जन्म दिनांक 01-07-1968 को हुआ है, जिसका इन्द्राज ग्राम पंचायत कुफरी, तहसील पधर, जिला मण्डी (हि0प्र0) में अज्ञानतावश दर्ज नहीं करवाया है। अतः इस इश्तहार द्वारा आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त प्रार्थी की जन्म तिथि पंचायत रिकार्ड में दर्ज करने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 19-05-2026 को या इससे पूर्व अदालत में हाजिर होकर अपना एतराज पेश कर सकता है, अन्यथा कोई एतराज प्राप्त ना होने की सूरत में सम्बन्धित सचित्र, ग्राम पंचायत कुफरी, को उक्त प्रार्थी के जन्म तिथि दर्ज करने बारे आदेश जारी कर दिये जायेंगे। आज दिनांक 22-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी।

**कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार पधर जिला मंडी हि.प्र. ।**

अपनी सफलता के इंजीनियर आप खुद हैं। अगर हम अपनी आत्मा की ईंट और जीवन का सीमेंट उस जगह लगाएं जहां चाहते हैं तो सफलता की मजबूत इमारत खड़ी कर सकते हैं। **–नैना लाल किदवई**

## संपादकीय

# राहुल गांधी का संदेश

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने हिमाचल दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नई जान फूंक दी है। कांगड़ा शहर के समीप गुप्त गंगा में हुए तीन राज्यों हिमाचल, पंजाब और जम्मू-कश्मीर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की उन्नति के लिए कई कुछ सिखा गए। उनका पार्टी नेताओं को यह कहना कि वीआईपी कल्चर छोड़कर धरातल पर जुटें, कई मायनों में गहरा संदेश था। इस नसीहत का अगर उच्च पदाधिकारी अक्षरश: पालन करेंगे तो निश्चित रूप से आने वाले समय में पार्टी में इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा।

अगर पार्टी के बड़े नेता, मंत्री, विधायक और पदाधिकारी इस नीति को अपनाते हैं तो जाहिर सी बात है कि निचले स्तर पर छोटे पदाधिकारी और आम कार्यकर्ता भी जी जान से पार्टी हित में काम करेंगे। राहुल गांधी ने अवश्य ही यह महसूस किया होगा कि पार्टी की जो दुर्गति हो रही है उसके लिए कहीं न कहीं वीआईपी कल्चर भी जिम्मेदार है और ऐसा कई बार देखने में भी आता है। बड़े नेता छोटे नेताओं और आम कार्यकर्ताओं से दूरी बनाए रखते हैं। कई बार तो आम कार्यकर्ताओं को बड़े नेताओं से काम करवाने के लिए भी कई पापड़ बेलने पड़ते हैं, सिफारिशें लगानी पड़ती हैं, क्योंकि उनसे संपर्क ही नहीं हो पाता है।

यही वजह है कि आम कार्यकर्ताओं में बड़े नेताओं के खिलाफ गुस्सा रहता है और वह गुस्सा कई बार सोशल मीडिया पर भी दिखाई देता है। जब नेताओं के काम सरकार में नहीं होंगे तो उनमें गुस्सा आना स्वाभाविक ही है। तीन राज्यों के जिला अध्यक्षों को हिमाचल में एकत्र करने से पार्टी में एकता मजबूत हुई है। राहुल ने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने पर जोर दिया है, जिसकी बहुत ज्यादा जरूरत थी।

कांग्रेस की विचारधारा और भविष्य की रणनीति अगर मजबूत रहेगी तो कोई भी दूसरी पार्टी कांग्रेस को चुनावों में इतनी आसानी से हरा नहीं पाएगी। कांग्रेस को चुनावों में बार-बार शिकस्त इसलिए मिल रही है, क्योंकि उसकी रणनीति ही गलत हो जा रही है। पार्टी में काम करने वालों की भारी कमी हो गई है। जज्बे में भी कमी आई है। जो लोग कांग्रेस से जुड़े हैं उन्हें कोई पूछ नहीं रहा है। जाहिर सी बात है कि जब इस तरह से अच्छे काम करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को हाशिए पर धकेल दिया जाएगा तो पार्टी तो कमजोर होगी ही, जिसका फायदा दूसरे दल आसानी से उठा लेते हैं।

लगता है राहुल गांधी ने यह बात अब अच्छे से समझ ली है और वह इसी बात को दूसरे कार्यकर्ताओं को भी समझाने का प्रयास कर रहे हैं। राहुल ने देश की एकता और अखंडता पर भी जोर दिया, जो अच्छी बात है, लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब कांग्रेसी खुद परिपक्व होंगे और मजबूत होंगे। जिला अध्यक्षों को संगठन में निर्णय लेने की अधिक स्वतंत्रता देने की हरी झंडी देने का मतलब है कि वह पार्टी हित में ज्यादा सोचेंगे और दूसरे बड़े नेताओं पर निर्भर नहीं रहेंगे।

बेहतर प्रदर्शन करने वाले नेताओं को जब बड़ी जिम्मेदारियां मिलेंगी तो उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह पार्टी के लिए और अच्छा करने का प्रयास करेंगे। प्रोत्साहन किसी भी संगठन के लिए बेहद जरूरी होता है। यदि कोई नेता या कार्यकर्ता अच्छा काम करता है तो उसे शाबाशी मिलनी ही चाहिए। इससे संगठन में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रहता है। किसी भी राजनीतिक दल की असली ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन होता है।

यदि बूथ मजबूत होगा तो आगे की चीजें अपने आप ही बेहतर होती चली जाएंगी। कांग्रेस पार्टी को अब ईमानदार और मेहनती कार्यकर्ताओं की ज्यादा जरूरत है। नेतृत्व को निष्पक्ष होकर काम करना होगा, ताकि संगठन और मजबूत बन सके। हिमाचल में इस समय शहरी निकायों और पंचायतों के चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे समय में राहुल गांधी का पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश भरना बहुत काम आ सकता है। इसी के बूते कांग्रेस इन चुनावों में अच्छे परिणाम दे सकती है। चुनावी सफलता के लिए केवल बड़े भाषण और रणनीतियां ही पर्याप्त नहीं होतीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रियता और जनता से सीधा जुड़ाव भी उतना ही आवश्यक होता है।

बहरहाल, देखना यह होगा कि नेताओं के व्यवहार में कैसे और कितना बदलाव आता है और वह राहुल गांधी की बातों को कितनी गंभीरता से लेते हैं। यह बात तय है कि जब तक नेता आम लोगों के बीच ज्यादा समय नहीं बिताएंगे और वीआईपी कल्चर में मस्त रहेंगे, तब तक उन्हें ज्यादा समर्थन नहीं मिल पाएगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### महानतम फिल्मकार

**सत्यजित रे** बीसवीं शताब्दी के विश्व सिनेमा के महानतम फिल्मकारों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 2 मई 1921 को हुआ और 23 अप्रैल 1992 को उनका निधन हुआ। वे केवल निर्देशक ही नहीं, बल्कि लेखक, चित्रकार, संगीतकार और फिल्म आलोचक भी थे। उन्होंने कुल 37 फिल्मों का निर्देशन किया, जिनमें फीचर फिल्में, वृत्तचित्र और लघु फिल्में शामिल हैं।



सत्यजित रे
**जन्म :** 2 मई, 1921
**मृत्यु :** 23 अप्रैल, 1992

उनकी पहली फिल्म पाथेर पांचाली ने भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई और इसे कान फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ मानवीय प्रलेख पुरस्कार सहित कई अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले। इसके बाद अपराजितो और अपुर संसार ने अपु त्रयी को पूर्ण किया, जिसने विश्व सिनेमा में नई यथार्थवादी दृष्टि स्थापित की।

सत्यजित रे पर रवीन्द्रनाथ टैगोर और शांतिनिकेतन की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने विज्ञापन और पुस्तक आवरण डिजाइन से अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन बाद में पूरी तरह फिल्म निर्माण में समर्पित हो गए। उनकी फिल्मों में मानवीय संवेदनाएं, सामाजिक यथार्थ और सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक चित्रण प्रमुख विशेषताएं हैं।

उनकी अन्य महत्वपूर्ण फिल्मों में चारुलता, महानगर और शतरंज के खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें समाज, स्त्री चेतना और इतिहास का गहरा विश्लेषण मिलता है।

सत्यजित रे को अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिनमें भारत रत्न (1992), पद्म विभूषण, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और मानद ऑस्कर शामिल हैं। प्रसिद्ध जापानी निर्देशक अकीरा कुरोसावा ने कहा था कि 'सत्यजित रे' के बिना सिनेमा वैसा ही है जैसे सूरज-चांद के बिना आकाश। इस प्रकार, सत्यजित रे ने भारतीय और विश्व सिनेमा को नई दिशा दी और अपनी बहुमुखी प्रतिभा से कला जगत में अमिट छाप छोड़ी। ■



कविता

## यौवन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ.राजीव डोगरा, हिंदी अध्यापक, गांव जनयानकड़, कांगड़ा (हि.प्र.)

**दिन** जवानी के आते जाते रहेंगे।
मोहब्बत के गीत हम भी गाते रहेंगे।
नाम लेकर खुदा तेरा हम उसे मनाते रहेंगे।
अफसाने तो बहुत लिखे हैं हमने
हर अफसाने में तेरे नाम के साथ
उसका नाम लिखते रहेंगे।
लोग पूछेंगे जब भी दर्द की वजह
हम भी सर्द हवाओं के साथ
उसका नाम भी हम लिखते रहेंगे।

# श्रम कानूनों में सुधार आखिर किसके लिए?

हर वर्ष मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस केवल एक औपचारिक तिथि नहीं है, बल्कि यह विश्व श्रमिक आंदोलन के संघर्ष, बलिदान और अधिकारों की ऐतिहासिक स्मृति का प्रतीक है। यह दिन उन करोड़ों श्रमिकों को समर्पित है जिनकी मेहनत पर आधुनिक औद्योगिक और आर्थिक व्यवस्था की नींव टिकी हुई है। औद्योगिक क्रांति के दौर में श्रमिक वर्ग लंबे कार्य घंटों, असुरक्षित वातावरण और अमानवीय परिस्थितियों में काम करने को मजबूर था। इसी असंतोष ने संगठित श्रमिक चेतना को जन्म दिया, जिसने आगे चलकर वैश्विक श्रम आंदोलन का स्वरूप लिया।



**डॉ. बलदेव सिंह नेगी**
संकाय सदस्य, अंतरविषयक अध्ययन विभाग, एचपीयू, शिमला

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वैचारिक आधार के रूप में कार्ल मार्क्स के विचारों और अंतरराष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलनों ने श्रमिक वर्ग को संगठन और संघर्ष की दिशा दी। 'दुनिया के मजदूरों, एक हो।' का नारा आज भी श्रमिक आंदोलनों की वैचारिक आत्मा माना जाता है। मई दिवस की ऐतिहासिक शुरुआत 1 मई 1886 के उस निर्णायक संघर्ष से मानी जाती है, जब अमेरिका के शिकागो स्थित हेमार्केट स्क्वायर में 8 घंटे के कार्यदिवस की मांग को लेकर श्रमिकों ने व्यापक हड़ताल की थी। इस आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं और श्रमिकों के बलिदान ने श्रम अधिकारों के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ दिया।

भारत में मई दिवस का इतिहास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1 मई 1923 को मद्रास (अब चेन्नई) में कॉमरेड सिंगारवेलु चेट्टियार के नेतृत्व में पहली बार मई दिवस मनाया गया। इसके साथ ही भारत में श्रमिक आंदोलन को संगठित पहचान मिली। इससे पहले 1918 में मद्रास लेबर यूनियन जैसी संस्थाओं ने श्रमिक एकता की नींव रखी थी।

धीरे-धीरे भारत में श्रमिक अधिकारों के लिए कानूनों और संगठनों का विकास हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (1919) की स्थापना ने श्रमिकों के अधिकारों को वैश्विक मंच प्रदान किया। ब्रिटेन का 1871 ट्रेड यूनियन एक्ट और अमेरिका का 1935 का कानून श्रमिक अधिकारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम थे। भारत में 1926 का ट्रेड यूनियन अधिनियम इस प्रक्रिया का शुरुआती संस्थागत रूप था। इन कानूनों का उद्देश्य केवल नियम बनाना नहीं था, बल्कि श्रमिकों को शोषण से बचाना और उन्हें गरिमापूर्ण कार्य-परिस्थितियाँ प्रदान करना था। आज भारत का श्रम बाजार दो हिस्सों में बंटा है-संगठित और असंगठित क्षेत्र।




सबसे बड़ी चुनौती यह है कि देश का बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है, जहां रोजगार सुरक्षा, स्वास्थ्य लाभ और सामाजिक सुरक्षा का अभाव है। यही वह वर्ग है जो सबसे अधिक असुरक्षित और शोषित स्थिति में रहता है। 1991 के बाद आए उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण ने अर्थव्यवस्था को गति दी, लेकिन इसका लाभ सभी वर्गों में समान रूप से वितरित नहीं हुआ। आर्थिक विकास के आंकड़े बढ़े, लेकिन श्रमिकों की वास्तविक आय और जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। हाल के वर्षों में 29 श्रम कानूनों को बदलकर 4 श्रम संहिताएं लागू की गईं, जिन्हें 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर प्रस्तुत किया गया। हालांकि आलोचकों का मानना है कि इनसे श्रमिक सुरक्षा कमजोर हुई है और रोजगार अस्थिरता बढ़ी है। इसी पृष्ठभूमि में 2024 की राष्ट्रीय हड़ताल ने श्रमिक असंतोष को व्यापक रूप से उजागर किया, जिसमें करोड़ों श्रमिकों ने भाग लेकर न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा और श्रम संहिताओं की समीक्षा की मांग की।

यह घटना स्पष्ट संकेत है कि श्रमिक वर्ग आज भी अपने अधिकारों के लिए संगठित संघर्ष करने में सक्षम है। वर्तमान समय में श्रम बाजार एक नए परिवर्तन से गुजर रहा है, जहां तकनीक, ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण रोजगार की प्रकृति बदल रही है। इससे नौकरी की असुरक्षा बढ़ रही है और पारंपरिक रोजगार के अवसर घट रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, जहां असंगठित रोजगार, कम वेतन और असुरक्षित जीवन-परिस्थितियाँ आम हो गई हैं।

इस संदर्भ में श्रमिक अधिकारों और तकनीकी प्रगति के बीच संतुलन स्थापित करना एक बड़ी चुनौती है। केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है, जब तक वह समावेशी और न्यायसंगत न हो। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन जैसे मंच लगातार इस बात पर जोर देते हैं कि विकास का लाभ श्रमिक वर्ग तक भी पहुंचना चाहिए।

मई दिवस हमें यह याद दिलाता है कि किसी भी राष्ट्र का विकास उसके श्रमिकों के बिना संभव नहीं है। राज्य की भूमिका केवल निवेश बढ़ाने तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि उसे श्रमिकों के अधिकार, सुरक्षा और गरिमा की रक्षा भी करनी होगी।

कुल मिलाकर मई दिवस केवल एक ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक चेतावनी भी है कि यदि श्रमिकों की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया, तो सामाजिक और आर्थिक असंतुलन और गहरा सकता है। यह दिन हमें श्रमिकों के संघर्ष, उनके योगदान और उनके अधिकारों के प्रति पुन: प्रतिबद्ध होने का संदेश देता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देवर्षि नारद : लोक-कल्याण संचारक और संदेशवाहक

सूचना और संवाद मानव सभ्यता के प्राण हैं। भारतीय परंपरा में यदि संवाद-कला का कोई आदिपुरुष है तो वह देवर्षि नारद हैं। उन्हें ब्रह्मा का मानस-पुत्र, त्रिलोक-संचारी, वीणाधारी और 'सूचना-वाहक' कहा गया है।




**प्रताप समयाल**
शिमला, (हि.प्र)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज की पत्रकारिता, जो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मानी जाती है, उसके मूल तत्व नारद-चरित्र में स्पष्ट दिखते हैं। नारद जी केवल भक्त-शिरोमणि नहीं, बल्कि लोक-मंगल के लिए सूचना का आदान-प्रदान करने वाले पहले पत्रकार थे। वे स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल—तीनों लोकों में विचरण करते थे। जहां अन्याय देखते, वहां संवाद से चेतना जगाते। कंस को आकाशवाणी की सूचना देना, द्रौपदी स्वयंवर का समाचार राजाओं तक पहुंचाना, या इंद्र को असुरों की योजना बताना-ये सब 'ब्रेकिंग न्यूज' देने जैसा ही था। आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक और दुष्ट विनाश की थी। निष्पक्षता, लोक कल्याण,संवाद कुशलता देव-दैत्य दोनों को सच बताते, बिना भय-दबाव संवाद, गति, सतत प्रवास, सतत संवाद नारद की विशेषताएं हैं! सूचना का उद्देश्य 'लोकानां हितम्' था, निजी स्वार्थ नहीं। 'नारद-भक्ति-सूत्र' और 'नारद-पुराण' प्रमाण हैं कि वे तर्क, संगीत और कथा से जटिल बात सरल करते थे! 'नारायण-नारायण' कहते त्रिलोक में पलभर में पहुंचना-आज की 24म7 न्यूज-साइकिल का प्रतीक।

**वर्तमान पत्रकारिता -स्वरूप और चुनौतियां :** आज पत्रकारिता प्रिंट, टीवी, डिजिटल, सोशल मीडिया तक फैल गई है। एक ट्वीट से दुनिया हिल जाती है लेकिन मूल्यों की कसौटी पर देखें तो अंतर भी दिखता है। कई प्रकार के नकली एवं दुष्प्रचार के समाचार प्रसारित किए जाते हैं। समाचार की सत्यता, प्रमाणिकता पर प्रश्न चिन्ह लगते हैं। देवर्षि नारद सूचना देकर घटना को धर्म-स्थापना की ओर मोड़ते थे; आज कई बार खबर को 'डिबेट' में बदलकर ध्रुवीकरण किया जाता है। पेड न्यूज, फेक न्यूज का बोलबाला दिखता है। नारद का आधार सत्य था—'नारं ददाति इति नारद:'-जो ज्ञान दे वही नारद। आज 'व्यूज' के लिए सत्य गौण हो जाता है। नारद जी पक्ष-विपक्ष दोनों को जोड़ते थे; आज मीडिया-हाउस की विचारधारा खबर का रंग तय करती है। नारद एक घटना की सूचना देकर उसके धर्म-संगत परिणाम तक पहुंचते थे। आज ब्रेकिंग के दबाव में 'फॉलो-अप' छूट जाता है।



**देवर्षि नारद से क्या सीखे आधुनिक पत्रकार? :** केंद्रित पत्रकारिता खबर का अंतिम लक्ष्य राष्ट्र-हित, समाज-हित हो, न कि केवल सत्ता या पूंजी होनी चाहिए साहस एवं विवेक से पत्रकारिता करने की आवश्यकता है। नारद ने कंस के दरबार में भी सत्य कहा। आज के पत्रकार को सत्ता, कॉरपोरेट और भीड़-तीनों के दबाव में सच कहने की हिम्मत करनी पड़ेगी। पत्रकार की समाधानपरक दृष्टि रहनी चाहिए। नारद समस्या बता कर 'भक्ति' या 'धर्म' का मार्ग सुझाते थे। पत्रकारिता भी 'समस्या बताने' से आगे बढ़कर 'संवाद-सेतु' बने। तकनीक का सदुपयोग नारद की वीणा संवाद का माध्यम थी। आज डिजिटल प्लेटफॉर्म वीणा हैं। उनका उपयोग 'नारायण' यानी जन-जन तक सत्य पहुंचाने में हो।

**नारद जयंती को लेकर पूर्वाग्रह :** नारद जयंती को लेकर समाज में कई बार पूर्वाग्रह देखने को मिलते हैं। देवर्षि नारद को 'आद्य पत्रकार' कहना कुछ लोगों को परंपरा का आधुनिककरण लगता है, लेकिन भारतीय दृष्टि में वे संवाद, सूचना और लोकमंगल के प्रतीक माने जाते हैं। 30 मई 1826 को प्रकाशित उदन्त मार्तंड के पहले अंक को भी नारद जयंती से जोड़ा गया, जिससे यह विचार और मजबूत हुआ कि नारद एक आदर्श संचारक थे। आधुनिक पत्रकारिता यदि निष्पक्षता, साहस और सत्य के मूल्यों को अपनाए, तो वह 'नारद भाव' के करीब पहुंच सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# धारा 122(सी) का पालन, अवैध कब्जाधारियों पर शिकंजा और निष्पक्ष चुनाव की राह

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव और शहरी निकाय चुनावों का बिगुल बज चुका है। सरकार और प्रशासन पूरे प्रदेश में निष्पक्ष और स्वच्छ चुनाव करवाने की दिशा में तैयारियों में जुटे हुए हैं। भारतीय लोकतंत्र की खासियत यह है कि यहां हर नागरिक को चुनाव लड़ने और मतदान करने का अधिकार प्राप्त है, चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित।



**हीरा सिंह कौशल**
महादेव, सुंदरनगर, जिला मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पंचायत चुनावों में भी यही व्यवस्था लागू होती है, जहां किसी विशेष शैक्षणिक योग्यता का बंधन नहीं है, लेकिन इसके साथ ही कुछ कानूनी प्रावधान भी हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य है। इन्हीं प्रावधानों में एक महत्वपूर्ण प्रावधान है हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 122(1)(सी)। इस धारा के तहत यदि कोई व्यक्ति या उसके परिवार का सदस्य सरकारी, पंचायत, नगर पालिका या सहकारी समिति की भूमि पर अवैध कब्जा करता है, तो वह पंचायत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। इतना ही नहीं, यह अयोग्यता छह वर्षों तक या तब तक लागू रहती है जब तक अवैध कब्जा हटाया नहीं जाता। इस प्रकार यह प्रावधान अवैध कब्जाधारियों के लिए स्पष्ट रूप से चेतावनी है कि वे चुनावी प्र्,ि या से दूर रहें। सरकार द्वारा इस नियम को लागू करने का उद्देश्य चुनावों में पारदर्शिता और ईमानदारी सुनिश्चित करना है। यदि इस प्रावधान का सख्ती से पालन किया जाए, तो निश्चित रूप से ऐसे लोग चुनावी प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे, जो कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। यह न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि पंचायत स्तर पर स्वच्छ और जवाबदेह नेतृत्व के चयन में भी मददगार साबित होगा। हालांकि, इस कानून का



प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब संबंधित विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं। राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और वन विभाग को अपने-अपने स्तर पर अवैध कब्जाधारियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करनी चाहिए। यदि यह सूची उपमंडल स्तर पर सार्वजनिक की जाए, तो चुनाव प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी बन सकती है। इससे न केवल चुनाव अधिकारियों को मदद मिलेगी, बल्कि आम जनता भी सही जानकारी के आधार पर अपने प्रतिनिधि चुन सकेगी। अवैध कब्जों के कारण अक्सर न्यायालयों में मामले लंबित हो जाते हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। सड़क, भवन या अन्य सार्वजनिक परियोजनाएं रुक जाती हैं और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। ऐसे में यदि चुनाव लड़ने के लिए पात्रता में यह शर्त सख्ती से लागू हो, तो अवैध कब्जों पर स्वत: अंकुश लग सकता है। इस प्रक्रिया में स्थानीय जनता की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। यदि नागरिक स्वयं जागरूक होकर अवैध कब्जाधारियों की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं, तो यह पहल और अधिक प्रभावी हो सकती है। सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दी गई ऐसी सूचनाएं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में सहायक बनेंगी।

इससे पंचायत स्तर पर स्वच्छ प्रशासन की नींव रखी जा सकेगी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह आवश्यक है कि हिमाचल प्रदेश सरकार, पंचायती राज विभाग और हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आयोग मिलकर इस दिशा में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें। यदि धारा 122(1)(सी) को पूरी तरह लागू किया जाता है, तो यह अवैध कब्जाधारियों के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है और चुनावी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बना सकती है। कानून केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हो। तभी लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी और पंचायत स्तर पर ईमानदार व योग्य प्रतिनिधियों का चयन संभव हो पाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नूरपुर का बृज राज स्वामी मंदिर : आस्था, इतिहास और संरक्षण की अनूठी कहानी

नूरपुर स्थित प्राचीन महलों में विराजमान श्री कृष्ण भगवान और मीरा बाई की मूर्तियों को लेकर प्रचलित ऐतिहासिक परंपरा न केवल आस्था का विषय है, बल्कि भारतीय इतिहास के एक उथल-पुथल भरे दौर की झलक भी प्रस्तुत करती है।



**संदीप डोगरा निडर**
करनघट, जयसिंहपुर, निजी सचिव मेडिकल कॉलेज, टांडा (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह कथा विशेष रूप से चित्तौड़गढ़, मेवाड़ और कांगड़ा के शासकों के बीच सांस्कृतिक संरक्षण की एक महत्वपूर्ण कड़ी को दर्शाती है। 16वीं शताब्दी, विशेषकर सन 1526 ईस्वी के बाद जब भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना हुई, तब अनेक हिंदू मंदिरों और सांस्कृतिक प्रतीकों पर संकट के बादल मंडराने लगे। चित्तौड़गढ़ का पतन जैसे घटनाक्रमों ने इस भय को और भी वास्तविक बना दिया। इस पृष्ठभूमि में यह माना जाता है कि मेवाड़ के शासकों ने अपने आराध्य देव श्रीनाथजी (कृष्ण स्वरूप) तथा मीरा बाई से संबंधित मूर्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का निर्णय लिया। लोक परंपरा के अनुसार, इन विग्रहों को रातों-रात मेवाड़ से निकालकर हिमालय की गोद में बसे कांगड़ा क्षेत्र में पहुंचाया गया। उस समय कटोच वंश के राजा राजा जगत सिंह (लगभग 1610-1640 ईस्वी) ने इन मूर्तियों को न केवल शरण दी, बल्कि अत्यंत सम्मान के साथ उन्हें नूरपुर किले में स्थापित कराया। यह स्थल आज बृज राज स्वामी मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है और स्थानीय आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

इस मंदिर की सबसे विशिष्ट विशेषता यह मानी जाती है कि यहां स्थापित श्रीकृष्ण और मीरा की मूर्तियों के संबंध में यह विश्वास प्रचलित है कि मीरा बाई स्वयं अपने आराध्य श्रीकृष्ण में लीन हो गई थीं। भक्तिकालीन साहित्य में मीरा का यह समर्पण भाव स्पष्ट झलकता है, जहां वह स्वयं को कृष्ण की दासी, प्रेयसी और अंतत: उनके स्वरूप में विलीन मानती हैं। यही कारण है कि नूरपुर में स्थापित यह जोड़ी केवल मूर्तियों का संग्रह नहीं, बल्कि भक्ति, समर्पण और आध्यात्मिक



एकत्व का जीवंत प्रतीक मानी जाती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो इन दावों की पुष्टि के लिए ठोस अभिलेखीय प्रमाण सीमित हैं। कई इतिहासकार मानते हैं कि मूर्तियों का स्थानांतरण संभवत: हुआ, लेकिन इसके विवरण समय के साथ लोककथाओं में अलंकृत होते चले गए। इसके बावजूद यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि मुगल काल के दौरान अनेक धार्मिक प्रतीकों को बचाने के प्रयास किए गए और विभिन्न राजवंशों ने सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा में सहयोग किया। नूरपुर का यह मंदिर आज भी उस ऐतिहासिक विरासत का जीवंत प्रमाण है, जहां राजनीति, आस्था और सांस्कृतिक संरक्षण एक साथ दिखाई देते हैं। यह स्थान केवल एक धार्मिक केंद्र नहीं, बल्कि उस दौर की स्मृति भी है जब समाज ने अपने विश्वास और परंपराओं को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया।

आज के समय में भी बृज राज स्वामी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है। यहां आने वाले भक्त न केवल दर्शन करते हैं, बल्कि उस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत से भी जुड़ते हैं, जो सदियों से चली आ रही है। यह स्थल स्थानीय संस्कृति, लोकविश्वास और इतिहास का संगम प्रस्तुत करता है। अंतत:, यह कथा चाहे पूर्णत: ऐतिहासिक हो या आंशिक रूप से लोकविश्वासों से प्रभावित, इसका महत्व कम नहीं होता।

यह भारतीय इतिहास की उस परंपरा को रेखांकित करती है, जहां भक्ति और संरक्षण साथ-साथ चलते हैं और जहां एक मूर्ति केवल पत्थर नहीं, बल्कि युगों की आस्था, संघर्ष और सांस्कृतिक निरंतरता का सजीव प्रतीक बन जाती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मैगल के पास सड़क धंसने से यातायात अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल पधर के अंतर्गत मैगल के समीप सड़क निर्माण कार्य के दौरान सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से यातायात प्रभावित हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि सड़क को दुरुस्त करने में अधिक समय लग सकता है। उन्होंने जोगिंदर नगर से मंडी की ओर आने-जाने वाले राहगीरों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए पहले ही वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि यात्री झटिंगरी-कटिंढी मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त पधर से वाया डायनापार्क कटिंढी, साहल से कटिंढी तथा दरंग से कटिंढी मार्ग भी वैकल्पिक रूप से अपनाए जा सकते हैं। एसडीएम ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर अपनी यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं।

### रिवालसर में मनाई भगवान बुद्ध की जयंती

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** मंडी जिले के प्रसिद्ध पवित्र धर्मस्थल रिवालसर में भगवान बुद्ध की 2570वीं जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरु पद्मसंभव निंगमा गोम्पा कमेटी रिवालसर द्वारा भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समारोह में एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी और एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद धार्मिक प्रवचन और ध्यान सत्र आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता आचार्य पेमा नेगी (पलजुंग मठ) ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, करुणा और अहिंसा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि चार आर्य सत्य और ध्यान की विधियां आज भी मानव जीवन को शांति और संतुलन प्रदान करती हैं। अपने संबोधन में एसडीएम स्मृतिका नेगी ने कहा कि वह स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें लगातार दूसरे वर्ष इस पावन अवसर पर आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के संदेश वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं और समाज में शांति, सहिष्णुता तथा भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

### भद्रवाड़ में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल भद्रवाड़ के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रखोटा में रख-रखाव कार्य के चलते 2 मई को भद्रवाड़ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. हंस राज ने बताया कि प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक पिंगला, मसेरन, भद्रवाड़ तथा जमणी फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सरकाघाट में 4 मई को बास्केटबॉल ट्रायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए चयन ट्रायल 4 मई 2026 को सुबह 10 बजे सरकाघाट बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल कोच राकेश ठाकुर ने बताया कि ट्रायल में 2013, 2014 और 2015 में जन्मी छात्राएं भाग ले सकती हैं। प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। चयन में खिलाड़ियों की ऊंचाई, कौशल और प्रदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित छात्राओं को 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा, जिसमें रहने, खाने और खेल सामग्री की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी। आयोजकों ने इच्छुक छात्राओं से समय पर पहुंचकर ट्रायल में भाग लेने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभाओं को अवसर मिल सके।

### आज और कल मंडी में होगा हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति का जिलास्तरीय सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति जिला इकाई मंडी के तत्वावधान में 2 और 3 मई को मंडी जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति भवन, सौली खड्ड में आयोजित होगा, जिसमें जिले भर से समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में शिक्षा, विज्ञान प्रसार, सामाजिक जागरूकता और जन विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही आगामी गतिविधियों की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

# चुनावों के मद्देनजर मंडी में हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध

## जिला दंडाधिकारी के लाइसेंसी हथियारों को थानों में जमा कराने के निर्देश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी मंडी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिला मंडी की सीमा में किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद एवं अन्य घातक हथियारों के साथ चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जारी आदेशों के तहत चुनाव प्रक्रिया के दौरान हथियारों के प्रदर्शन और उपयोग पर सख्ती से रोक रहेगी, पुलिस अधीक्षक, मंडी जिला मंडी हि. प्र. ने बताया कि सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने हथियार एवं गोला-बारूद को निर्धारित समयावधि के भीतर नजदीकी पुलिस थानों में जमा करवा दें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ विधि अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखें और निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने में अपनी भागीदारी निभाएं।

◆ **आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

### जिला परिषद चुनाव के लिए 7 मई से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिले में जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 7, 8 और 11 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष दाखिल किए जाएंगे। 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। मतदान 26, 28 और 30 मई को निर्धारित पंचायतों में कराया जाएगा। प्रशासन द्वारा विभिन्न वार्डों के लिए नामांकन स्थल तय किए गए हैं। जोगिंद्रनगर, पधर, बालीचौकी, सदर मंडी, गोहर, थुनाग, करसोग, सुंदरनगर, बल्ह, सरकाघाट और धर्मपुर में संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के कार्यालयों में नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना के लिए भी जिलेभर में केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें चौंतड़ा, डलाह, बालीचौकी, मंडी, बासा, सराज, निहरी, करसोग, सुंदरनगर, महादेव, बल्ह, सरकाघाट और धर्मपुर के सरकारी संस्थान शामिल हैं।

# नबाही वार्ड से अजय चौहान ने पार्षद के लिए ठोंकी ताल

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** पंचायतीराज चुनावों का बिगुल बजने के बाद मंडी जिला के नबाही वार्ड से भाजपा के युवा नेता अधिवक्ता अजय चौहान ने ताल ठोक दी है। अजय चौहान पेशे से अधिवक्ता हैं और उच्च न्यायालय शिमला में अधिवक्ता हैं और धर्मपुर विधानसभा के ग्राम पंचायत पपलोग के खरोह गांव से संबंध रखते हैं और लंबे समय से भाजपा में सक्रिय हैं। अजय चौहान का राजनीतिक सफर वर्ष 2004 में विद्यार्थी परिषद से आरम्भ हुआ था वह कालेज में विद्यार्थी परिषद के इकाई उपाध्यक्ष रहे और छात्र संघ चुनावों में कई बार विद्यार्थी परिषद का पताका लहराने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री हासिल की और विद्यार्थी परिषद के इकाई सचिव व राष्ट्रीय कार्यकारिणी व उत्तर प्रदेश में पूर्णकालिक कार्यकर्ता भी रहे हैं। अजय चौहान की भाजपा में 2015 में एंट्री हुई और उसके बाद वह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा व युवा मोर्चा में विभिन्न पदों पर रहे और वर्तमान में वह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव हैं। नबाही जिला परिषद वार्ड में सरकाघाट और धर्मपुर विधानसभा की 8-8 पंचायतें हैं। गौर रहे कि अजय चौहान ने नवाही वार्ड से 2015 में भी अपनी दावेदारी दी थी, लेकिन उस समय पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह के आश्वासन पर उन्होंने अपनी दावेदारी वापिस ली थी। इस बार अजय चौहान इस वार्ड से भाजपा के अभी तक के सबसे मजबूत प्रत्याशी हैं।

◆ **उच्च न्यायालय शिमला में अधिवक्ता हैं अजय चौहान**

# मालिक के लाखों रुपए के आभूषण लेकर नौकर फरार

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** सुंदरनगर शहर के भोजपुर बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला के घर में काम करने वाला नौकर ही लाखों के गहनों पर हाथ साफ कर फरार हो गया। मामला थाना सुंदरनगर में दर्ज होते ही पुलिस ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा देवी (82) बीते 29 अप्रैल को अपने पोते आकाश अग्रवाल के साथ थुनाग गई थीं। घर की देखरेख के लिए नौकर मोंगल हांडा को छोड़ा गया था, लेकिन जब वे वापस लौटीं तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए।

नौकर गायब था और अलमारी से सोने के कीमती आभूषण भी चोरी पाए गए। इस चौंकाने वाली घटना के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। थाना सुंदरनगर में बीएनएस की धारा 306 में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। आरोपी मोंगल हांडा जो असम के कोकराझार जिले का निवासी बताया जा रहा है, फिलहाल फरार है। पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर दी हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही, आरोपी के मोबाइल और संपर्कों की भी जांच की जा रही है। इस घटना के बाद सुंदरनगर में घरेलू नौकरों को लेकर लोगों के मन में भय और अविश्वास का माहौल बन गया है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस थाना सुंदरनगर ने एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

◆ **सुंदरनगर शहर के भोजपुर बाजार में चोरी की घटना**

# बाबा कमलाहिया मंदिर कमेटी पर भ्रष्टाचार के आरोप

## दान पेटी की राशि गायब होने, लंगर में पारदर्शिता की कमी को लेकर भाजपा ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान



बाबा कमलाहिया मंदिर में हुई अनियमितताओं के बारे में प्रेस को जानकारी देते भाजपा नेता रजत ठाकुर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने बाबा कमलाहिया मंदिर कमेटी पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि 4 अप्रैल से 9 अप्रैल तक धर्मपुर और संधोल में आयोजित मेलों के दौरान बाबा के साथ रखी गई दान पेटी तथा इसके बाद संधोल मेले में रखी गई दान पेटी की राशि आज दिन तक सरकारी खाते में जमा नहीं करवाई गई है, बल्कि कमेटी के तीन लोगों ने बिना किसी सरकारी कर्मचारी की देखरेख के अपनी मर्जी से दान पेटी को सराय भवन में ले जाकर खोल दिया, जो कई सवाल खड़े करता है और कमेटी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है, उन्होंने आरोप लगाया कि दान पेटी में लगभग तीन लाख रुपए की राशि थी जो गायब कर दी गई है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिर में रखी जाने वाली स्थायी दान पेटी को भी समय-समय पर नहीं खोला जाता और उसके आय-व्यय का कोई सार्वजनिक लेखा-जोखा सामने नहीं लाया जाता, जिससे श्रद्धालुओं में असंतोष बढ़ रहा है, रजत ठाकुर ने यह भी कहा कि हर रविवार को मंदिर परिसर में लगाए जाने वाले लंगर में भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं, जहां लंगर लगाने वाले श्रद्धालुओं से प्रति भंडारा 30 हजार रुपए लिए जाते हैं लेकिन इस राशि का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है इसका कोई स्पष्ट विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया है, जबकि पिछले तीन वर्षों में लगभग डेढ़ सौ से अधिक भंडारे आयोजित हो चुके हैं, उन्होंने मांग की कि मंदिर कमेटी तुरंत दान पेटियों का पूरा हिसाब सार्वजनिक करे और राशि को नियमानुसार सरकारी खाते में जमा करवाए, साथ ही प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द पारदर्शिता नहीं लाई गई तो इस मुद्दे को जन आंदोलन के रूप में उठाया जाएगा और माननीय उच्च न्यायालय में ले जाया जाएगा जिसमें कमेटी के सभी सदस्यों को पार्टी बनाया जाएगा, वहीं स्थानीय लोगों चंद्रमणि सकलानी, निवर्तमान प्रधान शैलेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, चमन लाल, राकेश कुमार, सुनील कुमार और अनिल कुमार ने भी मामले में स्पष्टता की मांग करते हुए मंदिर कमेटी से जवाब देने की अपेक्षा जताई है।

# टीहरा में 9 मई को होगा विशाल दंगल

## प्रदेश के अलावा देशभर के नामी पहलवान दिखाएंगे दमखम

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** टीहरा क्षेत्र में पारंपरिक खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार 9 मई को टीहरा में विशाल दंगल का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में दंगल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कमेटी अध्यक्ष अश्वनी राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की तैयारियों और रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कमेटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष दंगल को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को रोमांचक कुश्तियों का भरपूर आनंद मिल सके। दंगल कमेटी के प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार आयोजित होने वाले विशाल दंगल में देश-प्रदेश के नामी पहलवान अपने दमखम और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

इसके साथ ही नई प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से उभरते पहलवानों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल जगत में नई पहचान बना सकें।

उन्होंने बताया कि दंगल केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। हर वर्ष की भांति इस बार भी दंगल को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिलेगा आयोजन स्थल पर दर्शकों के बैठने, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी कमेटी द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दंगल के लिए मुख्य अतिथि के नाम की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। कमेटी ने क्षेत्र के लोगों, खेल प्रेमियों और समाजसेवियों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

दंगल कमेटी का कहना है कि यह आयोजन क्षेत्र के युवाओं को पारंपरिक खेलों से जोड़ने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शनिवार को होने वाले इस विशाल दंगल को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

◆ **दर्शकों के लिए बैठने पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं के इंतजाम**

# संसद टीवी के कार्यक्रम 'इस बार मिलिए' में नजर आएंगे साहित्यकार प्रकाश चंद

## हिमाचली पहाड़ी भाषा पर तीन दिन लगातार होगा प्रसारण

अनंत ज्ञान



**महादेव।** संसद टीवी के विशेष कार्यक्रम 'संवाद' के तहत 'इस बार मिलिए' में इस बार मंडी जिले की बल्ह घाटी के गांव बैहना के वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश चंद धीमान नजर आएंगे। संसद टीवी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार यह विशेष बातचीत 1 मई को शाम 7 बजे, 2 मई को सुबह 9 बजे और 3 मई को दोपहर 12:30 बजे प्रसारित की जाएगी। शिमला जिले से संबंध रखने वाले पवन कुमार शर्मा और उनकी टीम, जो इन दिनों पहाड़ी भाषा व बोलियों के संरक्षण पर कार्य कर रही है, ने 4 मार्च को बैहना स्थित उनके आवास पर यह साक्षात्कार रिकॉर्ड किया था। पवन कुमार शर्मा ने बताया कि प्रकाश चंद धीमान हिमाचली भाषा के एक विशिष्ट संवाहक, संपादक और साहित्यकार हैं, जिन्होंने वर्ष 1990 में पहाड़ी भाषा की त्रैमासिक पत्रिका 'बागर' का संपादन शुरू किया। उनके माध्यम से हिमाचल प्रदेश की विभिन्न पहाड़ी बोलियों—कांगड़ी, मंडयाली, कुल्लवी, चंबयाली, सिरमौरी, कहलूरी, बिलासपुरी, महासूई, सुरही, भटियाली, पांगी, किन्नौरी और लाहौली—में लेखन को प्रोत्साहन मिला है। 'बागर' पत्रिका के जरिए उन्होंने लोक जीवन, लोक संस्कृति, लोक साहित्य, परंपराओं और आंचलिक रचनाओं को समृद्ध करने का कार्य किया है। कार्यक्रम प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि इस विशेष बातचीत में हिमाचली पहाड़ी भाषा के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए समर्पित प्रकाश चंद धीमान द्वारा भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग पर भी चर्चा की जाएगी। प्रकाश चंद धीमान ने इस अवसर को सभी पहाड़ी भाषा और बोलियों के लिए कार्य करने वाले साहित्यकारों का सम्मान बताते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है और इससे भाषा के प्रचार-प्रसार को नई दिशा मिलेगी।

# डीजल न मिलने से सरकाघाट में दो बस रूट हुए प्रभावित

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** शुक्रवार को बिजली न होने से पेट्रोल पंप से एचआरटीसी की बसों में डीजल नहीं भरवाया जा सका, जिससे 2 बस रूट, जिनमें सरकाघाट-संघोल वाया रसैन तथा मढ़ी रूट प्रभावित हुए, जिसकी वजह लोगों को टैक्सी का सहारा लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करना पड़ा।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी, सरकाघाट रमेश चंद भारद्वाज ने पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत भेज कर, मांग की है, कि वह हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में कुछ इस तरह के पेट्रोल पंप तैयार तैयार कर, खासकर सरकारी बस स्टैंड पर लगाए, जो लाइट जाने पर, बैटरी या किसी और तरीके से भी चले, जिससे बसों में बिना बिजली के बिना भी डीजल डलवाया जा सके। उन्होंने एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक से आग्रह किया है, कि वह हिमाचल प्रदेश में लगे ऐसे पेट्रोल पंपों की सूची केंद्रीय मंत्री को भेजें और उनसे चार्जेबल पेट्रोल पंपों की मांग करें। साथ ही जबतक इस समस्या का समाधान नहीं निकल जाता, कोई और विकल्पिक व्यवस्था लाए तथा बिजली विभाग से आग्रह किया है, कि वह शटडाउन इत्यादि की अग्रिम जानकारी, एच आरटीसी को दे, ताकि एचआरटीसी समय रहते गाड़ियों में डीजल भरवा कर रखे। उन्होंने स्थानीय विधायक सरकाघाट दलीप सिंह ठाकुर से भी आग्रह किया है कि वह सरकाघाट बस स्टैंड में जाकर, खराब व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयास करें।

◆ **एचआरटीसी बस स्टैंड पर पावर कट से नहीं भरा ईंधन**

# संधोल के 3 खिलाड़ियों का वर्ल्ड स्कूल इंडिया कैंप के लिए चयन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** खेलो इंडिया सेंटर संधोल के तीन वॉलीबॉल खिलाड़ियों रितिक, हर्षित और कृष का चयन वर्ल्ड स्कूल इंडिया कैंप के लिए हुआ है, जहां वे भारतीय स्कूल टीम के संभावित खिलाड़ियों के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका हासिल कर सकते हैं।

तीनों खिलाड़ी वर्तमान में बारहवीं कक्षा के छात्र हैं और पिछले तीन वर्षों से संधोल स्थित खेलो इंडिया सेंटर में नियमित अभ्यास कर रहे हैं, चयन के बाद वे इंडिया कैंप में वॉलीबॉल की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण लेंगे, जिसके आधार पर अंतिम टीम का चयन किया जाएगा जो चीन में 1 से 10 जुलाई तक आयोजित होने वाली विश्व स्कूल चैंपियनशिप में भाग लेगी, रितिक और हर्षित वर्ष 2024 में अंडर-17 वर्ग में हिमाचल प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बरेली में राष्ट्रीय प्रतियोगिता खेल चुके हैं, वहीं वर्ष 2025 में दोनों ने अंडर-19 वर्ग में मध्य प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया, इस दौरान हर्षित ठाकुर ने ऑल इंडिया स्तर पर सर्वश्रेष्ठ वॉलीबॉल लिफ्टर का खिताब भी अपने नाम किया, इसके अलावा कृष भी वर्ष 2026 में अंडर-17 राष्ट्रीय प्रतियोगिता बरेली में भाग ले चुके हैं।

कोच मुनीश कुमार और सेंटर संचालक सलेंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जताते हुए इसे सेंटर के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि तीनों खिलाड़ी मेहनती एवं अनुशासित हैं, उनकी इस उपलब्धि से पूरे संधोल क्षेत्र में खुशी का माहौल है और यह जिला व प्रदेश के लिए भी गौरव की बात है।

◆ **रितिक, हर्षित और कृष करेंगे अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए तैयारी**

**संदेश** पहलवानी का शौक पाले युवा प्रकृति और अखाड़े की मिट्टी से जुड़कर नशे से दूर रहकर बन रहे प्रदेश का भविष्य

# नैण बाई अखाड़ा के पहलवान दे रहे नशे से दूर रहने का संदेश

अनंत ज्ञान



नगर परिषद सुंदरनगर के नैण बाई अखाड़ा खरीहड़ी के युवा पहलवान। अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत आता शहरी क्षेत्र खरीहड़ी जिससे सटा है अपना अनुपम सौंदर्य लिए हरा-भरा और प्राकृतिक विशाल जल स्रोत नैण बाई जो पूर्व सुकेत रियासत काल का एकांत -शांत स्थल बताया जाता है, जो अपना चहुंमुखी विकास की राह देख रहा है। हल्की ऊंचाई वाले क्षेत्र की तराई में विशाल आकार लिए हुए है नैण बाई जहां एक बड़े किनारे में स्थानीय लोगों द्वारा मृत्यु के बाद के कर्म कांड यानी दस कर्म आदि भी किए जाते हैं।

यहां समय-समय पर यहां एक पुरानी समिति जिसकी अगुवाई खरीहड़ी निवासी शिक्षाविद एवं मशहूर समाजसेवी कृष्ण चंद आर्य करते रहे जो अब इस दुनिया में नहीं है, मगर उनके परिवार का एक युवा भूपेश शर्मा ने उनके दिखाए मार्ग को अपने व्यस्त समय में चलने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। गंदगी तथा नशाखोरों से बचाने के लिए भूपेश दिवंगत आर्य जो इनके ताया बताए जाते हैं की प्रेरणा से प्रेरित होकर एक प्रकार के संत सिपाही बने हैं जो इस स्थल जहां वे अक्सर योग साधना में लीन रहते हैं को हमेशा साफ स्वच्छ और विकास की नई डगर पर अग्रसर होता हुआ देखने का सपना संजोए हुए है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों को पुनः नई समिति में जोड़ने के लिए यहां चिंतन मनन में देखे जा सकते हैं। यही नहीं खेल प्रेमी भूपेश ने बिना भेदभाव यहां पहलवानी को बढ़ावा देने के लिए युवा पहलवानों का जमावड़ा लगा रखा है, जिनमें सबसे बड़ा युवा पहलवान दीप सिंह बताया जाता है, जो यहां खोद कर तैयार किए गए मिट्टी के पारंपरिक अखाड़े में सबको साथ लेकर पहलवानी के लिए सब के सब जोरदार कसरत करते रहते हैं।नैण बाई एवं पूरे स्थान को स्वच्छ बनाने सहित नशे से दूर रहने का संदेश देना इनका ध्येय है, जिसकी क्षेत्र भर में चर्चा की जा रही है और यह अच्छी बात दूर तक फैल गई है।

भूपेश का कहना है कि यह बड़े गर्व की बात है कि शहर में अखाड़ा बनाकर पहलवानी का शौक पाले युवा प्रकृति के निकट रहकर -मिट्टी से जुड़कर व्यायाम आदि करने में तल्लीन हैं जिसका जन -जन में बेहतर ढंग का संदेश जा रहा है। भूपेश ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि पर्यटन की दिशा में इस विकास के मद्देनजर शीघ्र ही नैण बाई का चहुंमुखी विकास किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक किया

**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अंब के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमार ने अपने सर्व क्षेत्र के श्रमिक परिवारों के 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को टीएचआर (टेक होम राशन) के माध्यम से पोषाहार वितरित किया गया। इस दौरान लाभार्थियों को चावल, दलिया, तेल, सोयाबड़ी, नमक, चने, सेवइयां, दूध, न्यूट्री मिक्स व बिस्कुट आदि सामग्री दी गई। मोनिका कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार वितरण किया जाता है, इसलिए सभी लाभार्थी समय पर आकर अपना राशन प्राप्त करें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक भी किया गया। उन्हें साफ-सुथरे भोजन के उपयोग, मोटे अनाज जैसे बाजरा, रागी, चना, अंकुरित दालें तथा हरी पत्तेदार सब्जियों का अधिक सेवन करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर मजदूर दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग दिन-रात मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, इसलिए उनके श्रम का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। मजदूरों को समय पर उचित मेहनताना मिलना चाहिए। इस मौके पर सभी को मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

### निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की कड़ाई से हो अनुपालना



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडलाधिकारी व रिटर्निंग अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल की अध्यक्षता में विकास खंड कार्यालय बंगाणा के सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 160(ए) के अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए विभिन्न विशेष समितियों का गठन किया गया। इन समितियों का मुख्य उद्देश्य चुनाव व्यवस्था को पारदर्शी, व्यवस्थित व सुचारू बनाए रखना है, ताकि पंचायत चुनाव पूरी निष्पक्षता व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाए जा सकें। प्रशासन द्वारा चुनाव सामग्री के सुरक्षित रखरखाव, पैकिंग व वितरण, बैलेट पेपर तैयार करने, पोलिंग पार्टियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने, बैलेट बॉक्स जारी व प्राप्त करने, मतदाता सूचियों की तैयारी, जलपान व बैठने की व्यवस्था, पोलिंग कर्मियों की उपस्थिति रिकॉर्ड तथा डाइट मनी वितरण सहित विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त चुनाव संबंधी सूचनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार व शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष मीडिया व शिकायत निवारण सेल का भी गठन किया गया है। जो चुनाव प्रक्रिया के दौरान समन्वय एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। रिटर्निंग अधिकारी सोनू गोयल ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं तथा प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का दायित्व है कि वह अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ निभाए।

### संदीप के प्रयासों को स्वामी नारायण ने सराहा

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की ग्राम पंचायत पंजोआ लाडोली स्थित ऐतिहासिक व धार्मिक आस्था के केंद्र हीरा आत्म आश्रम में शुक्रवार को विशेष आध्यात्मिक एवं सामाजिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के संचालक स्वामी नारायण पूरी जी ने समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे आपदा मित्र संदीप कुमार के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की। स्वामी नारायण पूरी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और ऐसे में संदीप कुमार द्वारा पॉलीथीन के उपयोग को रोकने, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा पौधारोपण अभियान चलाने जैसे प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य न केवल समाज के लिए उपयोगी है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस अवसर पर संदीप कुमार ने स्वामी नारायण पूरी जी को माता की चुनरी भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी जी ने संदीप को शुभकामनाएं देते हुए उनके अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### अंजना ने राहुल गांधी के समक्ष उठाए मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** धर्मशाला में कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत तीन राज्यों का संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल रहा। इसमें हिमाचल सहित कई राज्यों के जिला कांग्रेस अध्यक्ष शामिल हुए। उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना रहा। इस अवसर पर राहुल गांधी ने बूथ सशक्तिकरण, जनता से सीधा संवाद और विचारधारा विस्तार पर जोर दिया। जिला बिलासपुर कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान ने कहा कि राज्य सरकार ने आपदा राहत में अच्छा कार्य किया, लेकिन फंड बंद होने से विकास कार्य प्रभावित हुए। उन्होंने अभियान को उपयोगी और संगठन को नई दिशा देने वाला बताया। कार्यक्रम में महिला व युवा भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। जानकारी पूर्व महासचिव अनुराग पंडित ने दी।

### लाइसेंसी हथियार 5 दिनों में करवाएं जमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाने के लिए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत जिले में हथियारों के प्रदर्शन और धारण पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार पूरे जिले में आग्नेयास्त्र, विस्फोटक सामग्री और घातक हथियारों के ले जाने पर रोक रहेगी। सभी लाइसेंसधारी हथियार धारकों को 5 दिनों के भीतर अपने हथियार और गोला-बारूद नजदीकी पुलिस थाने में जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश चुनाव परिणाम घोषित होने तक प्रभावी रहेगा। हालांकि सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों और आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अनुराग ठाकुर से जुड़े 2020 के कथित घृणास्पद भाषण मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एफआईआर के लिए कोई संज्ञेय अपराध न मानने के फैसले का भाजपा विधायकों रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल और त्रिलोक जम्वाल ने स्वागत किया है। संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि अदालत के निर्णय से सत्य की जीत हुई है और विपक्ष के आरोप निराधार साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाता रहा है। विधायकों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से न्यायिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है।

### महात्मा बुद्ध के जीवन व शिक्षाओं पर दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** फोरलेन के पश्चिमी छोर पर स्थित ग्राम पंचायत बैहना जट्टां के गांव कल्लर में बुद्ध पूर्णिमा पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन स्थानीय महिला मंडल और हिप्र अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासचिव नंद लाल आचार्य ने की। उन्होंने महात्मा बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिद्धार्थ गौतम का बुद्ध बनने तक का सफर प्रेरणादायक है और उनके बताए मार्ग पर चलना आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने बुद्ध के उपदेशों से मानव के जीवन के सत्य और दुखों के कारणों की व्याख्या की। प्रधान मीरा देवी ने शिक्षा और अहिंसा के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बुद्ध की शिक्षाओं पर चलने की शपथ ली। कार्यक्रम में अरविंद कुमार, यशपाल, गोविंद राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### चुनावी एजेंडे में चिट्टा मुक्त समाज, स्वच्छता और जल संरक्षण शामिल करने की पहल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं की संस्कार सोसाइटी ने आगामी पंचायत एवं नगर परिषद चुनावों में चिट्टा मुक्त समाज, स्वच्छता और जल संरक्षण को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने की पहल शुरू करने की घोषणा की है। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि सोसाइटी प्रत्याशियों से संपर्क कर इन मुद्दों को उनके चुनावी एजेंडे में शामिल करने के लिए आग्रह करेगी। उन्होंने बताया कि संस्था वर्ष 2008 से सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रही है। धर्माणी ने कहा कि चिट्टा जैसी नशे की समस्या युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है, जबकि स्वच्छता और जल संरक्षण भी आज समय की आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने सीर खड्ड के संरक्षण पर भी चिंता जताई। सोसाइटी इन मुद्दों पर जनजागरण अभियान चलाएगी।

# गर्मियों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को विभाग सक्रिय

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिले में तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्मी का असर तेज होने लगा है। इसे देखते हुए आमजन को निर्बाध व सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल शक्ति विभाग ने मैदानी स्तर पर निगरानी बढ़ा दी है। जल शक्ति विभाग ऊना के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान ने विभागीय अधिकारियों व फील्ड स्टाफ को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष नजर बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड में तैनात एई, जेई, वर्क इंस्पेक्टर तथा फिटर अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि आमजन को पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा न हो। धीमान ने निर्माण कार्यों में पेयजल आपूर्ति के पानी के अनावश्यक उपयोग तथा जलापूर्ति लाइनों पर अवैध रूप से टुल्लू पंप लगाने जैसी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले सामने आने पर तत्काल कनेक्शन काटकर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभागीय टीमें समय-समय पर निरीक्षण कर पेयजल के दुरुपयोग व अनावश्यक बर्बादी की रोकथाम सुनिश्चित करेंगी।

### फील्ड स्तर पर समीक्षा व समन्वय बढ़ाने के निर्देश

**गर्मी** के बढ़ते प्रभाव व संभावित जल संकट की स्थिति को देखते हुए अधीक्षण अभियंता ने विभागीय अधिकारियों को क्षेत्रवार समीक्षा बैठकें आयोजित कर पेयजल व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत अधिशाषी अभियंता अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में फील्ड स्टाफ के साथ बैठक कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करेंगे, ताकि किसी भी संभावित समस्या का समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जा सके। धीमान ने आमजन से पेयजल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा जल संरक्षण में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने में जनसहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग स्थिति पर सतत निगरानी बनाए हुए है।

### पेयजल गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष बल

**अधीक्षण** अभियंता ने पेयजल की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने जल स्रोतों की नियमित सफाई, रखरखाव व शुद्धिकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने को कहा है, ताकि उपभोक्ताओं को स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## स्कूल लेक्चरर को प्राइमरी स्कूलों में डेपुटेशन पर न भेजने का लेक्चरर संघ ने किया सरकार से आग्रह

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के राज्य उपाध्यक्ष विकास रतन, प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा, ऊना जिला के प्रधान शशि सैनी, महासचिव संजीव कुमार, जिला प्रेस सचिव सतीश कालिया, संगठन सचिव मुकेश सलारिया ने स्कूल लेक्चरर को प्राइमरी स्कूल में डेपुटेशन नहीं लगाने का सरकार से आग्रह किया है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ ने मुख्यमंत्री से शिक्षा मंत्री से शिक्षा सचिव से शिक्षा निदेशक से आग्रह किया है लेक्चरर की वार्षिक वेतन वृद्धि जल्द बहाल की जाए। संघ ने बताया कि शिक्षा विभाग ने बोर्ड के मानकों के अनुरूप कम परीक्षा परिणाम देने वाले लेक्चरर की वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाई हुई है उसे तुरंत बहाल किया जाए ,लेक्चरर संघ ने इस फैसले को अनुचित बताते हुए कहा कि 1 वर्ष के खराब परिणाम के आधार पर इतनी दंडात्मक कार्यवाही करना गलत है इससे लेक्चरर के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# कयाकिंग व कैनोइंग खिलाड़ियों के भविष्य पर सवाल, राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश की नदियां ब्यास, रावी व सतलुज जहां एक ओर अपार जल संसाधन प्रदान करती हैं, वहीं दूसरी ओर कयाकिंग व कैनोइंग जैसे खेलों में प्रदेश को अग्रणी बनाने की क्षमता भी रखती हैं। वर्तमान में राज्य के 250-300 से अधिक खिलाड़ी इस खेल से जुड़े हुए हैं व कई बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं, जो यह दर्शाता है कि प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

इसके बावजूद यह अत्यंत दुखद व चिंताजनक है कि आज तक इस खेल के लिए न तो पर्याप्त सरकारी कोचों की नियुक्ति हो पाई है व न ही आवश्यक प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की गई हैं। परिणामस्वरूप, खिलाड़ियों व कोचों को अन्य राज्यों में जाकर अभ्यास करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो न केवल आर्थिक रूप से कठिन है, बल्कि राज्य की खेल व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। एक कोच के रूप में निरंतर प्रयासों के बावजूद, सीमित संसाधन जैसे बोट्स, सेफ्टी गियर, स्थायी प्रशिक्षण केंद्र व वित्तीय सहायता की कमी खिलाड़ियों के भविष्य को प्रभावित कर रही है। यह स्थिति प्रतिभा के पलायन (टैलेंट माइग्रेशन) को बढ़ावा दे रही है, जो किसी भी राज्य के लिए गंभीर नुकसान है। अत: हिमाचल प्रदेश सरकार व खेल विभाग से अपील की जाती है कि खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। स्थायी व आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना, योग्य कोचों की नियुक्ति, आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता, खिलाड़ियों के लिए आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन योजनाएं। 'जब अपने ही राज्य में अवसर नहीं मिलते, तो प्रतिभा पलायन के लिए मजबूर हो जाती है।' यह मांग कोच शाम लाल व खिलाड़ियों मानसी राणा, मुस्कान, निकिता, तन्वी, नेहा, महक, सुलक्ष ठाकुर, शरीफ मोहम्मद, सौरभ चौधरी, सुशांत कुमार, जसवीर सिंह, दिव्यांशु, सचिन कुमार, अजित सिंह व अजय कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों द्वारा उठाई गई है।

# ऊना के जंगलों में आग का तांडव, हजारों का नुकसान

अनंत ज्ञान



**ऊना।** ऊना के गांव देहला, बसाल व मलाहत में आग की घटनाएं हुई हैं। इन गांवों में अचानक आग भड़क गई। अचानक लगी आग की प्रचंड लपटें आबादियों के पास पहुंच गई। जंगल की बढ़ती आग मलाहत केपीजी आई सैटेलाइट क्षेत्र में करीब पहुंच गई।

भयानक आग के रौद्र रूप के चलते आग की सूचना फायर ब्रिगेड ऊना को दी गई। वहीं, बसाल में केबल कुमार की गेहूं की कटी कन्नी को आग लग गई। ट्यूबेल जलने से बच गया। आग की घटना देहला में हुई यहां केवल सिंह के रिहायशी मकान के पास सरकंडे को आग लग गई। आग के खतरे को देखते हुए सूचनाएं फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड ऊना की टीम ने मौका पर पहुंचकर काफी मशक्कत से जंगल व रिहाइशी मकानों के समीप फैली आग को कंट्रोल किया। अग्निशमन विभाग ऊना के अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचनाए मिली है। फायर ब्रिगेड ऊना की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को कंट्रोल कर लिया गया है। आग से हजारों का नुकसान हुआ है व लाखों की संपत्ति को जलने से बचाया गया है। उन्होंने कहा कि आग के प्रति हमेशा सतर्क रहें। लापरवाही से आग न लगाएं ।

## युवाओं व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एमएम फाउंडेशन की पहल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** एमएम फाउंडेशन द्वारा जिले के बंगाणा ब्लॉक में युवाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया गया। इस पहल के तहत 22 स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से 25 पंचायतों में लगभग 3000 युवाओं तक पहुंच बनाई गई और सैकड़ों स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। अभियान के दौरान प्रत्येक पंचायत में पांच स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी आजीविका, कार्य व चुनौतियों को समझा गया। फाउंडेशन ने पाया कि वित्तीय सहायता, बाजार संपर्क, प्रशिक्षण और संसाधनों की उपलब्धता से महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। कौशल विकास को बढ़ावा देते हुए 57 प्रतिशत युवतियों और 43 प्रतिशत युवकों से उनकी रुचियों और करियर योजनाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान युवाओं ने रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण की आवश्यकता जताई। फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. पायल कनोडिया ने बताया कि थाना कलां में 'इम्पावर अकैडमी फॉर स्किल' की स्थापना की जा रही है।

# कांग्रेस ने कर्मचारियों, पेंशनर्स व जनता से की वादाखिलाफी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कांग्रेस सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में कर्मचारियों, पेंशनर्ज व आम जनता के साथ वादाखिलाफी की है। यह बात भाजपा सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एचएस गुलेरिया, संयोजक राजीव वशिष्ट, पूर्व कर्मचारी नेता यशपाल रायजादा, प्रकाश ठाकुर, कुलदीप दयाल, किशन चंद, अजय पराशर, शिव मैहन ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार अपने चहेतों के विकास में लगी हुई है। युवा बेरोजगार होकर सड़कों पर घूम रहा है। महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन आज दिन तक एक भी महिला के खाते में पैसे नहीं आए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके हक नहीं दिए जा रहे हैं। पेंशनर्स को अपने वित्तीय लाभ लेने के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करना पड़ रहा है। पेंशनर्स के लंबे समय से मेडिकल बिल फंसे हुए हैं। इसे देने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। 1-1-16 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को रिवाइज्ड पे स्केल, ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन, लीव इन कैशमेंट का लाभ नहीं दिया गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि दो साल पहले रामपुर पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसे आज दिन तक नहीं बनाया गया, जबकि पूर्व भाजपा सरकार के समय विधायक सतपाल सत्ती के नेतृत्व में ऊना विधानसभा क्षेत्र में 2000 करोड़ से अधिक के विकास कार्य करवाए गए थे, लेकिन कांग्रेस सरकार भाजपा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का श्रेय लेने में लगी हुई है। कांग्रेस सरकार के पिछले तीन साल में विकास के नाम पर एक भी ईंट तक नहीं लगी। कांग्रेस नेता विकास करवाने में पूरी तरह से नाकाम रहे। उन्होंने कहा कि पुरानी योजनाओं के नाम बदलकर कांग्रेस सरकार अपनी वाहवाही करने में लगी हुई है। हरोली में बन रहे बल्क ड्रग पार्क भाजपा सरकार में स्वीकृत हुआ था, लेकिन कांग्रेस इसका भी श्रेय लेने की जुगत है।

## हेल्पिंग हैंड ने लगाया हेल्थ कैंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** लैहड़ विधानसभा क्षेत्र के छपरोह कलां में हिमाचल हेल्पिंग हैंड्स द्वारा निशुल्क हेल्थ कैंप एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। 'स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ समाज' के संदेश के साथ आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शिविर के दौरान करीब 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने जांच करवाई, जबकि विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम—डॉ. इंदरमोहन, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. बिलाल राशिद और डॉ. हर्ष भारमोटा ने लगभग 250 मरीजों का उपचार किया। इस दौरान 150 नेत्र रोगियों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए और 120 लोगों के फ्री फुल बॉडी टेस्ट भी किए गए। जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। संस्था के चेयरमैन नीरज ठाकुर ने बताया कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ बनाना है और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# देश भगत यूनिवर्सिटी का वैश्विक विस्तार उत्तरी अमेरिका में नया मेडिकल कैंपस शुरू

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, बिलासपुर।** देश भगत यूनिवर्सिटी (नैक ग्रेड ए+) ने अपनी वैश्विक पहुंच को बढ़ाते हुए उत्तरी अमेरिकी क्षेत्र के सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस में 'देश भगत यूनिवर्सिटी अमेरिकास स्कूल ऑफ मेडिसिन' के रूप में नया कैंपस स्थापित किया है। यह पहल मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस नए कैंपस के माध्यम से छात्रों को एमबीबीएस प्रोग्राम में प्रवेश लेकर वैश्विक स्तर की चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान संचालन निदेशक इंजीनियर अरुण मलिक ने बताया कि यह संस्थान छात्रों को संयुक्त राज्य अमेरिका में क्लीनिकल रोटेशन का अवसर प्रदान करता है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव मिलता है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी का पाठ्यक्रम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, जो छात्रों को यूएसएमएलई जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं के लिए भी तैयार करता है। उन्होंने बताया कि अन्य देशों के मेडिकल संस्थानों की तुलना में यहां की ट्यूशन फीस अपेक्षाकृत किफायती है, जिससे अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो सके। अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, आधुनिक कक्षाएं और उन्नत बुनियादी ढांचा छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करते हैं।

इस अवसर पर उप निदेशक डॉ. प्रभजोत सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी का लक्ष्य ऐसे सक्षम स्वास्थ्य पेशेवर तैयार करना है, जो न केवल अपने करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में भी योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह संस्थान छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने कहा कि देश भगत यूनिवर्सिटी ने अपनी उत्कृष्ट फैकल्टी और सुविधाओं के दम पर शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाई है। नया कैंपस छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय करियर के द्वार खोलने में सहायक साबित होगा।

## जनता को गुमराह कर रही सुक्खू सरकार: रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी से भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के उस बयान पर करारा पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राज्य सरकार कर्ज लौटा रही है। रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के इस दावे को 'भ्रामक और जनता को गुमराह करने वाला' बताते हुए कहा कि सच्चाई इससे बिल्कुल उलट है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ कर्ज लौटाने की बात कर रही है, जबकि दूसरी तरफ बेतहाशा नए कर्ज लेकर प्रदेश को आर्थिक दलदल में धकेल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार 'कर्ज लेकर जश्न मनाने वाली सरकार' बन चुकी है, जो विकास के नाम पर केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि वास्तव में कर्ज चुकाया जा रहा है, तो सरकार साफ-साफ बताए कि अब तक कुल कितना कर्ज लिया गया, उसमें से कितना चुकाया गया और वर्तमान में प्रदेश पर कुल देनदारी कितनी है।

रणधीर शर्मा ने मांग की कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर तुरंत श्वेत पत्र जारी किया जाए, ताकि जनता को सच्चाई का पता चल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पारदर्शिता से भाग रही है और वित्तीय कुप्रबंधन को छुपाने के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं, योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं और सरकार केवल कर्ज के सहारे प्रशासन चला रही है।

# 25 उत्कृष्ट हस्तियों को मिलेगा इंडियन एक्सीलेंस अवार्ड 2026

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर में हिमाचल रेनबो स्टार क्लब, लाडली फाउंडेशन और सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता इशान अख्तर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक और खेल संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बिलासपुर के विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हिमाचल रेनबो स्टार क्लब, लाडली फाउंडेशन, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच और गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जून माह के प्रथम सप्ताह में इंडियन एक्सीलेंस अवार्ड 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश और देश की 25 उत्कृष्ट विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि सामाजिक, खेल, विज्ञान, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, पर्यटन, साहित्य, पुलिस और पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को यह सम्मान दिया जाएगा।

चयन प्रक्रिया के लिए पांच सदस्यीय ज्यूरी कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें श्याम लाल पंवार, दीक्षा शर्मा, शालिनी शर्मा, शालु अख्तर और मीना राणा शामिल हैं। बैठक में कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# उपाध्यक्ष बनने पर अरुणा का बरमाना में किया सम्मान



बरमाना में अरुणा महाजन का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बीते सप्ताह बरमाना क्षेत्र की अरुणा महाजन के राज्य सक्षम गुड़िया बोर्ड की उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर आज बीडीटीएस सदस्यों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला।

सम्मान समारोह में कोषाध्यक्ष कल्याण गौ सदन वो पूर्व चेयरमैन गंगा सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर, पूर्व महासचिव प्रदीप ठाकुर, पूर्व वरिष्ठ उप प्रधान कमल किशोर, कुलदीप ठाकुर व बिट्टू सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि यहां की बेटी को प्रदेश स्तर पर इतना महत्वपूर्ण दायित्व मिला है। कैंची मोड़, बरमाना निवासी अरुणा महाजन, भगत राम महाजन की सुपुत्री हैं और लंबे समय से सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि वह अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अरुणा महाजन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी हैं।

## बिलासपुर वाहन रजिस्ट्रेशन घोटाले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में चर्चित बिलासपुर वाहन रजिस्ट्रेशन घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सोलन पुलिस ने कथित मास्टरमाइंड गौरव को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी को मामले में अहम सफलता माना जा रहा है और आने वाले दिनों में कई बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी गौरव लंबे समय से जांच एजेंसियों की नजर में था और उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर सोलन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। प्रारंभिक पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं, जिससे इस घोटाले की परतें खुलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि वाहन रजिस्ट्रेशन घोटाले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वाहनों का पंजीकरण, टैक्स चोरी और अन्य अनियमितताएं शामिल हैं। इस पूरे नेटवर्क में कई लोगों की संलिप्तता की आशंका है, जिनमें बिचौलिए और कुछ अधिकारी भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ करेगी, ताकि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि मामले में और गिरफ्तारियां भी संभव हैं। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और आम लोगों में यह उम्मीद जगी है कि इस घोटाले की पूरी सच्चाई सामने आएगी।

# जिला परिषद चुनाव: नम्होल वार्ड से सुरभि ठाकुर ने ठोंकी ताल, सियासी सरगर्मियां तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला परिषद चुनाव 2026 को लेकर नम्होल वार्ड में सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे वरिष्ठ नेता रोशन ठाकुर की बेटी एडवोकेट सुरभि ठाकुर ने इस वार्ड से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उनके मैदान में उतरते ही क्षेत्र की राजनीति में नई हलचल देखने को मिल रही है। नम्होल वार्ड, जिसमें कुल 13 पंचायतें—सायर डोबा, रानी कोटला, भोली, साईं खारसी, सुई सुरहाड़, दिगथली, सोलधा, छकोह, सिकरोहा, धुणी पंजेल, नम्होल और घ्याल शामिल हैं—इस बार युवा नेतृत्व को लेकर चर्चा का केंद्र बन गया है। बताया जा रहा है कि सुरभि ठाकुर की घोषणा के साथ ही बड़ी संख्या में युवा उनके समर्थन में सामने आए हैं।

एडवोकेट सुरभि ठाकुर खुद को 'युवा प्रत्याशी' के रूप में पेश कर रही हैं और उनके प्रचार में भी यह स्पष्ट झलक रहा है। उनके प्रमुख मुद्दों में नशामुक्त समाज का निर्माण, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, सड़क-पानी-बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता अभियान और महिला सशक्तिकरण शामिल हैं। उनका कहना है कि वे हर गांव तक स्वास्थ्य और शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ-साथ क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी काम करेंगी।

### राजनीतिक हलचल तेज: ठाकुर समाज में युवा चेहरे को आगे बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा



**राजनीतिक** गलियारों में चर्चा है कि इस बार क्षेत्र में ठाकुर समाज भी युवा चेहरे को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। ऐसे में सुरभि ठाकुर को इस वर्ग का भी मजबूत समर्थन मिल सकता है। स्थानीय स्तर पर यह भी माना जा रहा है कि पढ़ी-लिखी और पेशे से वकील होने के कारण सुरभि ठाकुर प्रशासनिक और कानूनी समझ के साथ क्षेत्र के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा सकती हैं।

### सुरभि ठाकुर के मैदान में उतरने से नम्होल वार्ड की सियासत में आया नया मोड़


**सुरभि** ठाकुर के चुनावी मैदान में उतरने से नम्होल वार्ड का मुकाबला इस बार दिलचस्प होने की संभावना है। जहां एक ओर अनुभव और परंपरागत वोट बैंक की राजनीति है, वहीं दूसरी ओर युवा नेतृत्व और नए विजन की बात सामने आ रही है। अब देखना यह होगा कि क्षेत्र की जनता विकास और युवा नेतृत्व के इस नए दावे पर कितना भरोसा जताती है।

# शिंकुला दर्रे के पास धंसी सड़क

## ट्रक हादसे का शिकार, बाल-बाल बची जान, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है सड़क

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** मनाली-शिंकुला-पदुम सामरिक मार्ग पर शिंकुला दर्रे के समीप एक बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। दर्रे के पास अचानक सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से वहां से गुजर रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) की 'योजक परियोजना' के तहत आने वाली दारचा-पदुम सड़क पर शिंकुला दर्रे के पास जमीन अचानक धंस गई। सड़क का किनारा बैठ जाने के कारण वहां से गुजर रहा ट्रक इसकी चपेट में आ गया। गनीमत रही कि चालक सुरक्षित है। हालांकि, ट्रक को क्षति पहुंची है।


हादसे का शिकार हुआ ट्रक। अनंत ज्ञान

### निर्माण की गुणवत्ता पर उठते सवाल

**इस** सामरिक मार्ग का निर्माण भारत की सुरक्षा व लद्दाख से कनेक्टिविटी के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में नई बनी सड़क का अचानक धंसना कई आशंकाओं को जन्म दे रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क के डंगे व आधार को मजबूत बनाने में कोताही बरती गई है तभी इस तरह से सड़क धंसी है। सड़क धंसने के कारण इस मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। बीआरओ की टीम मौके पर पहुंचकर सड़क की मरम्मत और बहाली के कार्य में जुट गई है। हालांकि, इस घटना ने प्रशासन को रक्षा क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करने पर मजबूर कर दिया है। लिहाजा, यह मार्ग सेना के काफिलों और रसद पहुंचाने के लिए वैकल्पिक लाइफलाइन है। अगर सामान्य ट्रक के भार से सड़क धंस रही है, तो भारी सैन्य साजो-सामान के समय यह कितना सुरक्षित होगा।

# दारचा में मनाया जिला स्तरीय बुद्ध जयंती समारोह

## विधायक अनुराधा ने टेका माथा, शांति और करुणा का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के दारचा में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय बुद्ध जयंती समारोह श्रद्धा, आस्था व आध्यात्मिक ऊर्जा का एक अद्भुत संगम बनकर उभरा। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह के दौरान विधायक अनुराधा राणा ने भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया व क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित बौद्ध लामाओं से भी भेंट की व उनका पारंपरिक आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज और मानवता का सच्चा कल्याण केवल भगवान बुद्ध द्वारा दिखाए गए करुणा, शांति व सत्य के मार्ग पर चलकर ही संभव है। उनके आदर्श हमें एक बेहतर इंसान बनने व आपसी भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ने इस पवित्र अवसर पर अपनी जनसेवा की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने स्थानीय जनता को आश्वस्त किया कि वे क्षेत्र के विकास के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करती रहेंगी व जनकल्याण के कार्यों को बिना रुके निरंतर जारी रखा जाएगा। इस समारोह में विधायक के साथ लाहौल-स्पीति कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गयालसन ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु जुटे, जिससे पूरा वातावरण बौद्ध मंत्रों और आध्यात्मिक चेतना से सराबोर रहा।


बुद्ध जयंती के अवसर पर लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा व अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

# निथर के चेबड़ी का 18 बैसाख का ठिरशु मेला धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** उपतहसील निथर के गांव चेबड़ी में मनाया जाने वाला 18 बैसाख का प्रसिद्ध ठिरशु मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय पंचायतों दुराह, लोट, पलेही, कुठेड़, निथर और देहरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में मेले में पहुंचे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मेले की शोभा बढ़ाई। यह मेला माता भुवनेश्वरी के प्रांगण में आयोजित होता है व सैकड़ों वर्षों से पारंपरिक तरीके से मनाया जा रहा है। मेले की रौनक बढ़ाने के लिए स्थानीय अधिष्ठात्री देवी मां शाणी दुर्गा भी अपने कारकुनों और देवलुओं के साथ रथ में सवार होकर मेले में पहुंचीं। चेबड़ी गांव के महिला-पुरुषों ने देव परंपरा के अनुसार माता का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। मेले का मुख्य आकर्षण स्वांग नृत्य रहा। इसके साथ ही पारंपरिक वेशभूषा—चोड़ा और कलगी में नाटी नृत्य का आयोजन भी किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करदार होशियार चंद शर्मा ने बताया कि यह मेला सदियों से इसी परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग इस दुर्गम क्षेत्र की प्राचीन लोककला, विशेष रूप से स्वांग नृत्य, को आज भी सहेजकर रखने का प्रयास कर रहे हैं।

# मनाली में छम नृत्य पर मचा धमाल

## बौद्ध गोंपा मनाली में मनाई बुद्ध जयंती, शहर में निकली बौद्ध ग्रंथों की शोभायात्रा

अनंत ज्ञान

**मनाली।** बुद्ध जयंती पर शुक्रवार को हिमालयन बुद्धिस्ट सोसायटी व अन्य संगठनों ने बौद्ध गोंपा मनाली में कार्यक्रम का आयोजन किया। इससे पूर्व लामाओं ने मालरोड पर बौद्ध ग्रंथों की आकर्षक झांकियां निकालीं व गोंपा में दिनभर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा भी समारोह में मौजूद रहे। लाहौल-स्पीति की पिन वैली के कुंगरी गोंपा से पहुंचे बौद्ध भिक्षुओं ने मुखौटे पहनकर परंपरागत छम नृत्य प्रस्तुत किया। इसे सभी ने पसंद किया। यह नृत्य नकारात्मक शक्तियों को भगाने व लोगों की सुख-समृद्धि के मकसद से किया जाता है। इसके अलावा अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।



लाहौली, नेपाली व लद्दाख का लोकनृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा स्कूली छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र ने कहा कि सोसायटी द्वारा बोध धर्म के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि सभी को महात्मा बुद्ध की जीवनी व उन के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। सोसायटी के संयोजक रूप सिंह ठाकुर ने कहा कि मनाली में हर साल बुध जयंती का आयोजन धूमधाम से होता है। यह 2570वीं जयंती है। उन्होंने बताया कि छम नृत्य का अभिप्राय दैत्य बनकर दैत्यों का वध करना माना जाता है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाला प्रेरणादायक अवसर भी है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची खुशी भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि आत्मिक शांति व संतुलन में निहित है। सोसायटी के अध्यक्ष अशोक ने कहा कि बौद्ध गोंपा को शांति स्थल के रूप में विकसित करना है। उन्होंने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के अनुसार अहिंसा के मार्ग पर चलने तथा विश्व शांति व कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। विद्वान टशी पलजोर ने महात्मा बुद्ध द्वारा बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# बुजुर्ग महिला की मदद को कार सेवा संस्था' ने बढ़ाया मदद का हाथ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के गांव कालंग की एक बेसहारा बुजुर्ग महिला की पुकार पर 'कार सेवा संस्था' ने इंसानियत की मिसाल पेश की है। स्वर्गीय साजू राम की पत्नी भाग देवी, जो इस उम्र में अपनों के होते हुए भी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर थीं, संस्था ने न केवल उनकी व्यथा सुनी, बल्कि उन्हें जीवन यापन के लिए आवश्यक घरेलू सामान उपलब्ध करवाकर बड़ी राहत पहुंचाई है।

भाग देवी की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उनके परिवार में चार बेटे और दो बेटियां हैं। बेटियों की शादी हो चुकी है, लेकिन विडंबना यह है कि चार बेटे होने के बावजूद भाग देवी को अपनी बेटी के घर शरण लेनी पड़ रही है। उनका अपना पुश्तैनी मकान जर्जर होकर गिरने की कगार पर है। रहने के लिए छत न होने और लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझने के कारण उनका जीवन कष्टमय बना हुआ है। मदद की आस में भाग देवी 'कार सेवा संस्था' के कार्यालय पहुंची थीं। उनकी पीड़ा को समझते हुए संस्था ने तुरंत राहत सामग्री मुहैया कराई। संस्था द्वारा उन्हें निम्नलिखित सामान दिया गया। जिसमें रजाई, कंबल, चादर, तकिया, मैट्रेस और गद्दा। बर्तन, प्रेशर कुकर, इंडक्शन चूल्हा और राशन रखने के लिए विशेष बॉक्स। राशन और उनकी बीमारी के लिए आवश्यक दवाइयां। संस्था के सदस्यों ने न केवल सामान दिया, बल्कि उन्हें सुरक्षित उनके घर तक भी छोड़ा। भाग देवी ने इच्छा जताई है कि वह कालंग में अपनी ज़मीन पर एक 'खोखा' (अस्थायी कमरा) बनाकर रहना चाहती हैं ताकि वह किसी पर बोझ न बनें। संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उन्हें खोखा बनाने के लिए आवश्यक निर्माण सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# युवाओं को संदेश: पंच तत्वों से सीखकर खुद भी बनें मजबूत, दूसरों का भी करें सशक्त उपचार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** संत निरंकारी मिशन के तत्वज्ञान पर आधारित संदेश में युवाओं को जीवन की मूलभूत सच्चाइयों से जोड़ते हुए पंच तत्वों से सीख लेने की प्रेरणा दी गई। बताया गया कि जिस प्रकार पृथ्वी स्वयं को संतुलित व पुनर्जीवित कर लेती है, उसी प्रकार मानव शरीर भी पांच तत्वों से बना होने के कारण स्वयं को संभालने व उपचार करने की क्षमता रखता है।

युवाओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज का युवा यदि इस तत्वज्ञान को समझ ले, तो वह न केवल खुद को नशे व बुरी आदतों से बचा सकता है, बल्कि दूसरों को भी सही मार्ग दिखा सकता है। विशेष रूप से उन युवाओं पर ध्यान देने की बात कही गई, जो नशे के जाल में फंस रहे हैं। उन्हें गिरने से बचाना, संभालना व सही दिशा देना ही सच्ची सेवा है। इस दौरान यह भी संदेश दिया गया कि किसी भी भटके हुए युवा के लिए सबसे बड़ा उपचार उसे सतगुरु के चरणों से जोड़ना व ब्रह्म ज्ञान की ओर प्रेरित करना है, जब युवा सेवा, सिमरन व सत्संग से जुड़ता है, तो उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और वह गलत संगत से स्वत: दूर हो जाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि आज का युवा जागरूक है व समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए तैयार है।


भारी संख्या में उमड़े निरंकारी युवा, तत्वज्ञान के संदेश से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का लिया संकल्प। अनंत ज्ञान

◆ **संत निरंकारी मिशन का संदेश सेवा, सिमरन व सत्संग से युवा बनें समाज सुधार की शक्ति**

# नप और पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** आगामी नगर परिषद व पंचायत चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को कुल्लू स्थित कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई व संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।

बैठक में मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेस राम आजाद सहित मनाली, बंजार व आनी तीनों ब्लॉकों के अध्यक्षों ने शिरकत की। जिला मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्थानीय निकाय व पंचायत चुनावों के लिए सही प्रत्याशियों का चयन करना व जीत का रोडमैप तैयार करना रहा। बैठक के दौरान नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि सही व जमीनी पकड़ रखने वाले उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा जाए, ताकि पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सके। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता ही जीत का आधार बनेगी।

संगठन की दृष्टि से चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी अपने-अपने सुझाव साझा किए। बैठक में जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने व चुनावी प्रबंधन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में फल उत्पादक संघ के अध्यक्ष प्रेम शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री प्रेमलता ठाकुर, पूनम ठाकुर, भगवान सिंह बौद्ध, मोती राम पालसरा, बुद्धि सिंह, ज्ञानचंद, संजीव धर, मनु शर्मा, संजय गुप्ता, सूरत राम, मुकेश महंत, केशव, विजय ठाकुर, पुष्पा कटोच व बंतो चौधरी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नग्गर में 'भारत-रूस रौरिक उत्सव' का आगाज

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में शुक्रवार को 'भारत-रूस रौरिक उत्सव' का आगाज हुआ। इस कार्यक्रम की शुरूआत कृष्णा मंदिर ठावा के पुजारी जयदेव द्वारा पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि अंतरारष्ट्रीय सैंटर ऑफ रौरिक मास्को की उपाध्यक्ष नतालिया चरकशीना व रशियन एंबेसी की कांउसलर कल्चर यूलिया आर्येवा रही। रौरिक आर्ट गैलरी के सामने ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ।

इसमें भारत के ध्वज को डॉ. ओम महेंद्र व देविका वर्मा, रशिया के ध्वज को रशियन एंबेसी की कांउसलर कल्वर यूलिया आर्येवा और बैनर ऑफ पीस के ध्वज को अंतरराष्ट्रीय सेंटर ऑफ रौरिक मास्को की उपाध्यक्ष नतालिया चरकशीना इरिना एरहिपोवा कल्चर एंबेसडर ऑफ रशीयन वोमैन यूनियन ने फहराया। हैलेना रौरिक अकादमी में रशियन व भारतीय छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इसके बाद प्रदर्शनी कक्ष में कलाकार देविका वर्मा की प्राकृतिक नजारों पर भव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय सैंटर ऑफ रौरिक मास्को की उपाध्यक्ष नतालिया चरकशीना व रशियन एंबेसी की कांउसलर कल्लर यूलिया आर्येवा ने किया और दूसरे प्रदर्शनी कक्ष में डॉ. ओम महेंद्रू की कला प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यातिथियों द्वारा किया गया। थियेटरीकल स्टेज में भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा व रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने सभी मेहमानों का स्वागत किया व मुख्यातिथि, गेस्ट ऑफ ऑनर व अन्य विदेशी व देशी मेहमानों को टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से दो देशों के संबंध मजबूत होते हैं और दो देशों की सांस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है। इसके बाद 29 अप्रैल को हुई चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय सेंटर ऑफ रौरिक मास्को की उपाध्यक्ष नतालिया चरकशीना व रशियन एंबेसी की कांउसलर कल्चर यूलिया आर्येवा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और ईनाम वितरित किए। चित्रकला प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम राधिका शर्मा, हैलेना रौरिक अकादमी नग्गर, द्वितीय टेंजिन मालमो, डीपीएस मनाली, तृतीय स्नेहा दास, डीपीएस मनाली, मध्यम ग्रुप में प्रथम विवान रॉय, डे स्टार पब्लिक स्कूल मनाली, द्वितीय अवनी शर्मा, हैलेना रौरिक अकादमी नग्गर, तृतीय हर्शिता ठाकुर, एलएमएस कुल्लू और जूनियर ग्रुप में प्रथम अलीशा ठाकुर, डीपीएस मनाली, द्वितीय गौरवी अवस्थी, श्री दुर्गा पब्लिक स्कूल नग्गर, तृतीय नायरा ठाकुर, हैलेना रौरिक अकादमी नग्गर के बच्चे रहे। इसके बाद हलेना रीरिक अकादमी के बच्चों, अध्यापकों व रशियन कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा व रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने कार्यक्रम में आए गणमान्यों का धन्यवाद किया। शनिवार को रौरिक परिवार पर एक सेमिनार का आयोजन होगा।



# रेहा ने आईसीएसई 10वीं की परीक्षा में 98.20 फीसदी अंक हासिल कर बनाया नया कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की होनहार छात्रा रेहा सिंह ने आईसीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर अपने स्कूल, परिवार व पूरे जिले का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कर दिया है। ओएलएस स्कूल ढालपुर की छात्रा रेहा ने 98.20 फीसदी अंक प्राप्त कर न केवल परीक्षा पास की, बल्कि स्कूल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड भी बना दिया है। रेहा सिंह की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को सेलिब्रेट करने के लिए अटल सदन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा रेहा को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें उनकी कड़ी मेहनत व उत्कृष्टता के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। दविंदर पाल व रिधिमा (शास्त्री नगर, कुल्लू) की पुत्री रेहा सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अटूट सहयोग व स्कूल के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, रेहा द्वारा प्राप्त 98.20 फीसदी अंक अब तक के रिकॉर्ड में सबसे अधिक हैं। इससे पहले किसी भी छात्र ने स्कूल के इतिहास में इतने अधिक अंक प्राप्त नहीं किए थे। स्कूल प्रशासन ने रेहा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



# तीसरी सांस्कृतिक संध्या में रमेश ठाकुर ने मचाया धमाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** पीपल जातर की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक रमेश ठाकुर ने खूब धमाल मचाया। इस मौके पर उन्होंने एक से बढ़कर एक पहाड़ी व हिंदी गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने जुर्म सिर्फ इतना है, मैं तुझे कबूल इस बात का खुदा गवाह है, सजी धजी जांदी, घोरा भेजी धुधा बेचदी, सैंज म्हारा होटल, मेरी बालमा, कोई मिल गया, तेरी नगरी, पांकी पौटू आलीए, छौता भूलू तेरे घौरा रे टाले सहित कई पहाड़ी व फिल्मी गीत पेश किए। इसके अलावा सीएम तोषी ने जट अमला पगला दीवाना गीत पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पहले हेम राज भारद्वाज ने आपके आ जाने से फिल्मी गीत पेश कर दर्शकों को नचाया, जबकि बीएन आनंद, अनिल सूर्यबंशी, रोजी शर्मा ने भी अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। पीपल जातर के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि निदेशक शहरी विकास शिमला नीरज चड्ढा शामिल हुए, जिनका नगर परिषद कुल्लू ने स्वागत किया व उन्हें टोपी-मफलर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों में विजय, पवन, सरसबती, गौरा ठाकुर, सनी वर्मा, अंकुश ने भी गीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अलावा आनंदम्यूजिकल ग्रुप ने भी अपनी प्रस्तुति दी, जिन्होंने लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र की दर्शक दीर्घा में मौजूद कलाकारों को खूब झुमाया। पीपल जातर की तीसरी सांस्कृतिक संध्या का आगाज भी हर रोज की तरह कुल्लवी नाटी से हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक दल ने चोला टोपा व परंपरागत आभूषणों में सजकर लोक संस्कृति का भी प्रदर्शन किया।



**डॉक्यूमेंट्री** नशे की अंधेरी दुनिया से सच की रोशनी तक, नशे के खिलाफ कैमरा बना हथियार

# निफ्ट कांगड़ा के छात्रों ने उजागर की नशे की कड़वी सच्चाई

अनंत ज्ञान

**बंजार।** सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) कांगड़ा के छात्रों ने नशे की समस्या पर एक संवेदनशील व प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री तैयार की है।

यह कार्य 'मिशन संभव-वार अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के सहयोग से किया गया, जिसे हिमालयन वालंटियर्स टूरिज्म (एचवीटी) फाउंडेशन संचालित कर रहा है। निफ्ट के छात्र-छात्राओं आइशा, आरुषि, भाव्या व नमन की टीम ने कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नशे की जमीनी सच्चाई को समझने का प्रयास किया। उन्होंने उन स्थानों तक पहुंचकर वास्तविक हालात देखे, जहां नशेड़ी एकत्र होकर नशा करते हैं। इन परिस्थितियों ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया व समस्या की गंभीरता को करीब से समझने का अवसर दिया। इस परियोजना का मार्गदर्शन निफ्ट कांगड़ा के एक पूर्व बीबीसी डॉक्यूमेंट्री निर्माता व प्राध्यापक द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्रों को सामाजिक विषयों पर जिम्मेदार व संवेदनशील प्रस्तुति देने के लिए प्रेरित किया।

'मिशन संभव' अभियान को अब और व्यापक रूप देने की योजना है। इसके तहत अगस्त माह में लद्दाख, कश्मीर व कारगिल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा सके। इस अभियान को ट्राइडेंट ऑटोमोबाइल्स, बेंगलुरु के संस्थापक समीर चौधरी द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हुआ है, जिससे कार्यक्रमों को और मजबूती मिली है। यह पहल स्पष्ट करती है कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। संवेदनशीलता, सहयोग व जागरूकता के माध्यम से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। वहीं, जिला कुल्लू के भुंतर स्थित नशा निवारण केंद्र के प्रभारी डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने बताया कि नशे से उबरने के लिए केवल इलाज ही नहीं, बल्कि मानसिक समर्थन और सामाजिक सहयोग भी बेहद जरूरी होता है।


डॉ. सत्यव्रत वैद्य निफ्ट कांगड़ा के छात्रों के साथ। अनंत ज्ञान

### डॉक्यूमेंट्री में दिखाई सच्चाई और संघर्ष

**छात्रों** द्वारा तैयार की गई डॉक्यूमेंट्री में नशे की लत, उसके दुष्प्रभाव, उपचार प्रक्रिया व पुनर्वास के बाद समाज में दोबारा मुख्यधारा से जुड़ने की चुनौतियों को प्रमुखता से दर्शाया गया है। रिहैबिलिटेशन केंद्रों में छात्रों ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों से मुलाकात की जिनमें से कुछ ऐसे युवा जो कभी पढ़ाई में अव्वल रहे व प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर चुके थे। वहीं, कुछ ऐसे भी थे, जो नशा तस्करी से जुड़े माहौल में पले-बढ़े हैं। इन अनुभवों से यह स्पष्ट हुआ कि नशा किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है।

# लारजी क्षेत्र में 3 मई को बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** बिजली उपमंडल लारजी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में आगामी 3 मई को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली मंडल लारजी के सहायक अभियंता संजीव कुमार द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। बिजली विभाग के अनुसार, 11 केवी लारजी-बालीचौकी फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों में लाइनों की मरम्मत का कार्य किया जाना है। इस दौरान पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट, फीडर की मरम्मत व गो स्विचस के सुधार का कार्य किया जाएगा। सारी, कंडा, सपांगनी, तलाड़ा, पनवी, थुआरी, धामन, रोपी, फब्यारी, सलेश आदि गावों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। बिजली विभाग ने आम जनता से सहयोग की अपील की है, ताकि मरम्मत का कार्य सुचारू रूप से और समय पर पूरा किया जा सके। कार्य संपन्न होते ही बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# 3 मई को कुल्लू फलोत्पादक मंडल का वार्षिक अधिवेशन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू फलोत्पादक मंडल का वार्षिक अधिवेशन इस वर्ष 3 मई (रविवार) को बागवान भवन, माहिली में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में क्षेत्र के हजारों किसान व बागवान जुटेंगे, जो अपनी समस्याओं व अनुभवों को साझा करेंगे। अधिवेशन के दौरान मुख्य रूप से फलों की आगामी फसल के अनुमान व भविष्य की नई योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मंडल के महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर ने बताया कि बागवानों के सुझावों के आधार पर ही मंडल आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करता है। उन्होंने कहा कि किसानों का सहयोग ही कृषि व बागवानी के क्षेत्र में मंडल को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने क्षेत्र के समस्त किसानों व बागवानों से इस अधिवेशन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।



# नशा, आत्महत्या और सम्मान पर खुली बात

## जीनियस ग्लोबल स्कूल में सजा जागरूकता का मंच, सेल्फ स्टडी से सेल्फ रिस्पेक्ट तक भी हुई खुली चर्चा

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर के आनंद विहार स्थित जीनियस ग्लोबल स्कूल में छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें करीब 150 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. रंजना आनंद ने मुख्य वक्ता (रिसोर्स पर्सन) के रूप में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने पढ़ाई के लिए सही टाइम टेबल बनाने, समय का सही उपयोग करने और सेल्फ स्टडी की आदत डेवलप करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई और खुद मेहनत करना ही आगे बढ़ने का रास्ता है। डॉ. आनंद ने सेल्फ रिस्पेक्ट यानी आत्म-सम्मान के महत्व को भी सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि छात्र खुद पर विश्वास रखें। अपने मूल्यों को समझें। तभी जीवन की चुनौतियों का बेहतर तरीके से सामना कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने समाज में लड़कियों और महिलाओं के सम्मान को लेकर भी छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एक अच्छे समाज के लिए महिलाओं और युवतियों का सम्मान जरूरी है। इसकी शुरुआत बचपन से होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बढ़ते नशे और आत्महत्या जैसे गंभीर विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने छात्रों को इनसे दूर रहने और पॉजिटिव सोच अपनाने की सलाह दी। इस मौके पर छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। आध्या, सिरत, अर्श अहमद और वेदांत सहित कई छात्रों ने अपने विचार साझा किए और सवाल पूछे, जिससे सत्र दिलचस्प बन गया। स्कूल की एमडी नीति शर्मा ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में सिर्फ किताबी पढ़ाई काफी नहीं है। बच्चों को जीवन के सही मूल्य भी सिखाने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में आत्म-सम्मान होना चाहिए। उन्हें सही और गलत का फर्क समझना आना चाहिए। साथ ही, उन्हें अपनी सोच को मजबूत बनाना भी जरूरी है। नीति शर्मा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। वे अपनी बात खुलकर रखना सीखते हैं। इससे उनका व्यक्तित्व भी बेहतर बनता है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के सत्र बच्चों को जिम्मेदार बनाते हैं। वे समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझते हैं। स्कूल आगे भी ऐसे कार्यक्रम करता रहेगा। ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छी सोच और अच्छे संस्कार भी मिल सकें।



जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लेते बच्चे। अनंत ज्ञान

## सोलन नगर निगम चुनाव 2026 : 34,147 मतदाता चुनेंगे शहर की नई सरकार

# चुनावी सरगर्मी तेज, शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के आगामी चुनाव के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं और शहर की राजनीतिक दिशा तय करने के लिए कुल 34,147 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, इन मतदाताओं में 17,274 पुरुष और 16,872 महिला मतदाता शामिल हैं, जबकि एक ट्रांसजेंडर मतदाता भी पंजीकृत है। 17 मई को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीति तेज कर दी है।

### मतदाताओं का वार्ड-वार संतुलन

**नगर निगम** के सभी 17 वार्डों में मतदाताओं की संख्या में विविधता देखी गई है, जो चुनावी मुकाबले को रोचक बना रही है। वार्ड नंबर 02 सबसे बड़ा वार्ड है जहां 2,999 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि वार्ड नंबर 05 सबसे छोटा वार्ड है जिसमें 1,221 मतदाता हैं। अन्य वार्डों में भी महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग बराबर है, जिससे हर वार्ड में कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

### चुनावी प्रक्रिया और प्रशासन की तैयारी

**जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन, मनमोहन शर्मा ने स्पष्ट किया है कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। प्रशासन ने मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया है और सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नए मतदाताओं की भूमिका और चुनावी मुद्दे




**हालिया** आंकड़ों के अनुसार, मतदाता सूची में 869 नए मतदाता जुड़े हैं, जबकि 113 नामों को हटाया गया है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इस बार चुनाव का मुख्य आधार विकास कार्य होगा। जनता ने पानी, सफाई, बेहतर सड़कें और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने वाले प्रत्याशियों को प्राथमिकता देने की बात कही है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों के बीच समीकरणों में बदलाव देखने को मिल रहा है, और बागियों की सक्रियता ने मुकाबले को और अधिक दिलचस्प बना दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भूतपूर्व सैनिक एकता मंच पछाद की मासिक बैठक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** भूतपूर्व सैनिक एकता मंच पछाद की मासिक बैठक 4 मई को आयोजित की जाएगी थ जानकारी देते हुए मंच के कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि हमारी पूर्व सैनिक संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनाव दिनांक 4 मई को आयोजित किया जाएगा।वर्तमान कार्यकारिणी अपना 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुकी है तथा 5 वर्ष के विस्तार की अवधि भी समाप्त हो चुकी है। अतः नियमानुसार नई कार्यकारिणी का चुनाव करना अनिवार्य हो गया है।उन्होंने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे 4 मई को निर्धारित समय पर उपस्थित रहें और चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### बी.एल. स्कूल कुनिहार में मजदूर दिवस मनाया गया

**अनंत ज्ञान, अर्की।** बी.एल. सेंट्रल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुनिहार में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जानकारी देते हुए लायन इको क्लब प्रभारी दिनाक्षी ठाकुर ने बताया की कार्यक्रम में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों, एन.सी.सी. कैडेट्स, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा लायन ईको क्लब के बच्चों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों द्वारा मजदूरों के महत्व और उनके योगदान को दर्शाने के लिए भाषण, कविता पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा स्लोगन लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने समाज में श्रमिकों की अहम भूमिका को समझा और उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय के छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी इस दिन को खास बनाते हुए अपनी कक्षाओं में सहयोग करने वाले सहायक कर्मचारियों को भेंट देकर सम्मानित किया।

### डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में ग्रेजुएशन समारोह

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में ग्रेजुएशन समारोह खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल की प्रिंसिपल रीना पांटा ने बताया कि प्रेप-2 के बच्चों को कक्षा 1 में और कक्षा 2 के बच्चों को कक्षा 3 में आगे बढ़ाया गया। समारोह के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए और अपनी प्रतिभा दिखाई। ग्रेजुएशन ड्रेस में सजे छोटे बच्चों का आत्मविश्वास देखने लायक था। प्रिंसिपल ने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों को अच्छी और संस्कारों वाली शिक्षा देने के लिए हमेशा प्रयास करता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रमाण-पत्र दिए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पार्टी पदों से इस्तीफा दिया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई विधानसभा क्षेत्र से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है, जहां पमता निवासी और वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व प्रधान रघुबीर कपूर ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह जानकारी अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा करते हुए पार्टी में लगातार हो रही अनदेखी पर नाराजगी व्यक्त की और साफ शब्दों में कहा कि अब यह स्थिति उनके लिए 'बर्दाश्त से बाहर' हो चुकी है। रघुबीर कपूर लंबे समय से क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय रहे हैं और स्थानीय स्तर पर उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है, ऐसे में उनके इस कदम को कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। उनके इस्तीफे के बाद शिलाई क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और विभिन्न दलों के बीच नए समीकरण बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

### सनवारा के नजदीक दो वाहनों में बीच जोरदार टक्कर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर सनवारा टोल प्लाजा के नजदीक दो वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जानकारी के अनुसार, तीखे मोड़ पर एक गाड़ी गलत दिशा में आकर दूसरी लेन में घुस गई, जिसके चलते सामने से आ रही दूसरी गाड़ी से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह मोड़ पहले भी कई हादसों का कारण बन चुका है, जहां तेज रफ्तार और गलत दिशा में वाहन चलाने की वजह से जोखिम बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में सुरक्षा उपाय बढ़ाने और चेतावनी संकेतों को और स्पष्ट करने की मांग की है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच जारी है। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे पहाड़ी क्षेत्रों में सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें।

### चोरी हुआ मोटरसाइकिल किया गया बरामद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** लायक राम पुत्र तारा चंद निवासी जिला मंडी, जो वर्तमान में सनसिटी बद्दी में रहकर मानपुरा स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत है, ने बताया कि उसने अपना मोटरसाइकिल कंपनी की पार्किंग में खड़ा किया था। ड्यूटी से वापस आने पर मोटरसाइकिल वहां से चोरी पाया गया। मोटरसाइकिल की सीट के नीचे शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन भी रखा हुआ था। शिकायत मिलते ही पुलिस थाना मानपुरा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तकनीकी विश्लेषण तथा सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया, जिसके आधार पर पुलिस टीम पंजाब के खन्ना क्षेत्र में पहुंची। पुलिस ने सुआपुली माजरी, खन्ना पंजाब से चोरी हुआ मोटरसाइकिल एवं शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन बरामद कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार पुत्र बाबू राम निवासी गांव मस्तगढ़, डाकघर जिजाना, तहसील कैराना, जिला लुधियाना पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगामी जांच जारी है।

### नालागढ़ थाने में सड़क दुर्घटना के दो मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** दोलोवाल महादेव के समीप पंजेहरा-नालागढ़ सड़क पर एक अज्ञात पिकअप गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार युवक को तेज रफ्तारी व लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक जस्सी उर्फ जसविंद्र पुत्र कर्मचंद निवासी गांव बासोवाल सुल्तानी डाकघर बरूणा तहसील नालागढ़ जिला सोलन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा दुर्घटनास्थल की फोटोग्राफी की गई तथा क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस थाना नालागढ़ में अभियोग पंजीकृत कर आगामी जांच अमल में लाई जा रही है। ग्राम सरसा नदी पुल के समीप गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पास एक कार चालक द्वारा तेज रफ्तारी, लापरवाही तथा गलत दिशा में वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक दिलप्रीत सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव बेहरमपुर, डाकघर मण्डोली, तहसील नालागढ़, जिला सोलन गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कांग्रेस के युवा नेता चंद्र मोहन शर्मा भाजपा में शामिल, हाईकमान पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान



**राजगढ़ ।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर राजगढ़ में सियासी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। इसी बीच कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहे युवा नेता चंद्र मोहन शर्मा ने पार्टी से समर्थन और टिकट न मिलने पर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।चंद्र मोहन शर्मा ने खुलकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेस में युवाओं की लगातार अनदेखी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह वर्षों से जमीनी स्तर पर मेहनत कर रहे थे, लेकिन चुनाव के समय उन्हें वह सम्मान और अवसर नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे भाजपा में शामिल होने पर पच्छाद की विधायक रीना कश्यप ने अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूल-मालाएं पहनाई गईं और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई। कार्यकर्ताओं ने जय भाजपा, विजय भाजपा के नारों के साथ माहौल को पूरी तरह चुनावी रंग में रंग दिया। रीना कश्यप ने इस मौके पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है और पार्टी में हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाता है। वार्ड नंबर 6 में मुकाबला रोचक सूत्रों के अनुसार अब चंद्र मोहन शर्मा भाजपा के टिकट पर वार्ड नंबर 6 से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। उनके भाजपा में शामिल होने से इस वार्ड में मुकाबला और भी दिलचस्प और कांटे का होने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर पार्टी हाईकमान समय रहते इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देता, तो इसका असर सीधे चुनावी नतीजों पर पड़ सकता है। लगातार बढ़ रही नाराजगी यह संकेत दे रही है कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को समझना और उन्हें महत्व देना बेहद जरूरी हो गया है।

# राजगढ़ पुलिस ने ट्रक से 9.346 किलोग्राम चूरापोस्त किया बरामद

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** पुलिस थाना राजगढ़ की टीम ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में चूरापोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 30 अप्रैल 2026 को थाना राजगढ़ की टीम गश्त पर थी और मादक पदार्थों से संबंधित सूचनाएं एकत्र कर रही थी। इसी दौरान पबियाना के पास एक मुखबिर से सूचना मिली कि रामलाल शर्मा पुत्र सूरत राम, निवासी गांव भनोग डाकघर डिम्बर तहसील राजगढ़, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश), उम्र लगभग 48 वर्ष, अपने ट्रक नंबर HP71A-6099 में अवैध रूप से चूरापोस्त लेकर सोलन से राजगढ़ की ओर आ रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नजदीक बटोल (सनौरा) मुख्य सड़क पर नाका लगाया और संदिग्ध ट्रक को रोक लिया। पूछताछ के दौरान चालक ने अपना नाम रामलाल बताया। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार ट्रक की तलाशी ली।तलाशी के दौरान ट्रक की बॉडी के अंदर पॉलीथीन में पैक किया हुआ कुल 9.346 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने तुरंत आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया और मादक पदार्थ जब्त कर लिया।इस संबंध में आरोपी के खिलाफ धारा 15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त किया जा रहा है।पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद नशीली खेप कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। साथ ही इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर गिरोह का पर्दाफाश करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वाहन पंजीकरण से दस्तावेजी धोखाधड़ी मामले का मास्टर माइंड गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** वाहन पंजीकरण से दस्तावेजी धोखाधड़ी मामले में जिला पुलिस द्वारा दर्ज उक्त अभियोग में अब तक कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी गौरव भरद्वाज, जो पूरे मामले का मास्टरमाइंड है, अभियोग दर्ज होने के पश्चात से ही फरार चल रहा था तथा गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे तथा उसकी गतिविधियों पर तकनीकी एवं मानवीय संसाधनों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने गिरफ्तारी से बचने के लिए माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश में अग्रिम जमानत याचिका दायर की, जिसे न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के उपरांत जिला पुलिस की टीम ने सटीक सूचना, तकनीकी विश्लेषण एवं प्रभावी रणनीति के आधार पर त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए आरोपी गौरव भरद्वाज पुत्र ओम प्रकाश, निवासी गाँव पेहडवी, डाकखाना भागेड़, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.), आयु 32 वर्ष को 30 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी से गहन एवं विस्तृत पूछताछ की जा रही है, जिसके दौरान मामले से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा होने की संभावना है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में अन्य किन-किन व्यक्तियों की संलिप्तता रही है, ताकि उनके विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा पुलिस द्वारा उसके पुलिस रिमांड हेतु आवेदन किया जाएगा, ताकि पूछताछ के माध्यम से मामले के सभी पहलुओं का खुलासा सुनिश्चित किया जा सके। जिला पुलिस द्वारा इस प्रकरण की जांच प्राथमिकता के आधार पर, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से की जा रही है।

# चलते ट्रक की वायरिंग शॉर्ट होने से लगी आग, लाखों का नुकसान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** कालाअंब-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे-07 पर शुक्रवार सुबह एक चलते ट्रक में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा नाहन के समीप दोसड़का क्षेत्र में हुआ, जहां ट्रक की वायरिंग शॉर्ट हो जाने से आग भड़क उठी। घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, हालांकि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5:35 बजे दमकल विभाग को ट्रक में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम महज एक मिनट के भीतर घटनास्थल के लिए रवाना हो गई और करीब 5:42 बजे मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रक नंबर जेके 14ई 1681 कालाअंब स्थित एक पेपर मिल से कोयले की राख लेकर पांवटा साहिब स्थित सीमेंट फैक्ट्री की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में अचानक



वायरिंग शॉर्ट होने से ट्रक में आग लग गई।आग इतनी भयंकर थी कि ट्रक का लकड़ी का केबिन, एक टायर और इंजन की पूरी वायरिंग जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में करीब 3 लाख रुपये का नुकसान आंका गया है।दमकल कर्मियों ने करीब 57 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया उनकी तत्परता से करीब 30 लाख रुपये की संपत्ति को सुरक्षित बचा लिया गया। इसमें ट्रक की बॉडी, मुख्य इंजन, ट्रक में लदा माल और मौके पर रखे एलपीजी सिलेंडर शामिल थे।राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। दमकल विभाग की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

## धर्मशाला में राहुल गांधी से मिले सोलन कांग्रेस अध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, सोलन।** धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से सोलन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष वरमानी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन को मजबूत करने और पार्टी की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सुभाष वरमानी ने राहुल गांधी को जिला स्तर पर चल रही गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। राहुल गांधी ने संगठन को और सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा स्थानीय स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। यह मुलाकात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, खासकर आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वरमानी ने राहुल गांधी को जिले की राजनीतिक स्थिति से भी अवगत कराया।

## पच्छाद विधायक रीना कश्यप का कांग्रेस पर महिला विरोधी होने का आरोप

# बिल लोकसभा में पारित नहीं हुआ तो कांग्रेस ने खुलेआम इसका जश्न मनाया

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने कांग्रेस और सभी विपक्षी दलों पर महिलाओं के प्रति विरोधी रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। सोलन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक (महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण बिल) को पास न होने देने को इसका सबसे बड़ा उदाहरण बताया। रीना कश्यप ने कहा कि जब यह महत्वपूर्ण बिल लोकसभा में पारित नहीं हो सका, तब कांग्रेस ने खुलेआम इसका जश्न मनाया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के कुछ कांग्रेस मंत्रियों पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने बिल के अटकने पर खुशी का इजहार किया। विधायक ने इसे कांग्रेस की सुनियोजित साजिश करार दिया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण को रोकना है। कांग्रेस की मंशा को उजागर करते हुए रीना कश्यप ने हिमाचल में पार्टी के व्यवहार का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि हिमाचल में कांग्रेस के पास दो महिला विधायक हैं, लेकिन पार्टी ने इनमें से किसी को भी मंत्री पद नहीं दिया। यह फैसला कांग्रेस की महिला विरोधी सोच को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। पत्रकार वार्ता में उनके साथ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर और पूर्व मंत्री व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल भी मौजूद रहे। डॉ. ठाकुर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम था, जिसे विपक्ष ने राजनीतिक लाभ के लिए रोका। डॉ. सैजल ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रीना कश्यप ने अंत में कहा कि हिमाचल की महिलाएं कांग्रेस की इस मानसिकता को अच्छी तरह समझ चुकी हैं और आने वाले चुनावों में इसका जवाब देंगी। उन्होंने महिलाओं से भाजपा के पक्ष में एकजुट होने का आह्वान किया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी संजीव मोहन भी मौजूद रहे।



सोलन में पत्रकार वार्ता करती विधायक रीना कश्यप अनंत ज्ञान

## नगर निगम चुनाव | नामांकन के साथ ही प्रचार युद्ध तेज, भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने

# वार्ड-17 से कांग्रेस प्रत्याशी अरुणा ठाकुर ने शुरू किया प्रचार

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** नगर निगम चुनाव में नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही प्रत्याशी प्रचार में जुट गए हैं। अभी तक 19 उम्मीदवारों ने नामांकन भर चुके हैं। वार्ड-1, 2, 8, 9, 11, 13, 14, 15, 16 और 17 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है, जबकि अन्य वार्डों में बागी व निर्दलीय उम्मीदवार कड़ी चुनौती दे सकते हैं। कांग्रेस ने वार्ड-17 से अरुणा ठाकुर को टिकट दिया है। नामांकन भरते ही प्रचार अभियान शुरू हो गया। कांग्रेस नेता कर्नल डॉ. संजय शांडिल ने अरुणा के पक्ष में वोट मांगे। पूर्व पार्षद सरदार सिंह ठाकुर ने उनका खुला समर्थन किया और वार्ड में हुए कार्यों का हवाला देकर प्रचार किया। पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी विकास ठाकुर ने भी अरुणा के पक्ष में मतदाताओं से अपील की।

### पानी से खेल मैदान तक वादे

**प्रत्याशी** मतदाताओं तक पानी, सीवरेज, कूड़ा निस्तारण, पार्किंग, एम्बुलेंस रोड, स्ट्रीट लाइट, मोहल्ला क्लिनिक, शिशु पार्क और खेल मैदान जैसे मुद्दों पर मनमोहक वायदे लेकर पहुंच रहे हैं। ये मुद्दे चुनावी समर में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

### वार्ड-6 और 7 पर अंतिम फैसला

**कांग्रेस** ने शुक्रवार को सभी प्रत्याशियों की सूची जारी की। लंबी जद्दोजहद के बाद वार्ड-6 से पूर्व पार्षद सत्या ठाकुर को टिकट मिला। वहीं, भाजपा ने वार्ड-7 से बादल नाहर पर सहमति जताई। शनिवार को नामांकन पूरा होने के बाद बागियों को मनाने की कवायद तेज हो जाएगी।



चुनाव प्रचार में उतरी वार्ड-17 प्रत्याशी अरुणा ठाकुर अनंत ज्ञान

### अभी तक 19 ने भरा नामांकन

**सहायक** निर्वाचन अधिकारी डॉ. पूनम बंसल के मुताबिक, वार्ड-1 देहूंघाट से नीलम व अर्चना ठाकुर, वार्ड-2 रेलवे स्टेशन से शांता व सुषमा शर्मा, वार्ड-3 कथेड़ से दीपिन, वार्ड-4 चंबाघाट से राकेश कुमार, संगीता व रोहित भारद्वाज, वार्ड-5 लोअर बाजार से प्रियंका, वार्ड-7 ठोडो ग्राउंड से मनोज कुमार, पूजा व रविंद्र कंवरपाल, वार्ड-10 चौरी घाटी से प्रतीक गुप्ता व अंकुश, वार्ड-11 डिग्री कॉलेज से हेमा शर्मा व सरिता, वार्ड-13 कलीन से मीरा आनंद व नरेंद्र कुमार, वार्ड-14 हाउसिंग बोर्ड से सुलक्षणा, वार्ड-15 तहसील पटराड़ से अभिषेक तथा वार्ड-17 बसाल पती कथेड़ से अरुणा ने नामांकन दाखिल किए।

# जंगल में शिकार के दौरान गोली लगने हुई व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान

**अर्की ।** पुलिस थाना अर्की के तहत जमरोटी (भूमती) क्षेत्र के जंगल में शिकार के दौरान गोली लगने से लक्ष्मीकांत की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी रणजीत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की है। जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल 2026 को गांव जमरोटी निवासी राहुल ने पुलिस को सूचना दी कि उसके परिचित भगत राम के साथ मौजूद रहने के दौरान कमलजीत ने मोबाइल पर बताया कि लक्ष्मीकांत को जंगल में चोट लग गई है। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो राम लाल और रणजीत सिंह वहां मौजूद थे, जबकि लक्ष्मीकांत गंभीर रूप से घायल अवस्था में जमीन पर पड़े थे। उनके शरीर के पीछे बाईं ओर कुल्हे के पास गोली लगने से भारी रक्तस्राव हो रहा था, जिसके बाद उन्हें अर्की अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक और आरोपी शिकार के लिए जंगल गए थे। इसी दौरान आरोपी रणजीत सिंह का पैर फिसलने से उसकी बंदूक से अचानक गोली चल गई, जो लक्ष्मीकांत को लग गई। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच हर पहलू से जारी है। मृतक का पोस्टमॉर्टम आईजीएमसी में करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना स्थल का निरीक्षण एसएफएसएल टीम से भी कराया गया और मौके से भौतिक साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर रणजीत सिंह, उम्र 62 वर्ष, निवासी गांव जमरोटी, डाकघर भूमती, तहसील अर्की, जिला सोलन को 30 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया।

# सरकारी खजाने में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

## अप्रैल माह में 2.42 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचा जीएसटी कलेक्शन




**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकारी खजाने में एक महीने के भीतर रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। देश का सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 फीसदी बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह अप्रैल, 2025 के 2.23 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड से ज्यादा है।

जीएसटी महानिदेशालय ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जीएसटी राजस्व संग्रह अप्रैल में 8.7 फीसदी बढ़कर 2,42,702 करोड़ रुपए (2.43 लाख करोड़ रुपए) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले अप्रैल, 2025 में सर्वाधिक जीएसटी राजस्व संग्रह 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक दर्ज किया गया था। जीएसटी संग्रह में यह वृद्धि मुख्य रूप से आयात पर करों में 25.8 फीसदी की तेज उछाल और मजबूत घरेलू खपत के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान घरेलू लेन-देन से सकल राजस्व 4.3 फीसदी बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से जीएसटी संग्रह में 25.8 फीसदी की भारी वृद्धि हुई। यह बढ़कर 57,580 करोड़ रुपए हो गया। अप्रैल के दौरान 31,793 करोड़ रुपए के रिफंड दिए गए, जो 19.3 फीसदी अधिक है। रिफंड समायोजित करने के बाद अप्रैल महीने में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 7.3 फीसदी बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपए रहा है। भले ही यह ग्रॉस कलेक्शन जितना तेज नहीं है, लेकिन स्थिर आर्थिक गतिविधि का संकेत देता है। वहीं, रिफंड के मोर्चे पर भी तेजी देखने को मिली है। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र-कर्नाटक रहे सबसे आगे

**अप्रैल** महीने में कई राज्यों ने स्टेट जीएसटी कलेक्शन में सालाना आधार पर मजबूत बढ़त दर्ज की। टॉप परफॉर्मर्स की बात करें तो महाराष्ट्र में 40% की शानदार ग्रोथ देखने को मिली, जबकि कर्नाटक ने इससे भी आगे बढ़ते हुए 42% की तेजी दर्ज की। तेलंगाना में भी 36% की मजबूत ग्रोथ रही। वहीं, पुडुचेरी ने सबसे ज्यादा चौंकाते हुए 108% की जबरदस्त छलांग लगाई। हालांकि कुछ राज्यों का प्रदर्शन कमजोर रहा। लद्दाख में जीएसटीज कलेक्शन में 8% की गिरावट दर्ज की गई। झारखंड में कलेक्शन लगभग स्थिर रहा और सालाना आधार पर कोई खास बदलाव नहीं देखा गया।

# यूएई ने नागरिकों के ईरान, लेबनान व इराक जाने पर लगाई रोक

**एजेंसी, अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने नागरिकों के ईरान, लेबनान और इराक जाने पर रोक लगा दी है। संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को घोषणा की कि वह क्षेत्र में मौजूदा घटनाक्रमों को देखते हुए अपने नागरिकों के ईरान, लेबनान और इराक जाने पर रोक लगा रहा है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूएई के विदेश मंत्रालय ने इन देशों में मौजूद अपने सभी नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे जितनी जल्दी हो वहां से निकलें और सीधे संयुक्त अरब अमीरात लौट आएं। उधर, इस समय अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध के कारण संयुक्त अरब अमीरात भारी आर्थिक और रणनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावित होने से यूएई का तेल निर्यात बाधित हुआ। अमेरिका और खाड़ी देशों से पर्याप्त समर्थन न मिलने के कारण यूएई ने अपनी स्वतंत्र नीति अपनाते हुए 60 साल पुराना ओपेक संगठन छोड़ दिया है। ईरान ने यूएई के तेल प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों और औद्योगिक क्षेत्रों को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बनाया है। खाड़ी सहयोग परिषद और अमेरिका से पर्याप्त सैन्य-राजनीतिक समर्थन न मिलने के कारण यूएई ने इस रुख को खुलकर आलोचना की। (अनंत ज्ञान)

# गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर राहुल बोले-अगला वार पेट्रोल-डीजल पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यवसायिक सिलेंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। आज कमर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलेंडर के दाम इस तरह बढ़ाए।'

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कमर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपए महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपए की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।' (अनंत ज्ञान)

### पहले स्वयं सिलेंडर बांटे, अब दाम बढ़ाए

**कांग्रेस** ने कहा, 'कमर्शियल सिलेंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है...। मोदी सरकार सिर्फ वसूली करना जानती है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलेंडर भी महंगा कर दिया। पहले आधार कार्ड पर सिलेंडर बांटे, फिर उसका दाम बढ़ा दिया। ये बड़े चालबाज लोग हैं।'

# कर्नाटक कैबिनेट ने दी एससी आंतरिक आरक्षण को मंजूरी



**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक सरकार ने अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए आंतरिक आरक्षण को लेकर पहले लिए गए निर्णयों को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सरकारी विभागों में लंबित भर्तियों को तेज करने के लिए भर्ती नियमों में अहम बदलाव भी किए गए हैं। राज्य मंत्रिमंडल ने 16 और 24 अप्रैल को लिए गए फैसलों को दोहराते हुए आरक्षण नीति में आवश्यक संशोधनों को मंजूरी दी है। एच के पाटिल ने जानकारी दी कि सरकार एससी वर्ग के 15 प्रतिशत कोटे के भीतर आंतरिक आरक्षण को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नई व्यवस्था के तहत भर्ती प्रक्रिया में 400-पॉइंट रोस्टर प्रणाली अपनाई जाएगी, जिससे आरक्षण का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। यदि किसी भर्ती में एससी के लिए तीन से कम रोस्टर पॉइंट बनते हैं, तो सभी 101 अनुसूचित जाति समुदायों को सामान्य एससी श्रेणी के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# ब्रिटेन में बढ़ा आतंकी हमला होने का खतरा

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन में आतंकी खतरे का स्तर सब्स्टैंशल से बढ़ाकर सीवियर कर दिया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि देश में आतंकी हमला होने की संभावना अब काफी अधिक मानी जा रही है। यह फैसला उत्तर-पश्चिम लंदन के गोल्डर्स ग्रीन इलाके में हुए यहूदी विरोधी चाकूबाजी हमले के बाद सामने आया है। हालांकि ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी से जुड़े संयुक्त आतंकवाद विश्लेषण केंद्र ने स्पष्ट किया है कि खतरे का स्तर बढ़ाने का निर्णय केवल इसी घटना के आधार पर नहीं लिया गया, बल्कि पिछले कुछ समय से देश में आतंकी खतरे में लगातार वृद्धि देखी जा रही थी। ब्रिटेन की गृह मंत्री शबाना महमूद ने कहा कि सीवियर स्तर का मतलब है कि आतंकी हमला अत्यधिक संभावित है और यह स्थिति कई लोगों, खासकर यहूदी समुदाय के लिए चिंता का कारण बन सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार यहूदी समुदाय की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कदम उठा रही है, जिसमें सिनेगॉग, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों की सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### लद्दाख में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पहली राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित

# 75 वर्ष बाद बुद्ध के अवशेषों का लद्दाख आगमन ऐतिहासिक: शाह

**एजेंसी, लेह**



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लद्दाख में भगवान तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की पहली राष्ट्रीय प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 75 वर्षों के बाद इन अवशेषों का लद्दाख आगमन ऐतिहासिक और सौभाग्यपूर्ण क्षण है, जो पूरी मानवता को शांति, सहअस्तित्व एवं मध्यम मार्ग का संदेश देता है। भारत की सभ्यता हजारों वर्षों से ज्ञान और करुणा पर आधारित रही है और आज बुद्ध के संदेश की प्रासंगिकता पहले से अधिक बढ़ गई है।

यहां धार्मिक कार्यक्रम स्थल जिवेत्सल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लद्दाख के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, लद्दाख बौद्ध संघ के अध्यक्ष त्सेरिंग दोरजे लाकरूक, लद्दाख गोंपा संघ के अध्यक्ष दोरजे स्टांजिन, रिनपोछे क्याबजे दुक्पा थुकसे, डॉ लोबजांग त्सेवांग सहित बौद्ध समुदाय के कई प्रमुख धार्मिक नेता, आध्यात्मिक गुरु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लामा वादन, त्सोग अर्पण, दीप प्रज्वलन और पवित्र अवशेषों के दर्शन कराए गए। साथ ही तिब्बती सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति गीत और लद्दाखी लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिनमें क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि आज से 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में सिद्धार्थ का जन्म हुआ, ज्ञान प्राप्ति के बाद वे तथागत बुद्ध कहलाए और 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर में उनका महापरिनिर्वाण हुआ। ऐसे संयोग इतिहास में विरले ही देखने को मिलते हैं, जिसका जन्म, ज्ञान प्राप्ति और मृत्यु एक ही दिन हुए हों। इससे बुद्ध का जीवन और उनका संदेश और अधिक विशिष्ट बन जाता है।

उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले जब बुद्ध के अवशेष यहां लाए गए होंगे, तब बुनियादी सुविधाएं सीमित रही होंगी, लेकिन आज विकसित लद्दाख के बीच इन अवशेषों का आगमन नए युग का प्रतीक है। यह दिन लद्दाख के लोगों के लिए विशेष सौभाग्य का दिन है और यह ऐतिहासिक मिलन का भी क्षण है। (अनंत ज्ञान)

# होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने पर रोक नहीं: ईरान

**एजेंसी, तेहरान**



भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है।

### ◆ 10 हजार भारतीयों की सुरक्षा प्राथमिकता

एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है। फतहाली के मुताबिक चाबहार-जोहेदान रेलवे लाइन का लगभग 90% काम पूरा हो चुका है और जल्द ही रेल लाइन बिछाने का काम खत्म हो जाएगा। फतहाली ने यह भी कहा कि ईरान में रहने वाले करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तय करना सरकार की प्राथमिकता है। ईरान भारतीयों और अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करता है। (अनंत ज्ञान)

# एनएचपीसी के अध्यक्ष ने किया क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता ने दिनांक 30.04.2026 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा किया। क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ आगमन पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यपालक निदेशक श्री आदित्य गौतम ने शॉल व टोपी पहना कर परंपरागत रूप से उनका अभिनंदन किया।

अपने दौरे के दौरान उन्होंने कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों के साथ बैठक की तथा उन्हें संबोधित किया। उन्होंने एनएचपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में चल रही निर्माण गतिविधियों की प्रगति पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को समर्पण, प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्टता के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कर्मचारियों से उनके सुझाव एवं कार्य से संबंधित समस्याओं को भी आमंत्रित किया, जिससे कर्मचारी कल्याण एवं सकारात्मक कार्य-संस्कृति को बढ़ावा मिले।

कार्यक्रम का समापन क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के कार्यकारी निदेशक, श्री आदित्य गौतम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस दौरान समूह महाप्रबंधक (विधि) श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री रजब हुसैन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# भूरीवाले संत के निर्वाण दिवस पर संधू ने किया नमन, शिक्षा पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान**



**बलाचौर (पंजाब)।** राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन श्री सतगुरु ब्रह्मानंद जी महाराज भूरीवाले के 24वें निर्वाण दिवस पर पोजोवाल स्थित श्री ब्रह्म सरूप धाम में आयोजित तीन दिवसीय समागम में भाग लिया। यह कार्यक्रम 29 अप्रैल से शुरू होकर श्रद्धांजलि सभा के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कई प्रमुख संत-महात्मा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विभिन्न धार्मिक संगठनों के संत शामिल थे। सत्कार कार्यक्रम में सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा कि सतगुरु ब्रह्मानंद जी महाराज ने ग्रामीण पंजाब, विशेषकर दोआबा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, गौ-सेवा और समाज कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना एक महान सामाजिक कार्य है। उन्होंने कहा कि आज इस क्षेत्र की बेटियां प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रही हैं, जो इस प्रयास का परिणाम है। उन्होंने 'महाराज भूरीवाले गरीब दासी एजुकेशन ट्रस्ट' द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। संधू ने इस अवसर पर लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने सांसद निधि से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की तथा कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की भी बात कही। उन्होंने केंद्र सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के अवसर मिल रहे हैं।

# निरंकारी यूथ फोरम के युवा खेलों ने जगाई नई प्रेरणा

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** निरंकारी यूथ फोरम के खेलों का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के मनमोहक स्थल ढालपुर मैदान में परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में हुआ। यह आयोजन निरंकारी यूथ फोरम द्वारा जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ, जिसने क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ पंचकूला मोहाली से सेवादल सेवा के लिए गए हुए हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ सतगुरु के पावन करकमलों द्वारा ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह, ऊर्जा और आध्यात्मिक प्रेरणा से आलोकित कर दिया। युवाओं का जोश, अनुशासन और समर्पण इतना प्रभावशाली था कि 'शाबाश' के स्वर से समूचा परिसर गुंजायमान हो उठा।

सतगुरु माता जी ने अपने आशीर्वचनों में फरमाया कि ये खेल केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि 'नृत्य-व्यम' के भाव के साथ अपने शरीर को निरंकार की सेवा में समर्पित करने का एक पावन अवसर हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दातार की कृपा से पूरे आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय और एकजुटता देखने को मिली, भले ही कुछ खेल परिस्थितियों के कारण स्थगित करने पड़े। इस आयोजन का विशेष महत्व इस बात में निहित है कि यह युवाओं को आध्यात्मिकता, अनुशासन, सेवा और एकत्व के मूल्यों से जोड़ता है। यह एक बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी मंच है, जहां 'बेरंग में अनेक रंग' की भावना साकार होती है- अर्थात विविधता में एकता का जीवंत संगम। कार्यक्रम के दौरान टीमवर्क और सामूहिकता का सशक्त संदेश दिया गया कि सच्ची जीत वही है, जिसमें सभी को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया गया कि वेतन, मन और धन से सेवा भाव बनाए रखें तथा निरंकारी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर उसे सार्थक और सफल बनाएं।

# नेशनल ह्यूमन राइट्स, सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया ने मनाया लेबर-डे

**अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** अंतराष्ट्रीय लेबर डे के उपलक्ष्य में नेशनल ह्यूमन राइट्स, सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया चंडीगढ़ ने लेबर चौक पर मजदूर साथियों के साथ उनके हक़ के प्रति जागरूक करने के लिए चंडीगढ़ के प्रधान एसए खान के दिशानिर्देश अनुसार वाइस चेयरमैन मानव शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मानव शर्मा ने कहा कि लेबर डे (मजदूर दिवस) या अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस हर साल एक मई को मनाया जाता है, जो मजदूरों के अधिकारों, सम्मान और उनके संघर्षों को समर्पित है। मजदूर दिवस केवल महज एक दिन नहीं बल्कि उन करोड़ों मजदूरों के संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह दिन समाज में समानता लाने और आर्थिक प्रगति की रीढ़ कहे जाने वाले कामगारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। इस अवसर पर जनरल सेक्रेटरी जीशान उल हक, संस्था के फाइनेंस सेक्रेटरी संजीव कपूर, स्टेट कॉर्डिनेटर राकेश शर्मा, गुलशन वर्मा, स्टेट ज्वाइंट सचिव रणदीप सिंह सहारन और मीडिया सेक्रेटरी अजय चौधरी उपस्थित रहे।

# खरड़ मंडी की गेहूं लिफ्टिंग तेज करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सिंह, खरड़ (पंजाब)।** खरड़ मंडी बोर्ड के चेयरमैन सुखविंद्र सिंह बिट्टू को जिला व्यापार सेल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल के नेतृत्व में मंडी की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें गेहूं की लिफ्टिंग में तेजी लाने सहित कई मुद्दों का जल्द समाधान करने की मांग की गई। इस अवसर पर भाजपा पंजाब के सह-कैशियर सुखविंद्र सिंह गोल्डी भी मौजूद रहे। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मंडी में गेहूं की लिफ्टिंग में देरी से व्यापारी और मजदूर दोनों परेशान हैं, जबकि इसके लिए व्यापारियों को जिम्मेदार ठहराना गलत है।

प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से लिफ्टिंग कॉन्ट्रैक्ट एक ही व्यक्ति को दिए जाने की स्थिति बनी हुई है, जिससे असंतोष बढ़ रहा है। साथ ही आढ़तियों के कमीशन को लेकर भी नाराजगी जताई गई और इसे बढ़ाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सब्जी मंडी और अन्य बाजार क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बेहद खराब है, जिसे तुरंत सुधारने की जरूरत है। इस मौके पर कई भाजपा पदाधिकारी और व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे और उन्होंने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग दोहराई।

# चंडीगढ़ में पीसीआर टीम ने तीन स्नैच किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** पीसीआर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकदी छीनकर भागने वाले तीन स्नैचर्स को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम (18), प्रीत (29) और गौरव (29) के रूप में हुई है, जो मनीमाजरा क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उनके पास से 3000 रुपए भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार, रात करीब 11:10 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि शीतला माता मंदिर के पास तीन युवकों ने एक व्यक्ति से 5000 रुपए छीन लिए और रेलवे फाटक की ओर भाग गए। सूचना मिलते ही पीसीआर टीम ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। कुछ ही देर में तीनों आरोपी कच्चे रास्ते पर भागते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने नकदी छीनने की वारदात स्वीकार कर ली।

इसके बाद आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित थाना पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न

**अनंत ज्ञान**

**मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से कम्प्यूटेशनल और एप्लाइड साइंसेज में प्रगति पर आधारित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएसीएस-2026) का सफल आयोजन किया। इस सम्मेलन ने शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों को विचारों के आदान-प्रदान तथा विज्ञान और तकनीक के नए रुझानों को समझने का मंच प्रदान किया।

सम्मेलन में देश-विदेश के कई विद्वानों और विशेषज्ञों ने भाग लिया और वैज्ञानिक नवाचार, शोध तथा व्यावहारिक समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. सिमरजीत कौर ने सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ज्ञान और नवाचार के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच बताया। चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए ऐसे मंचों का अधिकतम लाभ उठाने की बात कही।

मुख्यातिथि सांसद मालविंद्र सिंह कंग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के रचनात्मक उपयोग और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया तथा विद्यार्थियों की परियोजनाओं और स्टार्टअप्स की सराहना की।

वाइस चांसलर प्रो. डॉ. संजय कुमार और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सतीश कुमार ने भी इस सहयोगात्मक पहल की प्रशंसा की। दूसरे दिन कश्मीर विश्वविद्यालय के डॉ. निसार अहमद लोन ने मुख्य व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं और स्टार्टअप प्रदर्शनी को विशेष सराहना मिली।

## स्पोर्ट्स विंडो

### 16 से 28 जून तक हैदराबाद में होगी रग्बी प्रीमियर लीग



एजेंसी, नई दिल्ली। दूसरी रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबाउली स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। जीएमआर स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन इस खेल की राष्ट्रीय संस्था रग्बी इंडिया के साथ मिलकर करेगा। इस प्रतियोगिता का पिछले साल मुंबई में आयोजन किया गया था। तब यह प्रतियोगिता रग्बी 7 प्रारूप में आयोजित की गई थी और इस बार भी इसी प्रारूप में खेली जाएगी। दूसरे सत्र में भी पहले सत्र की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, "जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का आधारशिला बना रहेगा।" (अनंत ज्ञान)

### सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में चोटिल मावी की जगह अंबरीश शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को चोटिल खिलाड़ी शिवम मावी की जगह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाकी मैचों के लिए आरएस अंबरीश को अपनी टीम में शामिल किया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, "दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज मावी ग्रोइन चोट के कारण इस सत्र से बाहर हो गए हैं।" ऑलराउंडर अंबरीश इस साल की शुरुआत में विश्व कप जीतने वाली भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। वह इस टूर्नामेंट में भारतीय अंडर-19 के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी थे जिसमें उनके नाम 11 विकेट थे। अंबरीश दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। वह सनराइजर्स हैदराबाद में 30 लाख रुपए में शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)



### हार के बाद भी आरसीबी के जज्बे पर दिनेश कार्तिक को गर्व

एजेंसी, अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के जुझारू प्रदर्शन ने सबका ध्यान खींचा। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु की टीम 155 रन पर सिमट गई। इसके बाद गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को अंत तक रोमांचक बनाए रखा और विरोधी टीम को आसान जीत नहीं लेने दी। टीम के मार्गदर्शक दिनेश कार्तिक ने हार के बावजूद खिलाड़ियों के प्रयास और रवैये की सराहना की। उन्होंने कहा कि गेंदबाजों ने एकजुट होकर मध्य ओवरों में दबाव बनाया और टीम ने अंत तक संघर्ष किया, जिस पर उन्हें गर्व है। कार्तिक ने विराट कोहली की तेज शुरुआत की भी तारीफ की, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरने को हार का मुख्य कारण बताया। वहीं, मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने स्वीकार किया कि टीम बल्लेबाजी में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्कोर के साथ मुकाबले जीतना मुश्किल होता है और बल्लेबाजी इकाई को इससे बेहतर करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### एलिस केप्सी का खूबसूरत अंदाज

इंग्लैंड। इंग्लैंड की ऑलराउंडर खिलाड़ी एलिस केप्सी भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। या यूं कहें कि एलिस अपनी खूबसूरती से बॉलीवुड एक्ट्रेस को भी कड़ी टक्कर देती हैं।



## आईपीएल प्लेऑफ की उम्मीद बचाने के लिए दोनों टीमों पर जीत का दबाव

# सीएसके-मुंबई में करो या मरो की जंग आज

एजेंसी, चेन्नई



अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा।

आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में यह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है।

सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं। मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्यक्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं।

अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके को उम्मीद होगी कि उसके स्पिनर चेपॉक की धीमी पिच का फायदा उठाने में सफल रहेंगे, जबकि मुंबई की टीम स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए अपने पावर हिटर्स पर निर्भर रहेगी।

चेन्नई और मुंबई की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दोनों में से कोई भी टीम इस मैच में स्पष्ट रूप से जीत की हकदार नहीं है, जिससे यह मुकाबला आईपीएल की पारंपरिक रूप से सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में वर्चस्व की लड़ाई के बजाय अस्तित्व की लड़ाई बन गया है। आठ मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर काबिज रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके को लगातार खराब प्रदर्शन, खराब नेट रन रेट और महेंद्र सिंह धोनी की लंबे समय तक अनुपस्थिति के कारण प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। संजू सैमसन सीएसके के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने सीएसके के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पांड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक, मयंक रावत, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, कृष भगत, एएम गजनफर, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इजहार, रघु शर्मा।

## मैदान से इतर विवाद टीम के लिए सकारात्मक संकेत नहीं : संगकारा

एजेंसी, जयपुर



राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा कि मैदान से बाहर की दो घटनाओं के लिए कप्तान रियान पराग और सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य पर लगाए गए जुर्माने से टीम की छवि पर बुरा असर पड़ता है।

पराग पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान गुरुवार को ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन्हें खेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का दोषी पाया गया। इससे पहले टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले संगकारा ने कहा, "मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से टीम पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, फिर चाहे वह किसी भी तरह का विवाद हो।" उन्होंने कहा, "मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और फ्रेंचाइजी ने दोनों ही मामलों पर ध्यान दिया है। जहां तक संस्कृति की बात है, हम हमेशा सकारात्मक और स्वस्थ संस्कृति बनाए रखने की कोशिश करते हैं। हमारे अपने मूल्य हैं जिनका हम पालन करते हैं। खिलाड़ियों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे फ्रेंचाइजी और हमारी संस्कृति और मूल्यों के प्रति जिम्मेदार रहें।"

बीसीसीआई ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा था कि पराग को दंडित करने के बाद वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। पराग को इस सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है लेकिन वह अभी तक बल्लेबाजी में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन संगकारा ने उनका बचाव किया। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि उन्होंने कप्तान के तौर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले मैच में उनकी छोटी पारी से टीम को काफी मदद मिली। रियान से मैं इसी तरह की प्रभावशाली पारियां देखना चाहता हूं। उनके बल्लेबाजी कौशल पर हमें किसी तरह का कोई संदेह नहीं है।" (अनंत ज्ञान)

## कंधे की चोट के कारण एक महीने तक नहीं खेल पाएंगे सैंटनर

एजेंसी, ऑकलैंड



न्यूजीलैंड की सीमित ओवरों की टीम के कप्तान मिशेल सैंटनर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 23 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी।

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को कहा, "सैंटनर इस सप्ताह न्यूजीलैंड लौट आए हैं और आज सुबह एक विशेषज्ञ से मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें कम से कम एक महीने के आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की जरूरत है।" सैंटनर ने आईपीएल मैच के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सीएसके के कार्तिक शर्मा का डाइव लगाकर कैच लिया, लेकिन इस दौरान उनके कंधे और सिर में चोट लग गई। इस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एनजेडसी ने कहा, "दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में किया जाएगा।" न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच 27 मई को बेलफास्ट में शुरू होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और ट्रेंट ब्रिज (25-29 जून) में तीन टेस्ट मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य ने मैच प्वाइंट बचाकर भारत को चीनी ताइपे पर 1-0 की दिलाई बढ़त

एजेंसी, होर्सेंस (डेनमार्क)। स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुक्रवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच आपस में रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। इस मुकाबले में लंबी रैलियों, सटीक स्ट्रोकों और उतार-चढ़ाव से भरपूर रोमांचक द्वंद्व देखने को मिला। चोउ ने पहला गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद जीता, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने दबाव में शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने 13-17 से पीछे रहने के बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर लिया। चोउ को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन लक्ष्य ने अपना संयम बनाए रखा और दोनों को बचाकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में 36 वर्षीय चोउ शारीरिक रूप से कमजोर पड़ते नजर आए और लक्ष्य ने इंटरवल तक 11-7 की बढ़त के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इसके बाद भी उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और मैच जीतने में सफल रहे। भारत अपनी बढ़त को और मजबूत करने की कोशिश करेगा जब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का सामना चियू सियांग चिएह और वांग ची-लिन से होगा। (अनंत ज्ञान)

## धोनी की तरह पांच आईपीएल खिताब जीतना चाहता हूं: राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली



दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्पष्ट किया कि खिताब के बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों का कोई महत्व नहीं है और कहा कि उनकी दिली इच्छा महेंद्र सिंह धोनी के पांच आईपीएल खिताब की बराबरी करना है।

आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में हाल में धोनी से आगे निकलने वाले राहुल ने इस उपलब्धि को कम करके आंका और टीम को प्राथमिकता देने वाले अपने दृष्टिकोण को दोहराया। राहुल ने जिओस्टार से कहा, "मुझे तो पता भी नहीं चला कि मैं माही भाई से आगे निकल गया हूं। व्यक्तिगत उपलब्धियां अच्छी होती हैं। इनसे भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं, लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी धोनी जितनी ट्रॉफियां जीतने से होगी।" उन्होंने कहा, "क्रिकेट एक टीम खेल है। आप ट्रॉफी जीतना चाहते हैं। आप सफल टीमों का हिस्सा बनना चाहते हैं। यही हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है।" उन्होंने कहा, "मैंने इस बारे में सोचा है कि क्या मेरे पास आरसीबी के लिए कोई खास रणनीति है, लेकिन मुझे इसका जवाब नहीं मिला है। चिन्नास्वामी मेरे लिए बहुत खास है। मैं वहीं पला-बढ़ा हूं और जब भी मैं उस मैदान पर खेलता हूं तो कुछ अलग ही अहसास होता है।" राहुल ने कहा, "जब भी मैं चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलता हूं तो मैं कुछ अलग तरह से महसूस करता हूं। मैंने आरसीबी के खिलाफ ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी वहां अच्छा प्रदर्शन किया है। कुछ स्टेडियम आपको सकारात्मक माहौल देते हैं और आपको यह महसूस कराते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।" उन्होंने कहा, "वे किसी गेंदबाज की प्रतिष्ठा से नहीं डरते, फिर चाहे वह जसप्रीत बुमराह हों या पैट कमिंस।" (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट कनाडा ने मोंटी देसाई को बनाया राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच

एजेंसी, टोरंटो



क्रिकेट कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य देशों और विभिन्न फ्रेंचाइजी लीग के साथ काम करने वाले मोंटी देसाई को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कनाडा की टीम ने इस साल टी20 विश्व कप में भाग लिया था और उसने आईसीसी की प्रतियोगिताओं से पहले अपनी टीम को अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यह रणनीतिक कदम उठाया है।

क्रिकेट कनाडा के अध्यक्ष अरविंदर खोसा ने कहा, "हमारी प्राथमिकता अच्छा प्रदर्शन, पेशेवरपन और उद्देश्य की एक नई और जीवंत भावना से क्रिकेट कनाडा की प्रमुखता को बहाल करना है।"

उन्होंने कहा, "मोंटी देसाई की नियुक्ति इसी दृष्टिकोण को दर्शाती है। एसोसिएट देशों विशेष रूप से नेपाल और अफगानिस्तान के साथ उनका अनुभव, प्रभावी नेतृत्व, अनुशासन और एक स्पष्ट दीर्घकालिक योजना के माध्यम से टीमों को बदलने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित करता है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में टीम महत्वपूर्ण प्रगति करेगी।" देसाई अतीत में आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के साथ भी काम कर चुके हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग का 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। (अनंत ज्ञान)

## दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेगी भारत की 12 सदस्यीय टीम

एजेंसी, नई दिल्ली। कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के आठ सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होगी। इस स्पर्धा के फाइनल पांच मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल नौ मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था। दूसरे चरण की प्रतियोगिता के पहले दिन तीन भारतीय ओलंपियन हिस्सा लेंगे। इनमें पुरुष स्कीट स्पर्धा में मैराज अहमद खान और अनंतजीत सिंह नारुका तथा महिला स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों शामिल हैं। ये तीनों इस साल पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। भारत को इस प्रतियोगिता में इटली, फिनलैंड, डेनमार्क, चेक गणराज्य, साइप्रस, यूनान, पेरू और कतर जैसी मजबूत टीमों के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करना होगा। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप

## भारत ने मकाऊ को 8-1 से हराया

एजेंसी, नई दिल्ली



कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के चार गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया। भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा।

राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया, जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इक्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। भट्टी ने मैच के बाद कहा, "हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है।"

भारतीय आइस हॉकी संघ के महासचिव हरजिंदर सिंह ने टीम के प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम की प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा, "मकाऊ के खिलाफ जीत इस युवा भारतीय टीम की दृढ़ता का मजबूत संकेत है। टीम ने तीनों पीरियड में शानदार खेल का प्रदर्शन करके नियंत्रण बनाए रखा। इस जीत से न केवल उनके कौशल, बल्कि बढ़ती परिपक्वता और आत्मविश्वास का भी पता चलता है।" इस टूर्नामेंट में किर्गिस्तान, मंगोलिया, उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, मकाऊ (चीन) और भारत की आइस हॉकी टीमें भाग ले रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## इस साल के आखिर में टेनिस को अलविदा कह देंगे केई निशिकोरी

एजेंसी, टोक्यो



विश्व के पूर्व चौथे नंबर के खिलाड़ी और 2014 में यूएस ओपन के फाइनलिस्ट केई निशिकोरी ने गुरुवार को कहा कि वह इस टेनिस सत्र के आखिर में संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं।

जापान के 36 वर्षीय निशिकोरी दाहिने कंधे में दर्द के कारण जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले कई वर्षों से चोटों से जूझ रहे हैं और पिछले साल यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाए थे।

निशिकोरी ने 2007 में अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी तथा वह 2014 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इस तरह से वह किसी भी ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने थे। फाइनल में उन्हें क्रोएशिया के मारिन सिलिच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। निशिकोरी ने 2016 में रियो ओलंपिक में राफेल नडाल को तीन सेटों में हराकर कांस्य पदक जीता था।

निशिकोरी ने अपनी फिटनेस का जिक्र करते हुए एक्स पर कहा, "मैं मुश्किल से खेल में बना हुआ हूं। अब तक के सभी पलों को याद करते हुए मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैंने अपनी तरफ से पूरा प्रयास किया। मैं अपने करियर से वास्तव में खुश हूं।" (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं

# अब टीम की जीत ही सबसे बड़ी उपलब्धि: भुवनेश्वर

एजेंसी, अहमदाबाद



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था।" उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं।"

भुवनेश्वर ने कहा, "लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। टीम प्रबंधन ने मेरा हौसला बढ़ाया है।" आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई। भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा, "अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए।"

भुवनेश्वर ने आगे कहा, "हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी।"

गुजरात टाइटंस की तरफ से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने 29 रन देकर दो विकेट लेने के अलावा तीन कैच भी लिए। उन्होंने 12 रन भी बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, "जब हम नीलामी में जेसन को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे तो हमारा मकसद यही था कि वह बल्ले और गेंद दोनों की भूमिका निभा सकें। उन्होंने पिछले कुछ समय में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।" (अनंत ज्ञान)